सूर्योदय : 6:22
सूर्यास्त : 6:11
अधिकतम तापमान : 33.5
न्यूनतम : 20.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-262 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 14 मार्च 2026

24 रमज़ान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण

■ **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी ने जनता को किया समर्पित**

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री और स्थानीय सांसद राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में समता मूलक चौराहे से डालीगंज तक ग्रीन कॉरिडोर परियोजना का लोकार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने अगले चरण का शिलान्यास भी किया। शहर के झूलेलाल पार्क में आयोजित समारोह में प्रदेश के कई मंत्री, जनप्रतिनिधि और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान ग्रीन कॉरिडोर परियोजना को लखनऊ के यातायात को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। इस परियोजना के माध्यम से शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच आवागमन तेज और सुगम होगा, जिससे ट्रैफिक दबाव कम होने के साथ ही लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। गौरतलब है कि 100 करोड़ की लागत से ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के प्रथम चरण का लोकार्पण 11 मार्च, 2024 को किया गया था। 6.8 किलोमीटर लंबा ये पुल आईआईएम रोड से पक्का पुल तक बना था जबकि 299 करोड़ की लागत से आज परियोजना के द्वितीय चरण का लोकार्पण किया गया है। इस चरण के अंतर्गत डालीगंज से लेकर निशातगंज होते हुए समता मूलक चौक तक का हिस्सा आता है।



### विस्तार पर रक्षामंत्री की मोहर

गोमती नदी तट पर बनाए जा रहे ग्रीन कॉरिडोर का नैमिष नगर योजना तक विस्तार पर शुक्रवार को देश के रक्षा मंत्री और राजधानी के सांसद राजनाथ सिंह ने भी मोहर लगा दी। विस्तार होने के बाद ग्रीन कॉरिडोर एलडीए की नैमिष नगर योजना से सीधे जुड़ जाएगा। जिससे लाखों लोगों को आनाजाना आसान हो जाएगा। इसके लिए आईआईएम रोड पर गोमती नदी के बायें तट पर बनेगा। इसमें तीन किमी बंधा होगा और करीब सात किमी रोड बनेगी। एलडीए की बोर्ड बैठक में इसका प्रस्ताव दो महीने पहले पास हो चुका है और दो सप्ताह पहले शासन ने करीब 88 करोड़ रुपये का बजट भी पास कर दिया है।

## योगी जी ने माफिया को सही किया, लोग इनको 'बुलडोजर बाबा' कहते हैं

■ **ग्रीन कॉरिडोर के लोकार्पण पर बोले राजनाथ सिंह**

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, योगी जी को लोग बुलडोजर बाबा के नाम से जानते हैं। इन्होंने माफियाओं को सही कर दिया। बुलडोजर सिर्फ तोड़ने का ही नहीं। नए विकास की जमीन भी तैयार करता है। कुछ ही दिनों में लखनऊ से कानपुर की यात्रा 35 से 45 मिनट में पूरी हो सकेगी। यह नया अध्याय होगा। डिफेंस सेक्टर में भी लखनऊ पीछे नहीं है।

ब्रह्मोस, एयरो स्पेस से संबंधित काम भी लखनऊ में होगा। ब्रह्मोस से हमने आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। अगर उन्होंने दोबारा कभी ऐसा करने का सोचा तो वह इससे कभी उबर नहीं पाएंगे। ब्रह्मोस की टेस्टिंग, इंटीग्रेशन फैसिलिटी का काम अब लखनऊ में होगा। लखनऊ देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती देने का काम हो रहा है। इस महीने के अंत या अप्रैल महीने की शुरुआत में ही लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे शुरू होने से दोनों शहरों के बीच की दूरी मात्र 40 मिनट के बीच तय हो सकेगी।

### कब्जा हटाकर उसी पैसे का प्रोजेक्ट बना : योगी

सीएम योगी ने कहा, प्रशासन की जिस जमीन पर अतिक्रमण किया गया था, उसी जमीन से कब्जा हटाकर उसी पैसे का प्रोजेक्ट बनाया गया। इसमें शासन ने प्राधिकरण को पैसा नहीं दिया है। लखनऊ एआई सिटी के रूप में विकसित होगा। सरकार ने इसके लिए भी धन की व्यवस्था कर ली है।

## पीएम मोदी ने जारी की किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त

■ **9.3 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में आए 2000 रुपये**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 22वीं किस्त जारी कर दी। इस किस्त के तहत देश भर के 9.3 करोड़ से अधिक किसान परिवारों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 18,640 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि सीधे भेजी गई है। इस योजना के तहत पात्र किसानों को प्रत्येक किस्त में 2,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है, जो सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के गुवाहाटी से इस किस्त को जारी किया।

सरकार के अनुसार इस बार करीब 9.32 करोड़ किसान परिवारों को इसका लाभ मिला है। यह राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी गई है, जिससे उन्हें खेती और घरेलू जरूरतों को पूरा करने में मदद मिल सके।



पीएम-किसान योजना का उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत किसानों को हर साल कुल 6,000 रुपए की सहायता दी जाती है, जो तीन समान किस्तों में सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर की जाती है। सरकार का मानना है कि समय पर मिलने वाली यह राशि किसानों को बीज, खाद, कीटनाशक और अन्य कृषि जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है। किस्त जारी होने के बाद किसानों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर सरकार की ओर से संदेश भेजा जाता है। इसके अलावा बैंक की ओर से भी ट्रांजैक्शन से संबंधित मैसेज प्राप्त होता है।




## नारे लगाने से कोई फायदा नहीं होता

■ **अगर नेहरू जीवित होते तो कांशीराम यूपी के मुख्यमंत्री होते : राहुल गांधी**

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि केवल 'राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारे लगाने से कोई फायदा नहीं होता। बदलाव तब आता है जब व्यक्ति यह ठान ले कि जो गलत हो रहा है उसे वह स्वीकार नहीं करेगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित पार्टी के कार्यक्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाषण देने से पहले वह सोच रहे थे कि बी आर अंबेडकर शिक्षा और संगठन की बात करते थे। आज लोग कांशी राम को याद करते हैं, लेकिन समाज को 15 और 85 में बांट दिया गया है। उन्होने आरोप लगाया कि इसका फायदा केवल 15 प्रतिशत लोगों को मिल रहा है, जबकि बाकी 50 प्रतिशत समाज को अलग-अलग कर दिया गया है।



राहुल गांधी ने कहा कि अगर जवाहरलाल नेहरू आज जीवित होते तो कांशीराम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होते। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में बताया जा रहा है और उनकी बेटी की कंपनी में जॉर्ज सोरोस की फंडिंग का भी उल्लेख किया गया है।

राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि जब कांग्रेस का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन हुआ था, तब उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सीटें घटकर 36 रह गई थीं, जबकि महागठबंधन ने 43 सीटों पर जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा कि यही सफलता महागठबंधन 2027 के विधानसभा चुनाव में भी दोहराना चाहता है।

## चार राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा जल्द

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल समेत तीन राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में चुनावी बिगुल किसी भी वक्त बज सकता है। निर्वाचन आयोग 15 मार्च से पहले चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक, बंगाल की 294 सीटों पर इस बार दो चरणों में मतदान कराए जाने की संभावना है।

आयोग का मानना है, कम चरणों से उपद्रवियों को एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में जाने का मौका नहीं मिलेगा, जिससे हिंसा पर लगाम लगेगी। राज्य सरकार ने पहली बार आयोग के निर्देश पर 152 सीटों पर वरिष्ठ एसडीएम स्तर के अधिकारियों को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। डीएम और एसपी की भूमिका सीमित कर सुरक्षाबलों की तैनाती का जिम्मा केंद्रीय पर्यवेक्षकों को सौंपा गया है। वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति से प्रक्रिया सुचारू होगी। विपक्षी दलों की शिकायतों और सुरक्षा बलों के सुझावों के बाद आयोग ने यह प्लान तैयार किया है।

## कांग्रेस ने स्वार्थ में समझौते किए

■ **असम में बोले पीएम मोदी, इन पहाड़ियों में बम-बंदूक की ही गूंज सुनाई देती थी**

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को चुनावों की दहलीज पर खड़े पूर्वोत्तर राज्य के दौरे पर पहुंचे। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभा चुनावों से पहले असम के कोकराझार जिले में 4,570 करोड़ रुपये से ज़्यादा की परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन किया। खराब मौसम की वजह से वह कोकराझार नहीं पहुंच सके। उन्होंने गुवाहाटी से लोगों को वर्चुअली संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि बीजेपी ने इस क्षेत्र में लंबे समय तक चलने वाली शांति सुनिश्चित की, जबकि कांग्रेस ने 'स्वार्थी हितों' के लिए कई समझौते किए। पीएम मोदी ने कहा कि कोकराझार सहित इस पूरे क्षेत्र ने बीते दशकों में बहुत कुछ सहा था, बहुत कुछ खोया था।

पीएम मोदी ने कहा कि मैं दिल्ली से निकला था आपके पास आने के लिए, लेकिन मुझे गुवाहाटी में ही उतरना पड़ा और अब मैं यहां से आपके दर्शन भी कर रहा हूं। मौसम खराब होने की वजह से मैं कोकराझार नहीं आ पा रहा हूं। मैं आपका क्षमाप्रार्थी हूं। पीएम ने कहा कि दशकों तक बोडोलैंड का ये क्षेत्र कांग्रेस के विश्वासघात का साक्षी रहा है। बोडोलैंड की अनेक पीढ़ियों को कांग्रेस ने झूठे सपनों में उलझाए रखा। दिल्ली में बैठी कांग्रेस की सरकारों ने सिर्फ दिखावे के लिए कागजी समझौते किए। मोदी ने आगे कहा कि जब आपने देश और असम दोनों जगह से कांग्रेस को खदेड़ा और भाजपा-एनडीए को अवसर दिया, तो हमने ईमानदारी से प्रयास शुरू किए। कांग्रेस अपनी स्वार्थी राजनीति के लिए अलग-अलग समुदायों में फूट डाल देती थी।



### राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाला

पीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 'मूल निवासियों की ज़मीन घुसपैठियों को सौंपकर' राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ किया। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले चुनावों में कांग्रेस को सज़ा दें और एक साफ संदेश दें कि इस देश में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है।

## गैस की कमी नहीं तो नेता दिलाएं सिलेंडर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जारी रसोई गैस सिलेंडर के संकट के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश में रसोई गैस की किल्लत को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा के नेता यह दावा कर रहे हैं कि गैस की कोई कमी नहीं है, तो फिर उनके मंत्री, सांसद, विधायक, पार्षद और कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर गैस एजेंसियों से लोगों को सिलेंडर क्यों नहीं दिलवा रहे हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करने वाले भाजपा नेता इस संकट के समय भूमिगत क्यों हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को अपने ठिकानों से बाहर निकलकर जनता के बीच जाना चाहिए और लोगों को गैस उपलब्ध कराने में मदद करनी चाहिए। उन्होने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या अब जनता भाजपा नेताओं के घरों, कार्यालयों या प्रतिष्ठानों का घेराव करे।



■ **अखिलेश यादव का सरकार पर तंज**

उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी किसी चीज की किल्लत बढ़ती है, भाजपा उसे नकारने लगती है और वास्तविक समस्या से ध्यान हटाने की कोशिश करती है। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा आपदा के समय भी कालाबाजारी को बढ़ावा देने वाली परिस्थितियां पैदा करती है। सरकार की गलतियों का खामियाजा जनता को क्यों भुगतना पड़े।

### संकट को स्वीकार नहीं करती भाजपा

सपा प्रमुख ने कहा कि कोरोना काल में ऑक्सीजन गैस की कमी से लेकर आज रसोई गैस और खाद की किल्लत तक, भाजपा की यही प्रवृत्ति रही है कि संकट को स्वीकार करने के बजाय उसे झुठलाया जाए।

## एलपीजी संकट : सरकार जवाब दे रही, लेकिन सुनने को तैयार नहीं

■ **लोकसभा में विपक्ष के हंगामे पर भड़कीं वित्त मंत्री सीतारमण**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में एलपीजी और संभावित ऊर्जा संकट के मुद्दे पर चर्चा के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार देश में किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन विपक्ष संसद में गंभीर चर्चा सुनने के बजाय हंगामा करने में लगा हुआ है।

लोकसभा में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि यह विडंबना है कि जब सरकार सप्लाई चेन में संभावित रुकावटों और एलपीजी की उपलब्धता जैसे अहम मुद्दों पर अपनी तैयारी बता रही है, तब भी विपक्ष उनका जवाब सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, 'वे अपना ही एजेंडा चलाना चाहते हैं। संसद की सीढ़ियों पर बैठकर चाय पीते हैं और एलपीजी के बारे में बातें करते हैं। यही है हमारा विपक्ष।'



लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्ष के हंगामे की निंदा करते हुए, 'अन्य देशों की स्थितियों के कारण भारत में कुछ मुश्किलें आई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार कदम उठा रही है। फंड उपलब्ध कराने से लेकर अन्य तैयारियों को लेकर त्वरित कदम उठाए जा रहे हैं। लेकिन विपक्ष जनता को उम्मीद न देकर गैरजिम्मेदाराना व्यवहार कर रहा है। हमको इसकी निंदा करनी चाहिए।'

उन्होंने कहा कि दूसरे देशों के कारण आई मुश्किल में सभी दलों को पार्टी की रूपरेखा से ऊपर उठकर देशहित में एक साथ आना चाहिए था और सरकार का साथ देते हुए जनता के बीच उम्मीद जगानी थी। नागरिकों को परेशानी न हो, प्रधानमंत्री मोदी पूरी ताकत के साथ उसके लिए मेहनत कर रहे हैं। मगर विपक्ष के सदस्यों ने सिर्फ हंगामे को ही अपना काम मान लिया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

### मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ विपक्ष का महाभियोग नोटिस



**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ पद से हटाने के लिए महाभियोग प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में सौंप दिया है। सूत्रों के मुताबिक इस नोटिस पर लोकसभा के लगभग 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। एक वरिष्ठ सांसद के अनुसार हस्ताक्षर करने वालों में इंडिया गठबंधन के लगभग सभी घटक दलों के सांसद शामिल हैं। आम आदमी पार्टी के सांसदों ने भी इस पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि पार्टी अब औपचारिक रूप से विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं है।

**सही फैसला** जंग के बीच युद्धपोत लावन को भारत ने दिया सहारा

# 183 ईरानी नाविकों की होगी स्वदेश वापसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार कोच्चि में लंगर डाले ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस लावन के 183 क्रू सदस्यों को वापस भेजने की तैयारी कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, इन नाविकों का कोच्चि में ठहराव अब समाप्त होने वाला है। यह युद्धपोत 4 मार्च को कोच्चि बंदरगाह पर पहुंचा था और तब से इसके क्रू सदस्यों को शहर में भारतीय नौसेना की सुविधाओं में रखा गया था।

दरअसल आईआरआईएस लावन उस ईरानी नौसेना टुकड़ी का हिस्सा था जिसने फरवरी में विशाखापत्तनम में आयोजित नौसैनिक अभ्यास और इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में भाग लिया था। हिंद महासागर में संचालन के दौरान इस जहाज में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके बाद ईरान ने भारत से अपने तीन नौसैनिक जहाजों- आईआरआईएस लावन,



आईआरआईएस बुशहर और आईआरआईएस डेना को बंदरगाह पर लाने की अनुमति मांगी थी।

यह अनुरोध ऐसे समय किया गया था जब अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर हमले शुरू होने के कारण क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया था। भारत ने 1 मार्च को मानवीय आधार पर इस अनुरोध को मंजूरी दे दी थी। हालांकि तीनों जहाजों में से केवल लावन ही भारत के बंदरगाह तक पहुंच पाया और 4 मार्च को कोच्चि में लंगर डाला। दूसरा जहाज बुशहर श्रीलंका में लंगर डाले हुए है, जहां उसके क्रू सदस्यों को अस्थायी रूप से आश्रय दिया गया है। वहीं तीसरा जहाज डेना उसी दिन श्रीलंका के तट से दूर अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक अमेरिकी पनडुब्बी के हमले में डुबो दिया गया, जिससे भारी जान-माल का नुकसान हुआ। इस मामले पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद में कहा कि लावन को भारतीय बंदरगाह पर आने की अनुमति देना पूरी तरह मानवीय आधार पर लिया गया फैसला था। ईरान के विदेश मंत्री ने इस फैसले के लिए भारत का आभार व्यक्त किया है।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच चौथी बार हुई जयशंकर-अराघची की बातचीत



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से बात की। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद यह दोनों नेताओं की चौथी बातचीत थी।

जयशंकर और अराघची के बीच यह बातचीत ऐसे समय हुई, जब होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे 28 व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच बीती देर रात फोन पर बातचीत हुई। पश्चिम एशिया में गहराते संकट के बीच बीती 5 मार्च और फिर 10 मार्च को भी दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई थी। बीते करीब 15 दिनों में दोनों के बीच गुरुवार देर रात को चौथी बार बात हुई है।

## स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरेंगे भारत के टैंकर

■ **ईरान ने कर दिया एलान, भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत**

**नई दिल्ली।** एक दिन पहले पीएम नरेन्द्र मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के बीच हुई वार्ता और पिछले कुछ दिनों के भीतर ईरान के विदेश मंत्री से भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की चार बार टेलीफोन पर की गई बातचीत का असर दिखने लगा है।

ईरान की तरफ से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते भारतीय जहाजों को निकलने का रास्ता मिल सकता है। इस बात के संकेत नई दिल्ली में ईरान के राजदूत मोहम्मद फताली ने दी है। एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद मीडिया ने इस बारे में जब उनसे पूछा गया कि क्या भारतीय जहाजों को जाने का रास्ता ईरान देगा तो फताली ने कहा कि, 'हां-हां, आप लोग अगले दो-तीन घंटों में ऐसा होता देखेंगे। भारत हमारा मित्र है और हम एक समान हितों के लिए काम करते हैं। दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों मे सहयोग होगा।'' ईरान के राजदूत फातेही को यहां अंतरराष्ट्रीय कुदस दिवस कांफ्रेंस में विशेष अतिथि के तौर पर बुलाया गया था।फातेही ने इस कांफ्रेंस के बाद पत्रकारों से बात की। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और ईरान के बीच काफी अच्छे संबंध हैं। एक दिन पहले ही दोनों देशों के उच्चपदस्थ अधिकारियों के बीच बातचीत हुई है। उन्होंने कहा, 'हम अल्लाह से प्रार्थना करते हैं कि वह हर तरह की परेशानियों को दूर करे। जहां तक भारतीय जहाजों को अनुमति देने की बात है तो आप इस बारे में जल्द ही अच्छी खबर सुनेंगे।' गुरुवार देर शाम पीएम मोदी की राष्ट्रपति पेजेशकियन से हुई वार्ता में भी भारत की तरफ से ऊर्जा सुरक्षा और ईरान में रहने वाले अपने नागरिकों की सुरक्षा का मसला उठाया गया था।



### ईरान की अमेरिका को चेतावनी

ईरान ने चेतावनी दी है कि वह अमेरिका या उसे सहयोग करने वाले किसी भी देश के जहाज को वहां से गुजरने नहीं देगा। अभी तक आधे दर्जन जहाजों पर हमले भी हुए हैं। इसकी वजह से भारत समेत तकरीबन सभी एशियाई देशों में ऊर्जा संकट महसूस किया जा रहा है। कच्चे तेल व प्राकृतिक गैस की कीमतों पिछले दस दिनों में काफी बढ़ चुकी हैं।

# जिलाधिकारी ने गैस एजेंसियों पर लेखपालों की ड्यूटी लगाने के दिए हैं निर्देश

## गैस एजेंसियों पर लेखपालों की ड्यूटी वितरण में हो पूर्ण पारदर्शिता

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में है। शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने गैस एजेंसी संचालकों, ऑयल कंपनियों के सेल्स ऑफिसरों, पेट्रोल पंप मालिकों और रेस्टोरेंट कारोबारियों के साथ बैठक कर व्यवस्था को पारदर्शी रखने के लिए सख्त निर्देश जारी किए। बैठक का संचालन डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि उपभोक्ताओं को नियमानुसार घरेलू सिलेंडर उपलब्ध कराना प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। जिले में गैस, डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। यदि कहीं भी जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि तय बुकिंग सिस्टम का शत-प्रतिशत



पालन सुनिश्चित किया जाए और उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुसार ही सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं उन्होंने कहा कि सभी एजेंसियां अपने प्रतिष्ठान और गोदाम पर स्पष्ट नोटिस चस्पा करें, जिसमें लिखा हो कि हमारे पास पर्याप्त गैस उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस उपलब्ध कराई जाएगी। हेल्पलाइन नंबर हर समय सक्रिय रखें और आने वाली कॉल्स को अटेंड कर उपभोक्ताओं को जरूरी जानकारी व सहायता उपलब्ध कराएं। साथ ही एजेंसियों की नियमित जांच कर यह सुनिश्चित करें कि भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन हो रहा है डीएम ने कहा कि गैस एजेंसी के कर्मचारी उपभोक्ताओं से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को कॉमर्सियल सिलेंडर के बजाय वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का ही उपयोग करने के निर्देश भी दिए। डीएम ने स्पष्ट किया कि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। व्यवस्था में गड़बड़ी मिलने पर सख्त कार्रवाई से पीछे नहीं हटेंगे गैस वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अहम कदम उठाया है। उन्होंने विभिन्न गैस एजेंसियों पर लेखपालों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। लेखपाल अपनी निगरानी में उपभोक्ताओं को पारदर्शी तरीके से सिलेंडर वितरण कराएंगे और पूरी व्यवस्था पर नजर रखेंगे। वितरण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक निगरानी के बीच गैस एजेंसियों को नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा।

# अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न

## डीएम और एसपी की अगुवाई में शहर और खीरी टाउन में पेट्रोलिंग



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** जिलेभर में अलविदा जुमे की नमाज शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिला प्रशासन ने इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए थे और पूरी तरह अलर्ट पर था। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ ख्याति गर्ग, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, सीओ विवेक तिवारी एवं पुलिस बल संग शहर और खीरी टाउन में पेट्रोलिंग की प्रशासन की ओर से प्रमुख मस्जिदों सहित सभी स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासन ने हर छोटे-बड़े स्थल पर ट्रैफिक नियंत्रण के इंतजाम भी कड़े किए अलविदा जुमे के दृष्टिगत जिले की सभी तहसीलों में एसडीएम व सीओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर गहन पेट्रोलिंग की। प्रमुख मस्जिदों और नमाज स्थलों पर सुरक्षा का कड़ा इंतजाम किया गया, साथ ही ट्रैफिक और भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया गया। इस व्यापक व्यवस्था से यह सुनिश्चित हुआ कि नमाजियों के लिए सुरक्षित, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण बना रहे और जिले में शांति और अनुशासन सर्वोपरि रहे।

# छत के कुंडे से लटकता मिला युवती का शव

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** घर के कमरे में छत के कुंडे से युवती का शव लटकता मिला। शुक्रवार सुबह परिजनो की सूचना पर पहुंची मितौली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मितौली थाना क्षेत्र के रतहरा में शुक्रवार सुबह रामसागर की 18 वर्षीय बेटी शिवानी का शव कमरे की छत के कुंडे में रस्सी के फंदे से लटकता मिला। रामसागर ने बताया कि शिवानी की सगाई हो गयी थी थाना क्षेत्र के गांव गनेशपुर के प्रमोद के बेटे कुलवंत के साथ हो चुकी थी। शादी 27 अप्रैल को नियत थी।

# दुधवा ग्वारीफंटा मार्ग पर वाहन की टक्कर से साही की मौत

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** दुधवा नेशनल पार्क में तेज रफ्तार से संचालित होने वाले वाहनों से वन्य जीवों को मरना लगातार जारी है। सुहेली नदी के पुल के पास एक अज्ञात वाहन से एक साही की मौत हो गई थी। इसके अतिरिक्त कई बंदरों की मौते भी वाहनों के नीचे आने से हो चुकी है। बताते चले वन विभाग ने जंगल से गुजरने वाले वाहनों की मॉनिटरिंग के लिए तीन बैरियर लगा रखे हैं और वाहनों की अधिकतम 30 किलो मीटर निर्धारित कर रखी है। बैरियर पर तैनात कर्मचारी सिर्फ खाना पूर्ति के लिए बैरियर पर बैठे रहते है और अवैध वसूली को अंजाम देते हैं। इसी क्रम में एक बार फिर गुरुवार को दुधवा ग्वारीफंटा मार्ग पर एक वाहन की टक्कर से साही की मौत हो गई। जिसका वन विभाग ने संज्ञान लेना भी उचित नही समझा।

# जल्द ही सुचारु कर दी जाएगी गैस सिलेंडर डिलीवरी: मैनेजर



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** नजीबाबाद में एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर अफवाह का बाजार गर्म है लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है जैसा जनता ने समझा हुआ है। इंडियन गैस एजेंसी के मैनेजर खेमचंद ने बताया कि जमाखोरी के कारण थोड़ी दिक्कतें परेशानी आ रही है नहीं तो प्रतिदिन गोदाम से गैस वितरित की जा रही है कहीं कोई समस्या नहीं है, जनता परेशान ना हो और रही बात बुकिंग नंबर की तो अभी सॉफ्टवेयर अपडेट हो रहा है इसलिए बुकिंग में देरी हो रही है या नंबर बंद हो रहा है परंतु ज्यादातर बुकिंग रात में हो रही है, जैसे ही सॉफ्टवेयर अपडेट हो जाएगा सेवाएं तो चालू हो जाएंगी। वहीं उन्होंने कहा कि ईद और होली पहले भी आई है जमाखोरी की वजह से थोड़ी सी दिक्कतें परेशानी है बाकी सब कुछ ठीक है और जल्द ही घर-घर गैस सेवा सुचारू रूप से चालू कर दी जाएगी। उन्होंने नजीबाबाद की जनता से अपील कर कहा कि थोड़ा धैर्य रखें सब ठीक हो जाएगा।

# आज़ाद समाज कार्यालय पर हुई पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** नजीबाबाद मोटा आम स्थित कैम्प कार्यालय पर आज़ाद समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 15 मार्च को बिजनौर में मान्यवर कांशीराम जी की जयंती के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में चेयरमैन साहनपुर एवं मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर उसे ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीम सेन हल्दिया, भीम आर्मी ज़िला अध्यक्ष प्रशांत महासागर, नजीबाबाद विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, अयाज़ अंसारी, सुखबीर प्रधान, ओमवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, वाजिद मकरानी, साबू प्रधान, सभासद अच्छन राईन, शमशीद प्रधान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनपद स्तरीय जूनियर वर्ग खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद बिजनौर में वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न खेलों की जनपद स्तरीय जूनियर वर्ग (बालक/बालिका) प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला खेल कार्यालय बिजनौर द्वारा किया जा रहा है। यह प्रतियोगिताएं विभिन्न तिथियों में आयोजित होंगी, जिनमें जनपद के खिलाड़ी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला खेल कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैडमिंटन तथा शूटिंग प्रतियोगिताएं 14 मार्च 2026 को आयोजित होंगी। वहीं वालीबॉल, हैंडबाल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी तथा भारोत्तोलन प्रतियोगिताएं 17 मार्च 2026 को संपन्न कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त एथलेटिक्स, कबड्डी तथा कुश्ती प्रतियोगिताएं 18 मार्च 2026 को आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित तिथियों पर प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं।

प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन हेतु विभिन्न खेलों के प्रभारी अधिकारियों एवं संघ पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला खेल अधिकारी ने जनपद के सभी खिलाड़ियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करें तथा जनपद का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन करें।

# नगर की स्वच्छता और सुंदरता हमारी प्राथमिकताः फात्मा रज़ा

## पालिकाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को किया रवाना सफाई व्यवस्था हेतु 75 लाख से ऊपर के खरीदे गए वाहन

*अवधनामा संवाददाता*



**बदायूं।** सदर नगर पालिका द्वारा क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु 75 लाख रुपए से ऊपर की वाहन खरीद की गई है।इन वाहनों को जनहित कार्य हेतु पालिका अध्यक्ष द्वारा शुक्रवार को पालिका प्रांगण से

हरी झंडी दिखाकर रवाना कर दिया गया।इन वाहनों में पांच ट्रैक्टर समेत एक जेसीबी शामिल है। पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वाहन 76 लाख 50 हजार की लागत से खरीदे गए हैं। उन्होंने कहा कि इन वाहनों से बड़े नालों और नालियों की सफाई भी अधिक सुचारू रूप से हो सकेगी। उन्होंने कहा कि नगर की स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है,और इसके लिए हर संभव संसाधन जुटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन वाहनों से सफाई कर्मियों को कार्य में आसानी के साथ-साथ कूड़े के ढेरों को उठाने में राहत मिलेगी। इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना, राजस्व निरीक्षक लवी कुमार तथा राजेन्द्र सिंह,मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यव,सफाई निरीक्षक केशव गंगवार,शरीफ अहमद, जहाँगीर, महेश बाबू,निर्माण लिपिक सचिन सक्सेना, नवैद इकबाल गनी, मनोज सोनकर, इमरान सहित पालिका का सभी स्टाफ मौजूद रहा।

# दुस्साहसः एचपीसीएल के प्लांट में, दो लोगों के हत्यारोपी ने पुलिस पर की फायरिंग

## पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के दोनों पैरों में लगी गोली



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** थाना मुसाझाग क्षेत्र के ग्राम सैजनी में एचपीसीएल प्लांट पर बृहस्पतिवार को हुए दोहरे हत्याकांड के बाद पुलिस पकड़ में आए आरोपी द्वारा पुलिस को तमंचा बरामदगी कराते समय,पुलिस पर फायरिंग कर दी गई जिसमें एक पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया जिसके बाद पुलिस की ओर से आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में आरोपी के दोनों पैरों में पुलिस की गोली लगी है।

विदित हो कि थाना मूसाझाग क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सैंजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट के अन्दर घुसकर बृहस्पतिवार को हमला वर द्वारा प्लांट के प्रबंधक सुधीर गुप्ता(58)पुत्र दयाकिशन निवासी बी-1/वृंदावन रेजिडेंसी बरेली तथा हर्षित मिश्रा(34) पुत्र सुशील कुमार को गोली मार दी गई थी। घटना के बाद चिकित्सकों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था। घटना के मुकदमे में,वादी मुकदमा एचपीसीएल के कर्मी जीशान अंसारी द्वारा प्लांट के पूर्व कर्मी अजय प्रताप सिंह को नामजद किया गया था। नामजद को पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार को ही गिरफ्तार कर लिया गया था।घटना की सूचना पर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय साहनी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थानीय पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार रात्रि में पुलिस पूछताछ के दौरान अभियुक्त अजय प्रताप सिह पुत्र राजेश कुमार सिह की निशांदेही पर पुलिस घटना में प्रयुक्त आला कत्ल तमंचा बरामदगी को अभियुक्त के बताए गए स्थान पर पहुंची थी इसी दौरान अभियुक्त द्वारा छिपाये हुये तमंचे से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त की ओर से की गई फायरिंग में एक कांस्टेबल ओमवीर घायल हो गया। पुलिस की ओर से की गई आत्मरक्षार्थ फायरिंग में अभियुक्त के दोनों पैरों में गोली लगने की बात पुलिस द्वारा कही गई है। दोनों घायलों को पुलिस द्वारा इलाज हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह द्वारा बृहस्पतिवार देर रात्रि में इंस्पेक्टर मूसाझाग अजय कुमार को निलंबित कर दिया गया है।उनके स्थान पर एसएसपी के पीआरओ वीरेंद्र तोमर को थाना मूसाझाग के प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# जनगणना 2027 के लिए फील्ड ट्रेनर्स को दी गई ट्रेंनिग

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में जनगणना हेतु फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम दूसरे दिन भी बदस्तूर जारी रहा।

डायट ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में जनगणना 2027 के लिए जनपद स्तरीय फील्ड ट्रेनर्स को ट्रेनिंग दी गई। शुक्रवार को प्रथम बैच की ट्रेनिंग का दूसरा दिवस था। ट्रेनिंग कार्यक्रम 14 मार्च तक चलेगा।इस जनगणना हेतु स्व-गणना पद्धति के तहत सामान्य परिवारों को यह सुविधा दी गई है कि वे सुरक्षित वेब पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जनगणना अनुसूची भर सकेंगे।द्वितीय बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 से 18 तथा तृतीय बैच का 23 से 25 मार्च तक निर्धारित किया गया है।जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि जनगणना एक सांविधिक गतिविधि है जो कि संघ सूची अनुच्छेद 246 तथा





जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत संचालित की जाती है। जनगणना 2027, 1872 से 16वीं तथा स्वतंत्रता के पश्चात 8वीं जनगणना है।

इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी,कर्मचारी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# पार्षद टिंकू अरोड़ा ने मुस्लिम भाईयों का स्वागत कर दी मुबारकबाद



**सहारनपुर।** जामा मस्जिद पर अलविदा जुम्मे की नमाज अदा करने आए सभी मुस्लिम भाईयों और शाही इमाम को वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद टिंकू अरोड़ा ने उनका स्वागत कर मुबारकबाद दी।ईद उल फितर का त्यौहार आने वाला है और आज रमजान माह का चौथा जुम्मा था। जिसे इस्लाम धर्म के धर्म गुरुओं द्वारा अलविदा जुम्मा घोषित किया गया। इस मौके पर सहारनपुर नगर की जामा मस्जिद में सहारनपुर नगर के अलग-अलग इलाकों से लोग जुमे श्की नमाज अदा करने आते हैं। आज वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने जामा मस्जिद के शाही इमाम साहब को अलविदा जुमे की मुबारकबाद दी और नमाज अदा करके जाने वाले सहारनपुर नगर के सम्मानित नागरिकों को गले मिलकर और हाथ मिलाकर अलविदा जुमे की मुबारकबाद दी। टिंकू अरोड़ा ने कहा सहारनपुर नगर बाबा लाल दास और हाजी शाह कमाल की पावन धरती है। यहां सभी वर्ग के लोग एक दूसरे के त्योहारों को मिलजुल कर बनाते हैं और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। टिंकू अरोड़ा ने आने वाले ईद के त्यौहार की और अलविदा जुमे की सभी को मुबारकबाद दी। इस मौके पर जामा मस्जिद के प्रबंधक मौलवी फरीद, पार्षद नदीम अंसारी, शुभम वर्मा, रवि यादव, ओमपाल पांचाल, सरफराज अहमद समेत भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अलविदा जुमे की नमाज अदा कर देश में अमनों चैन की मांगी दुआ

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मुकद्दस रमजान के अलविदा जुमे की नमाज आज शांति पूर्ण ढंग से अदा की गई। इस दौरान नमाजियों ने नमाज अदा कर देश में अमानो चैन खुशहाली की दुआएं मांगी। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

नगर की प्रमुख जामा मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। नमाज के दृष्टिगत मस्जिद परिसर के आसपास भारी पुलिस व्यवस्था की गई थी। नमाज को शांतिपूर्ण अदा कराने के लिए नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह और पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली हुई थी।

दोपहर 1:00 बजे मस्जिद के इमाम कारी अरशद गोरा की



अगुवाई में नमाज अदा की गई। इस दौरान नमाजियों ने देश में खुशहाली और अमनो चैन की दुआएं मांगी। नमाज के बाद कारी अरशद गोरा ने रमजान माह का महत्व बताते हुए कहा कि मुकद्दस रमजान माह खुदा की इबादत का सबसे अच्छा महीना होता है। इसमें खुदा की इबादत करने पर हमारे सभी गुनाह माफ हो जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अधिक से अधिक रोजे रखे और जरूरतमंदों की मदद करें। उन्होंने कहा कि रमजान माह में जकात, फितरा,सदका अवश्य निकालें और गरीबों की अधिक से अधिक मदद करें। इसके अलावा समस्त मस्जिदों में नमाजियों ने जुमे की नमाज अदा कर अमनो चैन और खुशहाली की दुआं मांगी। नमाज के बाद लोगों ने जमकर खरीदारी भी की।

सहारनपुर जामा मस्जिद पर अलविदा जुम्मे की नमाज अदा करने आए सभी मुस्लिम भाइयों और शाही इमाम को वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद टिंकू अरोड़ा ने उनका स्वागत कर मुबारकबाद दी। इस मौके पर जामा मस्जिद के प्रबंधक मौलवी फरीद साहब, पार्षद नदीम अंसारी, शुभम वर्मा, रवि यादव, ओमपाल पांचाल, सरफराज अहमद समेत भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत जनपद में 16 मार्च तक धारा 163 लागू

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने कहा कि उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा के आयोजन के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद में निषेधात्मक आज्ञा लागू की है। मनीष बंसल ने इस आश्य के आदेश जारी करते हुए कहा कि जनपद में 14 एवं 15 मार्च 2026 को उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी, जिसके दृष्टिगत परीक्षार्थियों, अभ्यर्थियों एवं परीक्षा कार्य में लगे अधिकारियों तथा कर्मचारियों के अलावा परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में चार से अधिक व्यक्ति किसी भी स्थान पर न तो एकत्रित होंगे और नही समूह में विचरण करेंगे। परीक्षा केन्द्रों से न्यूनतम 200 मीटर की परिधि में फोटो कॉपियर एवं स्कैनर का संचालन परीक्षा अवधि में पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास परीक्षावधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित किया गया है।

परीक्षा के दृष्टिगत समाज विरोधी तत्वों एवं परीक्षा केन्द्रों के आस-पास नकल गति विधियों में संलिप्त बाह्य व्यक्तियों को प्रतिबंधित किया गया है। आदेश का उल्लंघन होने पर विधिक कार्यवाही करते हुए दण्डित किया जाएगा। परीक्षा केन्द्रों पर तैनात केन्द्र अधीक्षक/सह केन्द्र अधीक्षक व अध्यापक सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा अवधि में किसी व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा परीक्षा से सम्बद्ध किसी कार्मिकों के प्रति अपराधिक/धमकी भरे व्यवहार किये जाने पर तत्काल संबंधित मजिस्ट्रेट को सूचित करेंगे। परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा केन्द्र परिसर के अन्दर फोन, पेजर या अन्य कोई इलेक्ट्रानिक वस्तु लाने व ले जाने को प्रतिबंधित किया गया है जब तक कि इस प्रकार की कोई सामग्री परीक्षा केन्द्र के अन्दर लाने की अनुमन्यता न हो।

# जुमे की नमाज़ के बाद यौमुल क़ुद्स का जलसा हुआ आयोजित, अमेरिका इस्राइल के ख़िलाफ़ आवाज़ हुई बुलंद

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** अलविदा जुमे की नमाज़ के बाद शिया जामा मस्जिद, दारानगर में यौमुल क़ुद्स मनाया गया। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में पहले इमामे जुमा मौलाना ज़फ़र हुसैनी साहब की क़यादत में अलविदा जुमे की नमाज़ अदा की गई और बाद में मौलाना की सदारत में ही हुए इस जलसे का आग़ाज़ क़ुरआन पाक की तिलावत से क़ारी इमाम अली ने किया। डॉक्टर शफ़ीक़ हैदर ने जलसे की निज़ामत करते हुए कहा कि मौला अली का फ़रमान है कि ज़ालिमों के ख़िलाफ़ हो जाओ और मज़लूमों के साथ हो जाओ।

मौला के फ़रमान पर अमल करते हुए इमाम ख़ुमैनी ने माहे रमज़ान के आख़िरी जुमे को बैतुल मुक़द्दस की आज़ादी और फ़िलिस्तीन के मज़लूमों की हिमायत में आवाज़ उठने का दिन क़रार दिया, जो आज सारी दुनिया में मनाया जाता है और इसी रास्ते पर चलते हुए हमारे रहबरे मोअज़्ज़म आयतुल्लाह ख़ामेनेई ने अपने जान का नज़राना पेश किया और जामे शहादत पिया। दरअसल वो शहीदे राहे क़ुद्स हैं। इस अवसर पर मतमदार बनारसी ने अपना कलाम पेश किया। जलसे में तक़रीर करते सैय्यद मुनाज़िर हुसैन मंजू ने कहा कि ये हमारे लिए अफ़सोस की बात है कि आज हमारे क़िब्ला ए अव्वल में नमाज़ पढ़ने पर पाबंदी है लेकिन नामनिहाद मुस्लिम मुल्क ज़ालिमों के हाथ की कठपुतली बने हुए हैं और उनकी हर अच्छी बुरी बात पर उनके मददगार बने हुए हैं। मौलाना सैय्यद अमीन हैदर हुसैनी ने अपनी तक़रीर में मस्जिदे अक़्सा के इतिहास पर प्रकाश डाला साथ ही मीडिया को मुख़ातिब होते हुए कहा कि आयतुल्लाह ख़ामेनेई के बारे में उनको मालूम होना चाहिए कि वो सिर्फ ईरान के सियासी लीडर नहीं थे बल्कि पूरी दुनिया में जहां जहां भी शिया रहते हैं उन सबके सबसे बड़े सुप्रीम लीडर थे और यही वजह है कि आज पूरी दुनिया के शिया उनकी शहादत पर ग़म और ग़ुस्से का इज़हार कर रहे हैं। इसलिए हमारी धार्मिक भावनाओं को समझा जाए। जलसे के बाद मजलिस को ख़िताब करते हुए इमामे जुमा मौलाना ज़फ़र-उल-हुसैनी साहब ने कहा कि इमामे ख़ामेनेई ने अपनी पूरी ज़िंदगी मुसलमानों में आपसी इत्तेहाद पर ज़ोर देते हुए क़ुरबान कर दी। इस अवसर पर मौलवी शौकत साहब, हाजी नादिर अली, शब्बीर बनारसी, साबिर फ़राज़ बनारसी, ज़ुल्फ़िक़ार ज़ैदी समेत सैकड़ों लोग नमाज़े जुमा और यौमुल क़ुद्स के जलसे में एकत्रित हुए। जामा मस्जिद दारानगर के प्रशासनिक सचिव सैय्यद मुनाज़िर हुसैन मंजू ने आये हुए लोगों का शुक्रिया अदा किया।

## महानगर उद्योग व्यापार समिति के अध्यक्ष के निधन पर शोक



**वाराणसी।** वाराणसी महानगर उद्योग व्यापार समिति के ऊर्जावान अध्यक्ष के आकस्मिक निधन की खबर से व्यापार जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन को व्यापार समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। व्यापारी नेताओं और संगठनों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपना जीवन व्यापारियों के हक, सम्मान व अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया। उनका सरल स्वभाव, संघर्षशील नेतृत्व और व्यापारियों के प्रति समर्पण हमेशा सभी के दिलों में जीवित रहेगा। व्यापार समाज का कहना है कि उनके जाने से एक मजबूत स्तंभ टूट गया है और उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकेगा। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# बच्चों कड़ी मेहनत करके देश का भविष्य तय करो : सत्यम मोहन

**कैंटोनमेंट बोर्ड के सीईओ तथा थाना प्रभारी का हुआ सम्मान**

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** कैंट थाना अंतर्गत छावनी क्षेत्र के सत्यम मोहन (सीईओ) कैन्टोमेंट बोर्ड वाराणसी को छावनी क्षेत्र के सुंदरीकरण एवं कई उल्लेखनीय कार्यों के लिए तथा शिवाकांत मिश्रा (राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त) थाना प्रभारी कैंट को सामाजिक कार्य हेतु सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम फुलवरिया क्षेत्र स्थित डायनेमिक इंग्लिश स्कूल के प्रांगण में आज शुक्रवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डॉ0 शिवकुमार गुप्ता,श्रीमती मधुपाल (प्रिंसिपल) दिलीप श्रीवास्तव (प्रबंधक), श्वेता श्रीवास्तव,दिनेश कुमार सिंह, रीना त्रिपाठी,कंचन तिवारी, डीके सर,रूपा राजवीर,शबाना खातून, अंजली मोर्य,प्रतिभा राय,रागिनी पटेल, पूनम सिंह,वंदना शर्मा,किरण मौर्य सहित आदि अध्यापक एवं अध्यापिका उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विद्यालय की छात्रा मोहिनी शर्मा द्वारा 'सत्यम शिवम सुंदरम' गीत पर नित्य प्रस्तुत किया। जिसे देखकर लोग मंत्र-मुग्ध हो गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सत्यम मोहन ने विद्यालय प्रबंधक के जन्मदिन पर बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि, इतने छोटे से जगह स्थापित इस विद्यालय ने बड़े-बड़े कार्य किए हैं। यह विद्यालय छावनी क्षेत्र का नाम उज्ज्वल कर रहा है, उन्होंने छात्र-छात्राओं को कहा की आप सौभाग्यशाली है, जो आपको ऐसे अध्यापक और वातावरण मिला आने वाले समय देश आपके हाथों में रहेगा इसलिए आप लोग मन लगाकर खूब पढ़िए। थाना प्रभारी शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि,छोटे से विद्यालय में बच्चों की अद्भुत प्रतिभा देखकर ही विद्यालय का अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहा नौनीहालों को शिक्षा के साथ सांस्कृतिक एवं पारंपरिक गुण भी सिखाया जाता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधक को उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए विद्यालय की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्त अवसर पर डॉ शिवकुमार गुप्ता (समाजसेवी) ने विद्यालय के द्वारा किए गए कार्य एवं छात्रों की प्रस्तुति पर आभार व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बाबू शिवादयाल सिंह चौरसिया का जन्म दिवस समाजवादी पार्टी द्वारा मनाया गया

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी महानगर वाराणसी द्वारा बाबू शिवादयाल सिंह चौरसिया जी का जन्म दिवस महानगर कार्यालय ललिता सिनेमा भेलूपुर में मनाया गया। उक्त अवसर पर 'शिवदयाल सिंह चौरसिया' के जीवन में प्रकाश डालते हुए काशीनाथ गुप्ता,(महानगर अध्यक्ष समाजवादी व्यापार सभा) ने कहा कि, बाबू शिवादयाल सिंह जी अपने पूरे जीवन काल में शोषितों पिछड़ों वंचितों को समानता का अधिकार दिलाने हेतु लड़ाई लड़ी 29 जनवरी 1953 में काका कालेलकर आयोग का गठन किया गया। जिसमें शिवदयाल सिंह चौरसिया जी भी सदस्य रहे 1975 में जब वह राज्यसभा के सांसद रहे तब भारतीय संविधान में संशोधन कराया और भारतीय संविधान में अनुच्छेद 39 ए दिनांक 30.1 1975 को जुड़वा कर निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की मांग को प्रस्तुत किया।उन्होंने कहा कि,वर्तमान में लोक अदालत श्री शिवदयाल सिंह चौरसिया जी की देन है साइमन कमीशन को गवाहों की हिंदी में अनुवाद कर साइमन सर को बताया तथा उसे लिख कर देने जैसा चुनौती पूर्ण कार्य को बखूबी अंजाम दिया जिसके लिए उन्हें ब्रिटेन में होने वाले गोलमेज सम्मेलन का भी सदस्य बनाया गया। लेकिन वह किसी कारणवश उसमें सम्मिलित नहीं हो सके इस तरह के अनेकों कार्य उन्होंने पिछड़े दलित और शोषितों के लिए किया। इस अवसर पर काशीनाथ गुप्ता,(महानगर अध्यक्ष समाजवादी व्यापार सभा), सोहनलाल चौरसिया,(अखिल भारतीय चौरसिया महासभा) अनूप चौरसिया, (महानगर महामंत्री) रवि चौरसिया, अनील साहू, अरुण बरनवाल, राहुल शर्मा, अतुल गुप्ता, सुनील चौरसिया,(अध्यक्ष चौरसिया व्यापार मंडल) सुजीत चौरसिया, रामबाबू आदि उपस्थित थे।

# एसपी ने की जनसुनवाई, समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में शुक्रवार को जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया गया। एसपी ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।

# कैंट रेलवे स्टेशन पर 3 करोड़ का सोना बरामद दो तस्कर गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** कैंट रेलवे स्टेशन पर जीआरपी,आरपीएफ और सीआईबी की संयुक्त टीम ने डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस में घेराबंदी कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से 2 किलोग्राम से अधिक सोने की बिस्किट बरामद हुए, जिसकी कीमत करीब 3 करोड़ 54 लाख रुपये बताई जा रही है। यह कामयाबी मुखबिर की सूचना से विभाग को प्राप्त हुआ।जानकारी के मुताबिक बांग्लादेश के रास्ते भारत में अफ्रीकी सोने की तस्करी का बड़ा मामला बताया जा रहा है ।

जीआरपी के अनुसार, दोनों आरोपी महाराष्ट्र के रहने वाले हैं और बंगाल के रास्ते सोने की बिस्किट को ट्रेन से दिल्ली ले जाकर डिलीवर करने वाले थे। सोना बरामद होने की सूचना पर मौके पर कस्टम और आयकर विभाग की टीम भी पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वही मामले की जानकारी देते हुए प्रयागराज जोन के आईजी रेलवे एन. कोलांची ने बताया कि, पकड़े गए दोनों तस्कर महाराष्ट्र के निवासी हैं, जिनमें से एक खुद को छात्र और दूसरा पेंटर बताता है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि दोनों पिछले तीन महीनों में करीब 35 से 40 बार इस तरह सोने की तस्करी कर चुके हैं।आईजी रेलवे के मुताबिक, तस्कर गिरोह द्वारा उन्हें बंगाल में सोने का बिस्किट दिया जाता था और साथ में एक मोबाइल फोन दिया जाता था। वह ट्रेन में ही किसी अंजान व्यक्ति को यह सोना सौंपना होता था। डिलीवरी पूरी होने के बाद ही उन्हें पैसे दिए जाते थे। ऐसे में पुलिस को इस मामले में अंतरराष्ट्रीय तस्करी गिरोह के सक्रिय होने की आशंका जताया जा रहा है। अभी इस घटना की छानबीन जारी है।

## भाजपा के दो गुटों में अध्यक्ष पद को लेकर जंग

**अलीगढ़।** सराय हाकिम में भाजपा के दो गुटों में गुरुवार की रात्रि में ताबड़तोड़ फायरिंग हुई।भाजयुमो में अध्यक्ष पद को लेकर चली आ रही जंग भी खुलकर सामने आ गई।हर्षद हिंदू ने अध्यक्ष के लिए दावेदारी ठोकी तो दूसरा गुट भी दावेदारी ठोकने को सक्रिय हो गया।भाजयुमो में इन दिनों कई गुट हैं, सभी लोग सत्ता मद में चूर हैं।जनप्रतिनिधियों का भी इनको आशीर्वाद हैं।

पुलिस भी सख्त कानूनी कार्यवाही नहीं कर पाती हैं। भाजपा के जितने भी गुट हैं वो आपस में अपने अपने गुटों को दमखम दिखाने के लिए सड़क पर साथियों का जन्मदिवस मनाने से भी नहीं चूकते हैं।कभी एक दूसरे के करीबी रहे हर्षद हिंदू और मोहित ने अपने-अपने गुट बना लिए हैं।महावीरगंज में छतारी वाले कुएं के पास मोहित को हर्षद हिंदू ने पीटा तो उसने सबक सिखाने के लिए शशांक पंडित को बुला लिया। शशांक पंडित अपने साथियों के साथ सराय हकीम पहुंचा तो हर्षद गुट से टकराव हो गया। दोनों ओर से पथराव के साथ ताबड़तोड़ फायरिंग हुई।

# अक़ीदत के साथ अदा हुई अलविदा जुमा की नमाज़

**देश की खुशहाली के लिए मांगी गई दुआएं, अलविदा जुमे को लेकर मस्जिदों में नमाजियों की जुटी भारी भीड़**

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** मुकद्दस माह रमजान के आखिरी जुमा में नमाजियों की मस्जिदों में भारी भीड़ जुटी। अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के लिए लोग सुबह से ही नहा धोकर पाकीजगी के साथ मस्जिदों में दाखिल हुए और मुकर्रर वक्त पर अलविदा जुमा की नमाज अदा की। जुमे की नमाज को लेकर रोजेदार और नमाजियों में विशेष उत्साह दिखाई दिया, जिसके चलते मुस्लिम बहुल इलाकों में सुबह से ही खासी चहल पहल दिखाई दी। अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के बाद सभी ने मुल्क की तरक्की, अमन चैन न और आपसी भाईचारा की दुआ मांगी।

अलविदा जुमा की नमाज शहर की करीब दो दर्जन से ज्यादा मस्जिदों में अदा की गई। अलविदा जुमे को लेकर मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ जुटने के कारण मस्जिद कमेटी के सदस्यों ने मस्जिदों की छतों पर टेंट लगाकर नमाज पढ़ने का इंतजाम किया। अलविदा जुमे के चलते शहर की सभी जामा मस्जिदे नमाजियों से खचाखच भरी रही। मस्जिद के अंदर, छतों पर नमाजियों ने नमाज अदा की और इसके बाद खुदवा और फिर दुआ का सिलसिला शुरु हुआ। पेश इमाम की हर दुआ में आमीन आमीन की सदाएं गूंजती रहीं।

अलविदा जुमे पर मौलाना हसन साहब ने खिताब करते हुए कहा कि यह जुमा अब मुबारक माह रमजान का आखरी जुमा हो सकता है और वह लोग खुशनसीब हैं जिन्हें अलविदा जुमा की नमाज पढ़ने का मौका मिला और आगे भी मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि इंसान को ज्यादा से ज्यादा वक्त अपने कामकाज के साथ साथ इबादत और तिलावत में गुजारना चाहिए। इस माह में गीबत करने पर सख्त मनाई है। उन्होंने कहा कि मुबारक माह में अल्लाह ताआला बेशुमार नेमतें देता है और बरकतों से घरों को भर देता है, यही वजह है कि रमजान माह में ज्यादा से ज्यादा खर्च होने के बाद भी उसे कोई कमी का एहसास नहीं होता है। यह महीना बरकत और रहमत वाला महीना है, इसी माह में आखिरी सप्ताह में गिड़गिड़ा कर अल्लाह ताला से दुआ मांगने वाले बंदों के गुनाहों को माफ कर मगफिरत फरमाता है।

पनवाड़ी में रमजान माह के अलविदा जुमा पर नमाज से एक घटे पहले से ही नमाजी मस्जिदों में पहुंचने लगे, जिससे उन्हें नमाज के लिए जगह मिल सके। नमाज के बाद नमाजियों ने अल्लाह की बारगाह में सिर झुकाकर देश की तरक्की, खुशहाली और अमन चैन के लिए दुआएं मांगीं। कस्बे की हमीदिया मस्जिद, मुल्लनपुरा, मंडी, तालाब काजीपुर, बाजार बाली, पठानपुरा, जुलेहटी, काजीपुरा, देवगनपुरा, ब्लॉक और कचेहरी वाली सहित करीब एक दर्जन मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज पूरे एहतराम और अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद मस्जिदों के इमामों ने देश में अमन चैन, भाईचारा और तरक्की के लिए खास दुआ कराई। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया और व्यवस्थाओं पर पैनी नजर रखी गई, जिससे नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

## टुल्लू पंप चलाते समय करंट लगने से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम


**महोबा।** कस्बा खरेला के मोहल्ला मानिक ग्राम में एक युवक टुल्लू पंप चलाते समय करंट क चपेट में आ गया। घर पर किसी पुरुष के न रहने और महिलाएं घरेलू काम में जुटी होने के चलते युवक करीब डेढ़ घंटे तक अचेत पडा रहा। जब महिलाओं ने उसे जमीन पर पड़ा देखा तो आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मोहल्ला मानिक ग्राम निवासी मनीष पचौरी (25) पुत्र अवतार पचौरी शुक्रवार की सुबह पानी भरने के लिए टुल्लू पंप चलाने के लिए घर के बाहर तार लगाने के लिए गया, तभी करंट की चपेट में आ गया। घर पर महिलाएं थी जो गृह कार्य में लगी हुई थी और पुरुष खेत पर गए हुए थे। करीब डेढ़ घंटे बाद जब मनीष को नाश्ते के लिए बुलाया, लेकिन कोई आवाज न आने पर बाहर जाकर देखा तो वह अचेत अवस्था पर पड़ा हुआ था, जिसे देख घर के लोगों को फोन कर जानकारी दी।

## एडीएम सिटी ने एलपीजी वितरण व्यवस्था को लेकर आम जनता को दी महत्वपूर्ण जानकारी

**अलीगढ़।** अपर जिलाधिकारी नगर किंशुक श्रीवास्तव ने बताया कि भारत सरकार द्वारा घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को प्राथमिकता प्रदान की जा रही है। वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए अब गैस सिलेंडर रिफिल की डिलीवरी ओटीपी के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में सभी गैस वितरकों के पास पर्याप्त मात्रा में एलपीजी गैस सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर रिफिल उसी स्थिति में प्राप्त होगा, जब उन्होंने अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से गैस बुकिंग कराई हो और उसके बाद प्राप्त ओटीपी के आधार पर डिलीवरी ली जाए। एडीएम सिटी ने जनसामान्य से अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक गैस सिलेंडर बुक नहीं कराया है अथवा जिनकी निर्धारित अवधि पूर्ण नहीं हुई है, वे गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या या शिकायत के समाधान के लिए संबंधित गैस कंपनियों के बिक्री अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है। इसके लिए गैस कंपनियों आईओसी-9971379911, बीपीसी-9795223388 तथा एचपीसी-8839380230 नंबर जारी किए गए हैं।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई



**फर्रुखाबाद।** सुनीता सैनी जी उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ, के आगमन पर गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जनसुनवाई में 07 महिलाओं द्वारा अपने-अपने समस्याओं का प्रार्थना पत्रों के माध्यम से माननीय सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया ,जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को मा0 सदस्य द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं, माननीय सदस्या द्वारा वि0 खंड राजेपुर के उजरा मउ आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया एवं जिला जेल का निरीक्षण किया गया व साफ़ सफाई के निर्देश भी दिए गए। जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी,जिला बाल विकास परियोजना अधिकारी,बेसिक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, महिला थाना अध्यक्ष,परियोजना निदेशक,चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टाप सेंटर, दत्तक ग्रहण के कार्मिक,व अन्य विभागों के अधिकारी गण भी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गैस वितरकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया

**फर्रुखाबाद।** रसोई गैस की वर्तमान स्थिति को सुव्यवस्थित करने के लिए आज जिलाधिकारी व संबंधित गैस वितरकों के साथ एक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया वहां पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रातः काल 9:00 बजे से सायंकाल 6:00 बजे तक गैस एजेंसी मालिक स्वयं अपने काउंटर पर बैठे और ग्राहकों का उचित निर्देशन करें उन्हें बताएं कि गैस की कोई कमी नहीं है उन्हें पानी पिला दे उनकी 100 परसेंट ई केवाईसी करे गैस का संपूर्ण वितरण बुकिंग के द्वारा ही किया जाएगा ऐसा उन्हें बताएं नौकरों के भरोसे ना छोड़े बैकलॉग क्लियर करें वितरण क्रमिक रूप से ही करें 25 दिन से पहले बुकिंग स्वीकार न करें फोन पर उपलब्ध रहे ताकि ग्राहक भ्रमित ना हो फोन पर उनकी अनुपस्थिति से माहौल बिगड़ सकता है ग्राहकों का विश्वास इस प्रकार टूटता है व्यवस्था बिगड़ती है कालाबाजारी ना होने दें हाकरों को नियंत्रित रखें डायवर्सन की कोई अनुमति स्वीकार्य नहीं है अफवाहों पर ध्यान ना दें ना विश्वास करें ना फैलाएं किसी भी अफवाह को सोशल मीडिया पर फॉरवर्ड ना करें आवश्यकता पड़ने पर सक्षम प्राधिकारी को सूचित करें।

# भाजपा जिला मुख्यालय पर क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी ने प्रेस वार्ता की

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** शुक्रवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी ने अपने दो दिवसीय प्रवास के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के संदर्भ में विधानसभाओं के अंतर्गत आने वाले मंडलों की प्रशिक्षण टोली के कार्यकर्ताओं की तैयारी बैठक ली। उन्होंने चारों विधानसभाओं के सभी 18 मंडलों के अध्यक्षों एवं प्रशिक्षण टोली से संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक करके मंडलों में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्ग को लेकर दिशा निर्देश दिए।

भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया की 29 मार्च से लेकर 12 अप्रैल तक सभी 18 मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होंगे यह प्रशिक्षण वर्ग सभी मंडलों में पूर्व से चयनित स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। इस प्रशिक्षण वर्ग में उद्घाटन एवं समापन सत्र के माध्यम से पार्टी द्वारा दिए गए सात विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी कार्यकर्ताओं का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करना होगा मंडल प्रशिक्षण वर्ग में अपने संगठन की यात्रा प्रभावी कार्यक्रम एवं अपनी सरकार की उपलब्धियां के बारे में प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनी रहेगी। इस प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ता अनुशासित होकर संगठन के बिस्तर पर विस्तृत चर्चा का हिस्सा बनेंगे इस प्रशिक्षण वर्ग के लिए सभी मंडलों में स्थान चयनित किया जा चुके हैं भाग लेने वाले कार्यकर्ताओं को सूचना दी जाएगी। भाग लेने वाले कार्यकर्ताओं को प्रवास करना होगा।

कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी ने कहा मंडलों के प्रशिक्षण वर्ग में मंडल कमेटी में नवीन कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना मुख्य उद्देश्य होता है मंडल कार्य समिति में नवीन कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास के बारे में संपूर्ण जानकारी दी जाएगी पार्टी की विचारधारा और नीति के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए ऐसे शिविर व वर्ग आयोजित करती है प्रत्येक मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग में एक-एक वक्त अलग-अलग सत्रों को संबोधित करेगा। इन सभी वक्ताओं का चयन पार्टी द्वारा किया जा चुका है सभी मंडलों के प्रशिक्षण वर्ग में दी हुई श्रेणी के अनुसार अपेक्षित सूचित तैयार करना है प्रशिक्षण वर्ग में भोजन, टेंट, लाइट, माइक, एलईडी, पंजीकरण किट, स्टेशनरी आदि व्यवस्थाएं रहेगी। मंडल प्रशिक्षण वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आने वाले कार्यकर्ताओं को रात्रि विश्राम करना होगा इन मंडल प्रशिक्षण वर्ग में शक्ति केंद्र संयोजक मंडल कार्यकारिणी मंडल मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री मंडल में निवास करने वाले जिला क्षेत्र एवं प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता मंडल में निवास करने वाले जिला पंचायत सदस्य नगर पंचायत एवं नगर पालिका अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत प्रमुख एवं सभासद अपेक्षित श्रेणी में रहेंगे। आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव और पंचायत के चुनाव को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं को अभी से कमर कसनी है इसके लिए संगठन को पूर्ण रूप से मजबूत करना है ताकि प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ता डटकर विरोधियों का सामना कर सके। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों को जन-जन तक पहुंचा कर विकसित राष्ट्र के संकल्प को पूर्ण करने की ओर अग्रसर होना है।

# सलारपुर विद्यालय में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जनपद के सलारपुर गांव स्थित कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय सलारपुर में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नमामि गंगे, वन विभाग एवं कोर अर्थ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता, गंगा स्वच्छता शपथ तथा । रैली का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया और गंगा की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 8 के मनोज ने प्रथम, कक्षा 7 की प्रियांशी ने द्वितीय तथा कक्षा 6 की पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 8 के यश ने प्रथम, कक्षा 8 के अभिषेक ने द्वितीय तथा कक्षा 7 की कोमल ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेता विद्यार्थियों को मनी प्राइज एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला गंगा समिति से जिला परियोजना विभाग के अधिकारी यशराज आनन्द उपस्थित रहे।

### एसएसवी में प्रवेश के लिए 16 मार्च से मिलेंगे आवेदन फॉर्म

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** एसएसवी इंटर कॉलेज में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय से आवेदन फॉर्म 16 मार्च से विद्यालय अवधि में प्राप्त किए जा सकेंगे। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद फॉर्म उसी दिन विद्यालय में जमा करना होगा। प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने बताया कि आवेदन फॉर्म भरने के लिए दो फोटो और छात्र के शैक्षिक विवरण की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कक्षा 6, 7, 8, 9 और 11 में ही प्रवेश दिए जाएंगे तथा प्रवेश परीक्षा अप्रैल माह में आयोजित होगी।कक्षा 11 के गणित, जीवविज्ञान, वाणिज्य वर्ग के हिंदी व अंग्रेजी माध्यम तथा कला व व्यावसायिक वर्ग के हिंदी माध्यम के सभी आंतरिक व बाह्य छात्रों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होना होगा। वहीं कक्षा 9 में प्रवेश के लिए कक्षा 8 उत्तीर्ण आंतरिक विद्यार्थियों को परीक्षा नहीं देनी होगी।उन्होंने बताया कि कक्षा 10 और 12 में सीटें रिक्त न होने के कारण नए सत्र में प्रवेश नहीं होगा।

### मात्र 6 साल के बच्चों ने रखा रोज़ा

**रूदौली/अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** ग्राम पंचायत भेलसर के 6 वर्षीय अब्दुल वाहिद और अब्दुल माजिद ने रमजान के 23वें रोज़े में पूरे जोश के साथ रोज़ा रखा। दोनों बच्चों ने अपने गांव, क्षेत्र और पूरे देश में अमन-शांति और भाईचारे की दुआ मांगी।परिवार और ग्रामीण बच्चों की लगन और इबादत देखकर भावुक हो गए। उनके इस कदम को क्षेत्र में प्रेरणा माना जा रहा है।

## छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पहुंची होंडा की टीम

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** सुरक्षित और जिम्मेदार यातायात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अयोध्या में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में भावदिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस और झुनझुनवाला पी.जी. कॉलेज के लगभग 2400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा से जुड़े जागरूकता सत्र, खेल और प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्रों को यातायात नियमों, सतर्कता और जिम्मेदार सड़क उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य युवाओं में सुरक्षित ड्राइविंग और जिम्मेदार व्यवहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

### समाजसेवी रत्नेश तिवारी की प्रथम पुण्यतिथि पर सैकड़ों जरूरतमंद महिलाओं को साड़ियां वितरित

**गोसाईगंज -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** प्रथम पुण्यतिथि पर सैकड़ों जरूरतमंद महिलाओं को वितरित की गई साड़ियां गोसाईगंज क्षेत्र के रामापुर गांव के मजरे लक्ष्मनपुर में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य देवकुमार तिवारी ने अपनी पत्नी समाजसेवी रत्नेश तिवारी की प्रथम पुण्यतिथि पर सैकड़ों जरूरतमंद महिलाओं को साड़ियां वितरित कीं। इस दौरान महिलाओं को मिठाई और पूड़ी भी बांटी गई। देवकुमार तिवारी ने कहा कि उनकी पत्नी सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लेती थीं और गरीबों की मदद करती रहती थीं। उनके पदचिन्हों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। सुबह उनकी स्मृति में शांतिपाठ और हवन-पूजन का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. गुरुसहाय त्रिपाठी, केके तिवारी, एसएन तिवारी, आलोक तिवारी, विवेक तिवारी, दुर्गेश तिवारी, डॉ. सुधाकर त्रिपाठी, विजय दुबे, डॉ. विनोद पांडेय और डॉ. अनुपम पांडेय सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### सूफी खानकाहों में 21 रमज़ान पर रोज़ा इफ्तार और मौला अली की नज़र-नियाज़

**रूदौली-अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** 21 रमज़ान के मौके पर अयोध्या की विभिन्न सूफी खानकाहों और दरगाहों में रोज़ा इफ्तार और हज़रत मौला अली की शहादत की याद में नज़र-नियाज़ का आयोजन किया गया।मणि पर्वत स्थित दरगाह हज़रत शीश अलैहसलाम और बक्सरिया टोला स्थित दरगाह हज़रत मखदूम शेख शमसुद्दीन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में अमन-चैन, भाईचारे और देश की खुशहाली के लिए विशेष दुआएं की गईं।

### कांग्रेस नेता दयानंद शुक्ला ने रसोई गैस की कमी पर भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**अयोध्या।** मवई अयोध्या के आल इंडिया कांग्रेस कमेटी सदस्य दयानंद शुक्ला ने शुक्रवार को रानीमऊ स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देश में रसोई गैस की गंभीर कमी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के नेता केवल बयान जारी कर वास्तविक स्थिति को छुपा रहे हैं।श्री शुक्ला ने बताया कि कई ग्रामीण इलाकों में गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने के बाद भी गैस उपलब्ध नहीं हो रही है। रमजान और नवरात्र के त्योहारों के मद्देनजर यह स्थिति और गंभीर हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता की समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए।इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष तारिक शरबती, राकेश बंसल, ब्लॉक अध्यक्ष पतिराखन सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### रमजान का अंतिम शुक्रवारः अलविदा की नमाज शांति पूर्वक संपन्न

**अयोध्या।** रमजान के अंतिम शुक्रवार को क्षेत्र की मस्जिदों में अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। हर मस्जिद के बाहर पुलिस की तैनाती रही। सी ओ आशीष निगम और प्रभारी निरीक्षक पटरंगा शशिकांत यादव ने सभी गांवों का भ्रमण कर नमाजियों से शांति बनाए रखने की अपील की।थानाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार आजाद ने बताया कि लोगों ने पूरी सहयोगी भावना दिखाई और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई। सभी नमाजियों ने पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग किया।

### महंत ने एसएसपी पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

**अयोध्या।** समाजसेवी महंत संत दास ने शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पर दुर्व्यवहार का गंभीर आरोप लगाया। महंत संत दास ने बताया कि वे राष्ट्र का अपमान करने वाले एक मुस्लिम नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के आदेश के लिए एसएसपी कार्यालय गए थे। इस दौरान अधिकारी ने उनसे परिचय और समाजसेवा के बारे में पूछताछ की।महंत का आरोप है कि समाजसेवा की बात सुनते ही अधिकारी नाराज हो गए। अगले दिन उन्होंने अपने सामाजिक कार्यों की सूची और समाचार पत्रों की कटिंग भी प्रस्तुत की, लेकिन अधिकारी ने उन्हें मुख्यमंत्री के नाम के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए एफआईआर कराने की चेतावनी दी। महंत संत दास ने आशंका जताई कि उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एसएसपी से बात करने की कोशिश की गई लेकिन बात नही हो सकी।

#### रसोई गैस की कीमतों के विरोध में प्रस्तावित कांग्रेस का प्रदर्शन स्थगित

**अयोध्या।** घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडरों के बढ़ते दाम और गैस की कमी के विरोध में 14 मार्च को प्रस्तावित कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है।जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से शनिवार दोपहर 12 बजे होने वाला प्रदर्शन फिलहाल टाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शन की नई तिथि जल्द घोषित की जाएगी।

# 19 मार्च को स्वच्छता व सुंदरता के शिखर पर दिखेगी रामनगरी

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के 19 मार्च को श्रीरामजन्मभूमि मंदिर आगमन को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी की अध्यक्षता में तिलक हाल में हुई बैठक में नगर को स्वच्छ व आकर्षक बनाने की योजना को अंतिम रूप दिया गया।महापौर ने अधिकारियों को राम की पैड़ी, सरयू तट, बृहस्पति कुंड, लता चौक और अंडरपास समेत प्रमुख स्थलों पर विशेष सफाई, सजावट और पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिए। साथ ही अतिथियों के ठहराव स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, टैक्सी स्टैंड और भंडारा स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने 20 पार्किंग स्थलों पर सफाई व प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही सड़कों पर धूल रोकने के लिए पानी के छिड़काव और नालियों में 17 मार्च तक एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए।नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि लगभग साढ़े आठ किलोमीटर लंबे मार्ग पर सफाई, मोबाइल टॉयलेट और पेयजल टैंकर की व्यवस्था रहेगी। मार्ग के करीब 20 स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। बैठक में अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, सुमित कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


## छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पहुंची होंडा की टीम





**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** सुरक्षित और जिम्मेदार यातायात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अयोध्या में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में भावदिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस और झुनझुनवाला पी.जी. कॉलेज के लगभग 2400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा से जुड़े जागरूकता सत्र, खेल और प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्रों को यातायात नियमों, सतर्कता और जिम्मेदार सड़क उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य युवाओं में सुरक्षित ड्राइविंग और जिम्मेदार व्यवहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।


### होली मिलन समारोह में झलका सामाजिक एकता का रंग, बच्चों को किया गया सम्मानित

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** गोसाईंगंज के दशरथ वाटिका, तेलियागढ़ में नगर एवं युवा कसौधन समाज के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि कश्यप की आरती और दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अभय सिंह, राजू कसौधन, राजेन्द्र कसौधन व संतोष कसौधन का बैच और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्षा विजय लक्ष्मी जायसवाल और चिकित्सा अधीक्षक रवि राना भी मौजूद रहे।समारोह में बच्चों ने नृत्य और भाषण की प्रस्तुतियां दीं तथा जेईई व सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राम प्रसाद कसौधन, राम विलास कसौधन, प्रेमचन्द्र कसौधन, अरुण कसौधन, अजय कसौधन, महेश कसौधन, मदनलाल कसौधन, उमेश चन्द्र कसौधन, भोलानाथ कसौधन, गौतम कसौधन, रंजीत कसौधन, सुमित कसौधन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अंत में समाज के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## अंतरराष्ट्रीय डायबिटीज कार्यशाला को लेकर विशेषज्ञ करेंगे मंथन




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रिसर्च सोसाइटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया, उत्तर प्रदेश (आरएसएसडीआई-यूपी) की ओर से 13 से 15 मार्च तक आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय डायबिटीज कार्यशाला को लेकर शुक्रवार को पत्रकार वार्ता हुई। इसमें बताया गया कि कार्यक्रम में देश-विदेश के करीब 1500 विशेषज्ञ चिकित्सक मधुमेह के आधुनिक उपचार और नई चिकित्सा पद्धतियों पर चर्चा करेंगे।आयोजन सचिव व वरिष्ठ मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवेंद्र सिन्हा ने बताया कि अनियमित दिनचर्या और असंतुलित खानपान के कारण युवाओं में हाइपरटेंशन व मधुमेह के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में बेहतर इलाज और बचाव के लिए यह कार्यशाला महत्वपूर्ण साबित होगी।डॉ. के.एस. मिश्रा, डॉ. आकांक्षा वर्मा, डॉ. पीडी त्रिपाठी, डॉ. वीरेंद्र वर्मा, डॉ. सौरभ जायसवाल व डॉ. विमलेश वर्मा ने बताया कि कार्यशाला का शुभारंभ 14 मार्च को सुबह 9 बजे होगा और कार्यक्रम शाम 7 बजे तक चलेगा। इसमें चार प्रमुख व्याख्यान सत्र होंगे, जिनमें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ मधुमेह के इलाज, नई दवाओं, आधुनिक तकनीकों और रोग की रोकथाम पर जानकारी साझा करेंगे।कार्यक्रम के दौरान मेडिकल के पोस्ट-ग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। उद्घाटन सत्र में शुगर की नई दवाइयों और आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विशेष चर्चा होगीआयोजकों के अनुसार उद्घाटन अवसर पर शाम 6 बजे डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सी.एम. सिंह, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मार्तोलिया और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय समेत कई प्रशासनिक व चिकित्सा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## पुलिस लाइन में बनेगा अग्निशमन केंद्र का आधुनिक प्रशासनिक भवन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** पुलिस लाइन परिसर में अग्निशमन केंद्र के नए प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यह भवन लगभग 4.74 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद की अयोध्या निर्माण इकाई-चार द्वारा कराया जा रहा है।

नए भवन में सिविल कार्य के साथ जलापूर्ति, सैनेटरी व्यवस्था और आंतरिक विद्युतीकरण की सुविधा होगी। इसके अलावा फायर फाइटिंग सिस्टम, बाउंड्री वॉल, सीसी रोड और बाहरी सीवरेज लाइन का भी निर्माण किया जा रहा है।

परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अंडरग्राउंड वाटर टैंक, ट्यूबवेल और डीजी सेट की व्यवस्था भी होगी। अधिकारियों के अनुसार भवन बनने से अग्निशमन सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी तथा आपात स्थितियों में प्रतिक्रिया समय कम होगा।

## 70-80 साल पुराने रास्ते पर विवाद!

### सड़क बंद करने की कोशिश से भड़के मोहल्लेवासी, प्रशासन बोला - किसी कीमत पर नहीं होगा बंद

**गोसाईगंज, अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** नगर पंचायत गोसाईगंज के वार्ड नंबर 4 स्थित तेलियागढ़ मोहल्ले में करीब 70-80 साल पुराने रास्ते को बंद करने के विवाद ने तूल पकड़ लिया है। मोहल्ले के लोगों ने नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोगों द्वारा बन रही सड़क को खोदकर रास्ता बंद करने की कोशिश की जा रही है।मोहल्ला वासियों के अनुसार पाटनदीन गली से महादेवा घाट तक जाने वाला यह मार्ग वर्षों पुराना सार्वजनिक रास्ता है, जिस पर लोग लंबे समय से आवागमन करते आ रहे हैं। बाईपास बनने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा यहां नई सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन आरोप है कि सहदेव यादव और अशोक चौरसिया द्वारा सड़क को नुकसान पहुंचाकर रास्ता बंद करने का प्रयास किया जा रहा है।मामले की शिकायत सभासद रविंदर यादव ने गोसाईगंज में एसडीएम सदर राम प्रसाद त्रिपाठी, सीओ सदर अरविंद सोनकर और थाना प्रभारी शारदेंदू दुबे मिलकर इसकी शिकायत किया। अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन दिया कि यदि यह पुराना सार्वजनिक रास्ता है तो इसे किसी भी कीमत पर बंद नहीं होने दिया जाएगा तथा मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

मोहल्ले के लोगों का कहना है कि यदि रास्ता बंद किया गया तो सैकड़ों लोगों को आवागमन में परेशानी होगी। इसलिए उन्होंने प्रशासन से जल्द समाधान कराने की मांग की है। वहीं लोगों ने चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मोहल्लेवासी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## मामूली कहासुनी में कुदाल के बेंट से हमला, व्यक्ति की मौत

**लक्ष्मीपुर(महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** लक्ष्मीपुर क्षेत्र के जंगल गुलहरिया में शुक्रवार को मामूली कहासुनी के बाद एक व्यक्ति की पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार रामअवतार जंगल की ओर से लकड़ी लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनकी श्याम मोहन से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर एक पक्ष ने कुदाल के बेंट (डंडे) से रामअवतार पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से रामअवतार को लक्ष्मीपुर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि रामअवतार अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए चाय की दुकान चलाते थे। उनकी पत्नी ने संवाददाता को बताया कि आरोपी श्याम मोहन भी चाय की दुकान चलाता है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। रामअवतार की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह पांच बच्चों के पिता थे। इस घटना के बाद बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। क्षेत्र में इस घटना को दो पट्टीदारों के बीच हुई नासमझी का दुखद परिणाम बताया जा रहा है।

## सपा महिला सभा का होली मिलन, महिलाओं ने गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** समाजवादी महिला सभा महानगर कमेटी के तत्वावधान में होली मिलन कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल के आवास पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में महिला पदाधिकारियों व विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर महिलाओं से जुड़े मुद्दों और वर्तमान परिस्थितियों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने महिलाओं के उत्थान, सम्मान व सुरक्षा को लेकर सरकार की नीतियों पर नाराजगी जताई और वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए महिला मतदाताओं को जागरूक करने हेतु महिला चौपाल जैसे कार्यक्रम शुरू करने की रूपरेखा पर सहमति जताई।कार्यक्रम में घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई।

### बाबू शिवदयाल चौरसिया की जयंती पर सपा कार्यालय में गोष्ठी

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** समाजवादी चिंतक व पूर्व राज्यसभा सांसद बाबू शिवदयाल चौरसिया की जयंती पर सपा जिला कार्यालय लोहिया भवन, गुलाबबाड़ी में विचार गोष्ठी आयोजित हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। निवर्तमान जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि चौरसिया का जीवन सादगी, संघर्ष और समाज सेवा की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नेपाल में एलपीजी गैस की आपूर्ति पर सरकार का बड़ा फैसला

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पड़ोसी देश नेपाल सरकार के स्वामित्व वाली नेपाल आयल निगम लिमिटेड ने एलपीजी गैस की आपूर्ति और बढ़ती मांग को देखते हुए उपभोक्ताओं के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। निगम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि हाल के महीनों में काठमांडू घाटी समेत देश के विभिन्न क्षेत्रों में एलपीजी गैस की मांग लगातार बढ़ी है।

प्रेस नोट के अनुसार, निगम नियमित रूप से मांग के अनुरूप एलपीजी गैस का आयात और वितरण कर रहा है, लेकिन पिछले दो-तीन महीनों से काठमांडू उपत्यका में गैस की मांग सामान्य से अधिक दर्ज की जा रही है। इसके अलावा मध्य-पूर्व क्षेत्र में जारी युद्ध के कारण पेट्रोलियम पदार्थों और एलपीजी की वैश्विक आपूर्ति पर भी असर पड़ा है, जिसका प्रभाव नेपाल में भी देखा जा रहा है।

नेपाल को एलपीजी की आपूर्ति करने वाले पड़ोसी देश भारत में भी गैस की आपूर्ति और वितरण को लेकर कुछ चुनौतियां सामने आई हैं। इस विषय से संबंधित खबरें विभिन्न मीडिया माध्यमों में प्रसारित होने के बाद नेपाल में उपभोक्ताओं के बीच आवश्यकता से अधिक गैस खरीदकर भंडारण करने की प्रवृत्ति बढ़ती दिखाई दी है।

निगम ने स्पष्ट किया कि मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए गैस की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित बनाने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में 13 मार्च से अगली सूचना तक 7.1 किलोग्राम एलपीजी गैस भरे सिलेंडर उपभोक्ताओं को प्रति सिलेंडर 955 नेपाली रुपये की रियायती दर पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

नेपाल आयल निगम ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे घबराकर अतिरिक्त गैस खरीदकर भंडारण न करें, अपनी आवश्यकता के अनुसार ही एलपीजी गैस की खरीदारी करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से गैस उपलब्ध हो सके।

## गैस संकट को लेकर सपा का प्रदर्शन, सिलेंडर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ता

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** जिले में रसोई गैस की कथित किल्लत को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। सपा कार्यकर्ता गैस सिलेंडर लेकर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गैस आपूर्ति सुचारु कराने की मांग उठाई। बाद में जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सपा जिलाध्यक्ष विद्यसागर यादव ने कहा कि पूरे देश में रसोई और व्यावसायिक गैस की भारी कमी से आम लोग परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार हकीकत स्वीकार करने के बजाय पर्याप्त गैस भंडार होने का दावा कर रही है, जिससे जनता को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गैस की कमी के कारण कई परिवारों को मजबूरी में लकड़ी पर खाना बनाना पड़ रहा है। होटल और रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर हैं, जबकि बाहर पढ़ाई कर रहे छात्र भोजन के लिए भटकने को मजबूर हैं।

सपा नेताओं ने मांग की कि जिले में गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, कालाबाजारी पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए और गैस एजेंसियों की मनमानी पर रोक लगाई जाए। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष रामलाल यादव, बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रवण पटेल, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव उर्फ लल्ला यादव, प्रणय गौतम, सुमन ओझा, बिदेश कन्नौजिया, संतोष कृष्ण त्रिपाठी, नौशाद आलम व पूर्व विधायक श्रीपति आजाद सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### छत की कुंडी से लटकता मिला युवक का शव, परिवार में मचा कोहराम

**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झिंगटी टोला मुजहना में गुरुवार शाम एक युवक का शव घर की छत की कुंडी से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटका मिला। मृतक की पहचान अरबाज अली पुत्र इद्रीस के रूप में हुई है। बताया जाता है कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और वह अक्सर इधर-उधर भटकता रहता था। घटना के समय परिजन घर से बाहर थे और उसकी मां मीना खेत में काम करने गई थीं। जब वह घर लौटीं तो बेटे को फंदे से लटका देखकर चीख-पुकार मचाने लगीं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और युवक को नीचे उतारकर चिकित्सक के पास ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची सेवतरी चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने भरी हुंकार



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघआ की बैठक में टीईटी अनिवार्यता के निर्णय पर शिक्षकों ने कड़ा विरोध जताया। बैठक की अध्यक्षता जूनियर शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष *संजय मणि त्रिपाठी ने की तथा संचालन अटेवा के जिलाध्यक्ष टी. पी. सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि यह निर्णय वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के साथ अन्याय है और इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष संजय मणि त्रिपाठी, अटेवा के प्रांतीय संगठन मंत्री राजेश जायसवाल, अटेवा के जिलाध्यक्ष टी पी सिंह ,जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार पाण्डेय, माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के जिलाध्यक्ष डॉ. नवीन श्रीवास्तव, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार पटेल, बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष श्रवण चौरसिया व जिला कोषाध्यक्ष अनुराग पटेल ने शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष का संकल्प दोहराया। बैठक में सर्वसम्मति से अजय कुमार पाण्डेय को जिला संयोजक तथा टी. पी. सिंह, उपेन्द्र कुमार पटेल, डॉ. नवीन श्रीवास्तव और श्रवण चौरसिया को जिला सह-संयोजक बनाया गया। साथ ही टीईटी अनिवार्यता के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा भी घोषित की गई। बैठक में अजीत सिंह, शिव प्रताप सिंह, विनय पाठक, रोशन गुप्ता, राजेश कुमार मिश्र, विनोद कुमार, राघवेंद्र गुप्ता, अनुराग पटेल, आशुतोष पटेल, गोपाल गुप्ता, शिव चौधरी, अरुणेंद्र पटेल व चन्दन कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया सिद्धार्थ गैस सर्विस बर्डपुर का निरीक्षण, दिया आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद में आमजन को गैस आपूर्ति की व्यवस्था को सुचारु एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा शुक्रवार को सिद्धार्थ गैस सर्विस, बर्डपुर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गैस एजेंसी में उपलब्ध व्यवस्थाओं, अभिलेखों तथा उपभोक्ताओं को दी जा रही सेवाओं का गहनता से अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने गैस सिलेंडरों के भंडारण स्थल का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गैस एजेंसियों पर सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन किया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता तथा उनकी




कार्यशीलता की भी जांच की और निर्देश दिया कि सभी उपकरण हमेशा कार्यशील स्थिति में रखें जाएं। जिलाधिकारी ने एजेंसी संचालक को निर्देशित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। यदि ऐसी शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने गैस वितरण से संबंधित अभिलेखों की जांच की और उपभोक्ताओं की बुकिंग, डिलीवरी एवं स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अभिलेखों को अद्यतन रखा जाए तथा वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखी जाए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित उपभोक्ताओं से भी जिलाधिकारी ने बातचीत की और गैस आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने एजेंसी संचालक को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को समयबद्ध एवं सुगम तरीके से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को भी किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

## मृतक होमगार्ड के परिजन को बैंक ने दिया 30 लाख की आर्थिक सहायता

**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मृतक होमगार्ड स्वर्गीय जगजीवन राम यादव के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह सहायता एक्सिस बैंक द्वारा संचालित सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत मृत्यु उपरांत नॉमिनी परिजन को दी गई। कार्यक्रम में बैंक की ओर से स्वर्गीय जगजीवन राम यादव के नामित परिजन को 30 लाख रुपये की धनराशि का चेक प्रदान किया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने इस अवसर पर कहा कि होमगार्ड जवान समाज और प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपदा प्रबंधन और विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में हमेशा तत्पर रहते हैं। ऐसे में उनके आकस्मिक निधन की स्थिति में उनके परिवार को आर्थिक संबल मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने एक्सिस बैंक द्वारा दी गई इस सहायता को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इससे परिवार को कठिन समय में सहारा मिलेगा।

# अक़ीदत एवं शांति के साथ अदा की गई जुमा अलविदा की नमाज़

- नमाज़ में रोज़ेदारों ने हाथ बुलन्द कर मांगी अमन और भाईचारे की दुआएं

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों की जुमा मस्जिद में मुकद्दस माहे रमजान के आखिरी शुक्रवार को रोजेदारों व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अलविदा की नमाज अदा की। इस दौरान रोज़ेदारों ने देश में अमन व शांति के लिए अल्लाह से दुआ मांगी साथ ही नेकी और भलाई के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

जुमा अलविदा की नमाज को लेकर सुबह से ही लोगों में काफी उत्सुकता देखी गई। जिसको लेकर जवान, बुजुर्ग व बच्चे नमाज़ी नमाज़ की तैयारी में जुटे दिखे। दोपहर 1 बजे से 2 बजे के आसपास हजारों की संख्या में लोगों ने नमाज अदा कर देश की तरक्की व अमन शांति के लिए



दुआ मांगी। इसके पूर्व नगर पंचायत प्रशासन ने नगर क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाके की सभी मस्जिदों के बाहर साफ सफाई कराकर सड़क के किनारे चूना लगवाने के साथ विशेष व्यवस्था की। जुमा अलविदा की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। इसी क्रम में हल्लौर स्थित शिया जामा मस्जिद में इमाम जुमा मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने नमाज से पहले अपने संबोधन में उपस्थित नमाजियों से कहा की लोगों को ईद की नमाज अदा करने से पहले गरीबों, यतीमों व मजलूमों में फितरा पहुंचा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि फितरा ईद की खुशी की सनद है। मौलाना ने लोगों से आपस में भाईचारा कायम करने वह अल्लाह की ख़ुशनूदी में नमाज पढ़ने की हिदायत दी साथ ही हाथ उठाकर खुदा से इबादत कबूल करने और मुल्क में अमन शांति व भाईचारा बरकरार रखने की दुआ की। इस दौरान तहसील क्षेत्र के डुमरियागंज, हल्लौर, जबजौवा, सिकहरा, वासा, बेंवा, बिथरिया, कादिराबाद, तिलगडिया़, भवानीगंज, बढनीचाफा, औराताल, मोतीगंज, बनगवा, लटिया, जमौता-जमौती, बेंवा मुस्तफा, गरदहिया, भटगवां आदि गांवों में जुमा अलविदा के मौके पर शांति पूर्वक तरीके से नमाज अदा की गई।

# 15 मार्च को बसपा कार्यकर्ता लखनऊ में रचेंगे इतिहास : सुधीर कुमार भारती



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बहुजन समाज पार्टी जनपद सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में बांसी स्थित राप्ती नगर मैरेज हॉल में एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 15 मार्च को लखनऊ में होने वाले विशाल कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाई गई और कार्यकर्ताओं में जोश भरा गया।बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुधीर कुमार भारती (मुख्य मंडल प्रभारी, बस्ती मंडल) ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कुमारी मायावती जी के दिशा-निर्देश पर 15 मार्च के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है।

उन्होंने बताया कि ?प्रत्येक विधानसभा से हजारों कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचेंगे। सेक्टर वार बसों की व्यवस्था की गई है।प्रत्येक बस के लिए दो जिम्मेदार पदाधिकारियों को तैनात किया गया है।?सभी जिम्मेदार साथी बस में सवार होने वाले कार्यकर्ताओं की सूची मोबाइल नंबर सहित तैयार रखेंगे ताकि आवागमन में कोई असुविधा न हो। बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी के.के. गौतम, उदयभान गौतम और कल्पनाथ बाबू ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अनुशासन और निष्ठा के साथ मिशन को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने की तथा संचालन मंडल जोन इंचार्ज राजकुमार आर्य द्वारा किया गया।?इस अवसर पर मुख्य रूप से इंद्रजीत गौतम, राजकुमार चौधरी, पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद, जिला उपाध्यक्ष प्रेम मिलन शुक्ला, संजय शर्मा, जिला पंचायत सदस्य जहूर खां, रामधनी गौतम, आनही प्रसाद, घनश्याम गौतम, रमेश आजाद, सतेन्द्र कुमार गौतम, दिलीप कुमार गौतम, अखिलेश गौतम, माधुरी गौतम सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एम.डी.बी.सिंह इंटर कॉलेज तरबगंज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत एम.डी.बी. सिंह इंटर कॉलेज तरबगंज के परिसर में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सफलतापूर्वक, सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। सामुहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद के विकासखण्ड व नगरपालिका परिषद/नगर पंचायतों को मिलाकर कुल 242 जोड़े पंजीकृत थे जिसमें से 199 जोड़ों का विवाह पूरी रीतिरिवाजों के साथ सम्पन्न कराया गया। इसमें 12 जोड़ों का इस्लामिक पद्धति से मौलवी साहिबे आलम द्वारा निकाह कराया गया। गया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में माननीय विधायक तरबगंज श्री प्रेम नरायन पाण्डेय, जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन, उपजिलाधिकारी तरबगंज विश्वामित्र, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, ने विवाह मण्डप पर बैठे जोडों को आर्शीवाद देते हुए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में किसी भी गरीब की बेटी के हाथ पीले होने से नहीं बचेंगे वो चाहे किसी जाति व धर्म की हों। सामूहिक विवाह हेतु हमारी सरकार रूपये 60000/- प्रति जोडे के दम्पतियों के खाते में दिया जाता है।

# ग्राम चौपाल में गूँजी जनसमस्याएं, डीएम ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड मिठवल के ग्राम पंचायत नचनी में 'ग्राम चौपाल-गाँव की समस्या गाँव में समाधान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं माननीय विधायक बांसी जय प्रताप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया और शासन की योजनाओं की समीक्षा की गई।

विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख तक के मुफ्त इलाज सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्रों तक पहुँचा रही है।जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से पेंशन (वृद्धा, विधवा, दिव्यांग), राशन वितरण, वरासत और भूमि विवाद से




जुड़े प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि राशन वितरण में अनियमितता और सरकारी कार्यों में हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा और किसान सम्मान निधि की समस्याओं के समाधान हेतु निर्देशित किया। साथ ही, 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने (फार्म-06) की अपील की। चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सचेत किया कि शासन की योजनाओं को लागू करने में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर सीडीओ बलराम सिंह, पीडी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, खण्ड विकास अधिकारी सौरभ पाण्डेय सहित अन्य जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 15 दिन में कार्यों को ना पूर्ण करने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : डीएम



अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में तहसील मनकापुर के विकास कार्यों एवं राजस्व संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में तहसील मनकापुर के समस्त खण्ड विकास अधिकारी, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक तथा ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे। बैठक के दौरान फार्मर रजिस्ट्री, अंश निर्धारण, चकमार्ग एवं सार्वजनिक भूमि सीमांकन के साथ-साथ जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित ग्राम पंचायतों के ग्राम पंचायत सचिवों एवं लेखपालों से फार्मर रजिस्ट्री की स्थिति की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर शतप्रतिशत पूर्ण किया जाए, जिससे किसानों के अभिलेखों का डिजिटलीकरण एवं सत्यापन समय से सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त बैठक में गांवों में चकमार्ग तथा सार्वजनिक भूमि के सीमांकन की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि चकमार्ग एवं सार्वजनिक भूमि का स्पष्ट सीमांकन ग्रामीण विकास एवं सार्वजनिक उपयोग की दृष्टि से आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए तथा किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# बांसी बीआरसी पर आउट ऑफ स्कूल बच्चों के तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का हुआ समापन

- शारदा कार्यक्रम के तहत ड्रॉप-आउट बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने पर दिया गया जोर

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र (BRC) बांसी में परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय 'आउट ऑफ स्कूल' (OOSC) प्रशिक्षण शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। खंड शिक्षा अधिकारी (BEO) बांसी, श्री नीरज सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षा से वंचित बच्चों को पुनः विद्यालय लाना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। शारदा पोर्टल और डेटा फीडिंगः संदर्भदाताओं ने शिक्षकों को 'शारदा' कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी। इसमें आउट ऑफ स्कूल बच्चों के




बेसलाइन मूल्यांकन और शारदा पोर्टल पर डेटा फीडिंग की बारीकियों को समझाया गया।

**ब्रिज कोर्स :** बच्चों को उनकी आयु के अनुरूप कक्षा स्तर पर लाने के लिए विशेष 'ब्रिज कोर्स' के संचालन पर विस्तृत चर्चा की गई।सृजनात्मक शिक्षणः संदर्भदाता गणेश पाठक, ध्रुव नारायण दुबे, आत्माराम, मारुति नंदन श्रीवास्तव और आशीष त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि इन बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने के लिए भावनात्मक लगाव और खेल-आधारित शिक्षण पद्धति (Activity Based Learning) अनिवार्य है।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी श्री नीरज सिंह ने कहा, 'इस प्रशिक्षण का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि ब्लॉक का कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। शिक्षकों की यह जिम्मेदारी है कि वे हर ड्रॉप-आउट बच्चे को चिन्हित कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करें। '

## सडक की बदहाली से ग्रामीण परेशान, जिलाधिकारी से मरम्मत की गुहार

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जनपद के विकास खंड अंतर्गत नचनी से दुभरा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क (सिसई रजवाहा जमुनी माइनर मार्ग) वर्तमान में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। सड़क की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है।

सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे गहरे गड्ढे बन गए है।आए दिन दोपहिया और चारपहिया वाहन इन गड्ढों के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। आवागमन में बाधाः यह मार्ग बचनी और दुभरा को जोड़ने वाली मुख्य कड़ी है, जिससे हजारों लोगों का संपर्क प्रभावित हो रहा है।क्षेत्रीय नागरिकों ने जिलाधिकारी महोदय को संबोधित एक शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि इस सड़क की स्थिति लंबे समय से खराब है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से विनम्र निवेदन किया है किसड़क का जल्द से जल्द स्थलीय निरीक्षण कराया जाए।

## साइबर ठगी का शिकार हुआ युवक, 1.86 लाख गंवाने के बाद न्याय के लिए लगा रहा गुहार

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जनपद के बांसी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नचनी निवासी तौलन यादव के बैंक खाते से अज्ञात साइबर ठगों द्वारा ?1,86,500 की बड़ी धनराशि अवैध रूप से निकाल ली गई। घटना के महीनों बीत जाने के बाद भी पुलिस और साइबर सेल द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न होने से पीड़ित अब दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है।पीड़ित तौलन यादव पुत्र सल्टू यादव का ॥ष्ठस्नष्ट बैंक, शाखा बांसी में खाता (संख्याः 50100483706770) है। बीते 21 अगस्त 2025 को उनके खाते से बिना किसी जानकारी के ?1,86,500 पार कर दिए गए। पीड़ित ने तत्काल इसकी सूचना जनपद के साइबर सेल को दी और शिकायत दर्ज कराई। कार्रवाई की सुस्त रफ्तार से पीड़ित परेशान तौलन यादव जो एक छोटा निजी व्यवसाय चलाते हैं, ने बताया कि घटना के बाद से वे लगातार जिला मुख्यालय और साइबर सेल के चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने बताया साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराए हुए लंबा समय बीत चुका है, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। प्रभावी कार्रवाई न होने से मेरी मेहनत की गाढ़ी कमाई फंसी हुई है, जिससे मेरा व्यवसाय ठप होने की कगार पर है और मेरी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है।थक-हारकर पीड़ित ने अब जिलाधिकारी को पत्र लिखकर गुहार लगाई है कि इस प्रकरण की गंभीरता से जांच कराई जाए।

## चकबंदी आयुक्त उप्र के निर्देश के क्रम में ग्राम चौपाल का आयोजन



**सिद्धार्थनगर।** डॉ हृषिकेश भास्कर यशोद चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के कुशल नेतृत्व एवं जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबंदी सिद्धार्थनगर के मार्गदर्शन में शुक्रवार को तहसील बांसी ग्राम बतसा पंचायत भवन पर ग्राम चौपाल का आयोजन डॉ ज्ञान प्रकाश उपसंचालक चकबंदी/अपर जिला अधिकारी महोदय सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सुनील कुमार सहायक चकबंदी अधिकारी, प्रदीप कुमार पेशी कानूनगो, सच्चिदानन्द, चकबंदीकर्ता, जगदीश कुशवाहा चकबंदी लेखपाल तथा बतसा की ग्राम प्रधान श्रीमती सीमा द्विवेदी, शिवेन्द्र द्विवेदी, सुन्दर मणि द्विवेदी आदि कृषकगण उपस्थित रहे।

## जूनियर हाई स्कूल पननी में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय पननी में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया ।इस अवसर पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान फूलचंद एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया ।कक्षा 7एवं 8 की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।इसके बाद विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां आयोजित की गयी। उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रशंसा की गयी । श्रेष्टा योजना एवं राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल बच्चों को माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक बाबूराम ने विद्यालय के बच्चों को सम्बोधित किया। राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक दयाशंकर पाण्डेय ने बच्चों को जीवन में आगे आने वाली चुनौतियों का सामना कर समाज में ऊँचा मुकाम हासिल करने हेतु प्रेरित किया उपस्थित छात्र एवं छात्राओं से उन्होंने ने कहा कि अपने से ऊपर के छात्र एवं छात्राओं से शिख लेना चाहिए अगर आगे बढ़ना है तो और जूनियर के छात्र एवं छात्राएं अपने बड़े का आदर करना चाहिए। इस अवसर पर विजयशंकर पाण्डेय, विनोद पाण्डेय, अनुपम एवं नम्रता उपस्थित रहीं।

# अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के द्वारा ग्रामीणों के लिये लगाया गया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

अवधनामा संवाददाता

**टांडा अम्बेडकरनगर।** अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री की टांडा यूनिट द्वारा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कंपनी की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (ष्टस्क्र) पहल के तहत स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और ग्रामीण समुदाय के कल्याण के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

चिकित्सा शिविर में करीब 200 ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। इसके साथ ही प्रारंभिक जांच, स्वास्थ्य परामर्श और विभिन्न बीमारियों की रोकथाम से संबंधित जानकारी भी दी गई।

डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम में डॉ. एस.के. वर्मा (एमबीबीएस, एमडी, डीएम कार्डियोलॉजी), डॉ. विवेक वर्मा




(ओरल एंड डेंटल सर्जन), डॉ. राजेश जायसवाल (एमबीबीएस, एमएस ऑर्थो) तथा डॉ. अपर्णा पटेल (होम्योपैथी) सहित अन्य विशेषज्ञ शामिल रहे, जिन्होंने मरीजों को आवश्यक उपचार और उचित मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर यूनिट हेड नागेश उपाध्याय ने कहा कि कंपनी आसपास के समुदायों के विकास और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस तरह के चिकित्सा शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

ग्राम प्रधान आजाद कुमार, राजमणि वर्मा, अभिषेक मिश्रा सहित ग्रामीणों ने कंपनी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस शिविर के माध्यम से विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को घर के पास ही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला।

कार्यक्रम के दौरान एचआर हेड करुणा करुण तिवारी ने सभी डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों और ग्राम प्रधानों का आभार व्यक्त किया। चिकित्सा शिविर के सफल आयोजन में अवधेश राय, मनोज शाह, सुदीप पांडे, कृष्णा सिंह और राणा प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा।

## बिना ड्यूटी पंचायत सहायक को मिला मानदेय जांच में प्रधान व सचिव दोषी

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** जनपद के मियांव विकासखंड अंतर्गत बरौना ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक को बिना नियमित ड्यूटी किए ही 54 हजार रुपये मानदेय दिए जाने का मामला उजागर हुआ है। ग्रामीणों की शिकायत पर हुई जांच में अनियमितता की पुष्टि हुई है और इस मामले में ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव को दोषी पाया गया है। जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार बरौना गांव में अप्रैल 2025 में अंशु की नियुक्ति पंचायत सहायक के पद पर की गई थी। आरोप है कि नियुक्ति के बाद वह नियमित रूप से पंचायत भवन पर उपस्थित नहीं होती थीं और अधिकतर समय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में व्यस्त रहती थीं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार उनकी जगह उनका भाई पंचायत भवन में बैठकर कामकाज देखता था। पंचायत सहायक की अनुपस्थिति का असर गांव के जरूरी कार्यों पर भी पड़ा।

## शांतिपूर्ण तरीके से अदा की जुमा अलविदा की नमाज़



अवधनामा संवाददाता

- गरीबों को मदद करने की बात कही देश की तरक्की व खुशहाली के लिए हुई दुआ

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** पवित्र रमज़ान माह के अंतिम शुक्रवार जुमतुलविदा की नमाज नगर व क्षेत्र में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के बीच शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। नमाज के खुतबे के दौरान अमन व शांति एवं मुल्क में समृध्दि के लिए दुआएं मांगी। काजीपुरा स्थित आला हज़रत मस्जिद में मौलाना हबीबुर्रहमान नूरी ने जुमतुलविदा की नमाज के दौरान इसराइली क़ब्ज़े में मस्जिद अक्सा की आजादी के लिए दुआएं मांगीं।खुतबे के दौरान उन्होंने गरीबों की मदद कर ईद की खुशी में गरीबों को शामिल करने की अपील भी की। सराय चौक स्थित वक्फ मस्जिद रौज-ए-हजरत कासिम में मौलाना रहबर रज़ा सुल्तानी ने नमाज अदा कराई। मदीना मस्जिद में कारी गयासुद्दीन व उर्दू बाजार स्थित जामा मस्जिद में मौलाना नजीबुल्लाह की क़यादत में जुमतुलविदा की नमाज अदा की गई । इस दौरान एडीशनल एसपी पूर्वी श्याम देव एसडीएम राहुल गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह, कोतवाल दलबल के साथ क्षेत्र का भ्रमण करते रहे।

# अपनी अदा पर फिदा

ट्रम्प पर अपनी अदा पर फिदा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। ट्रम्प जब से आये है अपनी अदा पर फिदा हो तरह तरह के कानून बना रहे है, प्रतिबन्ध लगा रहे है दूसरे देशो में घुसपैठ कर छोटी छोटी लड़ईयां करवा रहे है। अपनी अदा पर फिदा होना मानसिक बिमारी होती है ट्रम्प को अपना इलाज कराना चाहिये।

ट्रम्प ने कहा था ईरान युद्ध जल्द खत्म होगा। आप देख रहे है कि जल्द खत्म होता है। ट्रम्प कह रहे है ईरान युद्ध जल्द समाप्त हो सकता है वह कुछ प्रतिबन्ध भी हटाने को तैयार है। इसकी वजह से क्रूड आयल का दाम 120 डालर प्रति बैरल से कम होकर 90 डालर के नीचे पहुंच गया। पर संकट बना हुआ है। युद्ध की वजह से दुनियां के कई हिस्सों तेल की दिक्कत हो रही है। जिसकी वजह से इन्टरनेशनल इनर्जी एजेन्सी ने प्रमुख देशों से अपने इन्टरनेशनल से अपने राजनीतिक भन्डार खोलने की अपील की है। जिससे तेल की कमी पूरी हो सके। भारत ने इस अपील को नकार दिया है। क्योकि भारत की अपनी जरूरत बहुत बड़ी है। अभी यह अनुमान लगाना मुशकिल है कि तेल और गैस की वैश्विक सप्लाई कब तक शुरू होगी। ऐसे में चूकि भारत आयल में विविधता लेकर आया है जिसकी वजह से अभी देश में कोई संकट नहीं दिख रहा है। सरकार भी कह रही है पेट्रोल डीजल के दाम में बढ़ोतरी नहीं की जायेगी। सरकार के अश्वासन के बावजूद रसोई गैस में परेशानी बढ़ती जा रही है। सरकार ने इसी वजह से आवश्यक सेवा रख रखाव अधिनियम जारी कर दिया है। उधेश है आपूर्ति बनी रहे जमाखोरी रोकी जा सके।

देश में 33 करोड़ से ज्यादा घरेलू एलपीजी कनेक्शन है। सरकार चाहती है सप्लाई निर्बाध बनी रहे। पर एक पीजी के कमी की खबरे आने लगी है। सरकार ने इससे निपटने के लिये विकल्पों पर काम करना शुरू कर दिया है। पर विकल्पों के काम ने अतिरिक्त तेजी की जरूरत है। तेल की गैस पर भी भारत आयल पर निर्भर है। 60 प्रतिशत एलपीजी बाहर से मंगानी पड़ती है। आयल रिफाइनरी को प्रोडक्शन बढ़ाने के लिये कहा गया है। पर अगर बाहर से सप्लाई सुचारू रूप से नहीं होती तो संकट गहरा होता जायेगा। लोगो की जरूरतें पूरा कर पाना मुशकिल होगा।

इरान युद्ध जो ट्रम्प का नजीजा है सप्लाईयों की कमजोरी को सामने ला दिया है। सभी को अन्देशा था कि संघर्ष की सूरत में क्या होगा। पर इसकी तैयारी नहीं की जा सकी है। हालत को देखते हुये ट्रम्प के उछल कूद को देखते हुये वह अब और भी जरूरी हो गया है कि भारत अपने तेल गैस जरूरत के मामले में अपनी रणनीतिक स्वायत्त बरकार रक्खे।

जान कमेडी ने कहा था युद्ध का अन्त करना होगा नहीं तो युद्ध उसका अन्त कर देगा। अगर ट्रम्प केनेडी की बात पर गौर कर ले तो उनकी गरिमा ही बढ़ेगी और नोबेल शान्ती पुरस्कार की इच्छा को लेकर ट्रम्प दूसरे देशों के मसलों में घुसपैठ करते रहते है। सपना देखना बुरा नहीं है पर निगाह सिर्फ आमान पर ही नहीं जमीन पर भी रखना जरूरी होता है।

यह मामला एक ऐसी नर्स का था, जो दशकों तक कोमा की स्थिति में रही। उस निर्णय ने इस विषय पर व्यापक राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया। इसके बाद वर्ष 2018 में कॉमन कॉज़ बनाम भारत संघ के ऐतिहासिक फैसले में अदालत ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु को संवैधानिक मान्यता देते हुए 'लिविंग विल' की अवधारणा को स्वीकार किया। इसके अनुसार कोई व्यक्ति अपने जीवनकाल में ही यह लिखित रूप में व्यक्त कर सकता है कि यदि वह असाध्य स्थिति में पहुंच जाए तो उसे कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणालियों पर निर्भर न रखा जाए।

# इच्छा मृत्यु केवल कानून ही नहीं, मानवीय गरिमा का प्रश्न

भारतीय समाज में यह गहरी धारणा रही है कि परिवार के किसी सदस्य की सेवा तब तक की जाए, जब तक उसके प्राण स्वाभाविक रूप से समाप्त न हो जाएं। जीवन की रक्षा और उसकी देखभाल को एक नैतिक कर्तव्य के रूप में देखा जाता रहा है। यही कारण है कि भारतीय परिवारों में रोगी की सेवा केवल चिकित्सा का विषय नहीं होती, बल्कि भावनात्मक, धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था से भी जुड़ी होती है। कई बार यह भी देखा गया है कि प्रियजन की मृत्यु के बाद भी उसे लंबे समय तक जीवन लौटने की आशा में संभालकर रखा जाता रहा है। लेकिन जब कोई व्यक्ति ऐसी स्थिति में पहुंच जाए, जहां से सामान्य जीवन में लौटने की कोई संभावना न हो और उसका अस्तित्व केवल कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणालियों पर निर्भर रह जाए, तब यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या केवल जैविक अस्तित्व को बनाए रखना ही जीवन की रक्षा है? या फिर जीवन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए व्यक्ति को पीड़ा से मुक्ति देने का अधिकार भी स्वीकार किया जाना चाहिए?



ललित गर्ग

इसी जटिल और संवेदनशील प्रश्न के केंद्र में 11 मार्च 2026 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया वह निर्णय है, जिसमें गाज़ियाबाद के 31 वर्षीय हरीश राणा को निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी गई। लगभग तेरह वर्षों से कोमा में जीवन बिताने वाले इस युवक के मामले में अदालत का यह निर्णय केवल एक कानूनी आदेश भर नहीं है, बल्कि जीवन, मृत्यु और मानवीय गरिमा के बीच संतुलन खोजने का एक गंभीर एवं संवेदनशील प्रयास भी है। दरअसल, हरीश राणा का मामला हमें यह सोचने के लिए बाध्य करता है कि इच्छामृत्यु का प्रश्न केवल कानून का विषय नहीं है, बल्कि एक गहरी मानवीय कहानी भी है। यह एक ऐसे युवा की कहानी है, जिसका जीवन एक दुर्घटना के बाद अचानक बदल गया और जो तेरह वर्षों तक एक मौन जीवन-मृत्यु संघर्ष में जीता रहा। उस संघर्ष में शब्द नहीं थे, संवाद नहीं था, केवल एक स्थिर और असहाय जैविक अस्तित्व था। ऐसे में परिवार, चिकित्सकों और समाज के सामने यह कठिन दुविधा खड़ी हो जाती है कि जीवन को किस सीमा तक कृत्रिम रूप से बनाए रखा जाए।



इस निर्णय का सबसे महत्वपूर्ण आधार भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 है, जो प्रत्येक व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है। समय के साथ न्यायपालिका ने इस अनुच्छेद की व्याख्या को व्यापक बनाते हुए यह स्पष्ट किया कि जीवन का अधिकार केवल सांस लेने या जीवित रहने का अधिकार नहीं है, बल्कि गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार भी है। इसी संवैधानिक दृष्टिकोण ने आगे चलकर यह प्रश्न उठाया कि यदि व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार है, तो क्या उसे गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार भी नहीं होना चाहिए? भारत में इच्छामृत्यु से जुड़ा न्यायिक विमर्श धीरे-धीरे विकसित हुआ है। वर्ष 2011 में अरुणा शानबाग मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी। यह मामला एक ऐसी नर्स का था, जो दशकों तक कोमा की स्थिति में रही। उस निर्णय ने इस विषय पर व्यापक राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया। इसके बाद वर्ष 2018 में कॉमन कॉज़ बनाम भारत संघ के ऐतिहासिक फैसले में अदालत ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु को संवैधानिक मान्यता देते हुए 'लिविंग विल' की अवधारणा को स्वीकार किया। इसके अनुसार कोई व्यक्ति अपने जीवनकाल में ही यह लिखित रूप में व्यक्त कर सकता है कि यदि वह असाध्य स्थिति में पहुंच जाए तो उसे कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणालियों पर निर्भर न रखा जाए।

हरीश राणा के मामले में चिकित्सा विशेषज्ञों के बोर्ड ने यह स्पष्ट किया कि निरंतर उपचार का कोई चिकित्सीय उद्देश्य शेष नहीं रह गया था। चिकित्सा केवल जैविक अस्तित्व को लंबा खींचने का माध्यम बन गई थी। ऐसे में अदालत की स्वीकृति इस कठिन सत्य को स्वीकार करती है कि जीवन की गरिमा केवल जीने में ही नहीं, बल्कि मृत्यु में भी बनी रहनी चाहिए। फिर भी इच्छामृत्यु का प्रश्न अत्यंत जटिल और विवादास्पद रहा है। दुनिया के अनेक देशों में इस विषय पर गंभीर नैतिक और कानूनी बहस चलती रही है। कई देशों ने इसे सीमित परिस्थितियों में कानूनी मान्यता दी है, जबकि कई अन्य देशों में इसके दुरुपयोग की आशंका के कारण इसे स्वीकार नहीं किया गया है। भारत में भी यह विषय संवेदनशील बना हुआ है, क्योंकि यहां पारिवारिक संबंधों, धार्मिक मान्यताओं और सामाजिक भावनाओं की भूमिका अत्यंत गहरी है।

इसी संदर्भ में जैन धर्म में प्रचलित संथारा या सल्लेखना की परंपरा भी कई बार चर्चा में आती रही है। जैन दर्शन में इसे मृत्यु का महोत्सव कहा गया है। संथारा का अर्थ है-जीवन के अंतिम चरण में धीरे-धीरे आहार और शरीर की आसक्तियों का त्याग करते हुए शांति एवं समाधिपूर्वक मृत्यु को स्वीकार करना। जैन आचार विचार में इसे आत्मसंयम और आध्यात्मिक साधना का सर्वोच्च रूप माना गया है। संथारा और आधुनिक इच्छामृत्यु के बीच अंतर भी है और समानताएं भी। संथारा का आधार आध्यात्मिक साधना और वैराग्य है, जबकि आधुनिक इच्छामृत्यु का आधार चिकित्सा विज्ञान और मानवीय पीड़ा से मुक्ति का विचार है। फिर भी दोनों के केंद्र में एक समान भाव दिखाई देता है-जीवन की अंतिम अवस्था में गरिमा और स्वायत्तता का सम्मान। हालांकि इस परंपरा को लेकर भी न्यायालयों में बहस होती रही है कि क्या इसे धार्मिक स्वतंत्रता माना जाए या आत्महत्या के रूप में देखा जाए। इस बहस ने यह स्पष्ट किया है कि जीवन और मृत्यु से जुड़े प्रश्न केवल कानूनी तर्कों से हल नहीं होते, बल्कि उनमें नैतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयाम भी शामिल होते हैं। प्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक विनोबा भावे ने इस परंपरा की विशेष सराहना की थी। उन्होंने कई अवसरों पर यह इच्छा भी व्यक्त की थी कि यदि संभव हो तो वे भी जीवन के अंतिम क्षणों में इसी प्रकार की शांत, संयमित और जागरूक मृत्यु प्राप्त करना चाहेंगे। इसीलिए हरीश राणा का मामला हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि संविधान की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संवेदनशील व्याख्या में निहित है। जब न्यायपालिका जीवन के अधिकार की व्याख्या करते हुए मानवीय गरिमा और करुणा को केंद्र में रखती है, तब वह केवल कानून का पालन नहीं करती, बल्कि समाज को अधिक संवेदनशील और मानवीय दिशा भी प्रदान करती है। यह भी सच है कि भारत में इच्छामृत्यु को लेकर अभी तक कोई समग्र और स्पष्ट कानून नहीं है।

## '70 फीसदी नदियाँ बनीं 'डेड ज़ोन' : मंगल पर पानी खोजने वाले क्या अपनी धरती का अमृत बचा पाएंगे?

नदियाँ केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि उन महान सभ्यताओं की धड़कन हैं जो हज़ारों सालों से इनके किनारों पर पनपी और फली-फूलीं। लेकिन आज 14 मार्च को जब पूरी दुनिया 'नदियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस' मना रही है, तो सबसे बड़ा और चुभता हुआ सवाल यह है कि क्या हमने अपनी इन जीवनरेखाओं को सिर्फ़ एक गंदा नाला बनकर रहने के लिए छोड़ दिया है? भारत जैसे देश में, जहाँ नदियों को माँ और देवी का दर्जा देकर उनकी आरती उतारी जाती है, वहाँ की जलधाराओं में घुलता ज़हर हमारी गहरी होती दोहरी मानसिकता का प्रतीक बन चुका है। हम सुबह श्रद्धा के साथ घाटों पर दीप दान करते हैं और शाम होते-होते उसी पवित्र जल में फैक्ट्रियों का ज़हरीला रसायन, प्लास्टिक और शहर का सारा सीवेज बहा देते हैं। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि जो नदियाँ सदियों से हमें जीवन और शुद्धता देती आ रही हैं, आज वे खुद इंसानी लालच के बीच अपने अस्तित्व के लिए तड़प रहीं हैं।



दिलीप पाठक

हैरानी की बात यह है कि हम मंगल ग्रह पर पानी ढूंढ रहे हैं, लेकिन अपनी धरती पर बहते अमृत को गटर बना रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि हर साल हज़ारों करोड़ रुपये सफाई के नाम पर बहाए जाते हैं, लेकिन परिणाम %ढाक के तीन पात% ही रहते हैं। जब तक जन-जन में नदी के प्रति संवेदना नहीं जगेगी, तब तक हर सरकारी योजना केवल फाइलों का पेट भरेगी, नदियों का नहीं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की लगभग 70 प्रतिशत नदियाँ प्रदूषित हो चुकी हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने देश में 350 से अधिक ऐसे नदी क्षेत्रों की पहचान की है जो अब डेड ज़ोन में बदल चुके हैं, जहाँ ऑक्सीजन का स्तर शून्य है और जलीय जीवन समाप्त हो चुका है। यमुना जैसी पौराणिक नदी दिल्ली के पास पहुँचते ही इसी मौत के जाल में फँस जाती है। इतना ही नहीं, गंगा जैसी जीवनदायिनी नदी के किनारे बसे सैकड़ों शहरों का औद्योगिक कचरा आज भी बिना शोधन के सीधे जलधारा में मिल रहा है, जो जल प्रदूषण के साथ-साथ गंभीर बीमारियों का कारण बन रहा है। पिछले कुछ दशकों में हमने अपनी सैकड़ों छोटी नदियों और सहायक धाराओं को पूरी तरह खो दिया है। जो नदियाँ बारहमासी हुआ करती थीं, वे अब केवल मानसून के कुछ दिनों में ही जीवित नजर आती हैं। उत्तर प्रदेश की हिंडन, मध्य प्रदेश की खान नदी या दक्षिण भारत की कई छोटी धाराएं आज सीवेज ढोने वाले नालों में तब्दील हो चुकी हैं। विकास की अंधी और अनियंत्रित दौड़ में हमने नदियों के प्राकृतिक स्वरूप के साथ जो खिलवाड़ किया है, उसका खामियाजा अब जलवायु परिवर्तन, भीषण बाढ़ और पाताल की ओर गिरते भू-जल स्तर के रूप में हमारे सामने खड़ा है। नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों पर बढ़ते अतिक्रमण और कंक्रीट के जंगलों ने उनके पुनर्भरण की क्षमता को ही नष्ट कर दिया है। बाँधों के अनियंत्रित जाल ने नदियों की अविरलता छीन ली है, तो बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण ने उनकी निर्मलता को खत्म कर दिया है। अक्सर हम यह मान लेते हैं कि पर्यावरण संरक्षण केवल वैज्ञानिकों या सरकारों का काम है, लेकिन सच यह है कि नदियों की बर्बादी में हमारी खामोश सहमति भी शामिल है। अवैध रेत उत्खनन ने नदियों के सीने को छलनी कर दिया है। विश्व स्तर पर आज नदियों के अधिकारों की वकालत की जा रही है। कई प्रगतिशील देशों ने तो अपनी नदियों को जीवित इकाई का कानूनी दर्जा भी दिया है। भारत में भी इस दिशा में कड़े कानूनी प्रावधानों के साथ-साथ एक व्यापक जन-आंदोलन की तत्काल ज़रूरत है। हमें अपनी दैनिक जीवनशैली में बदलाव लाना होगा जैसे केमिकल युक्त साबुनों और प्लास्टिक के बढ़ते मोह को त्यागना होगा। नदियों के किनारे वृक्षारोपण और मिट्टी के कटाव को रोकने के प्रयास केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर दिखने चाहिए। 14 मार्च का यह अंतर्राष्ट्रीय दिन हमें एक कड़वी चेतावनी दे रहा है। वैज्ञानिक अनुमानों के अनुसार, यदि नदियों के दोहन की यही रफ्तार रही, तो साल 2030 तक देश की 40 प्रतिशत आबादी के पास पीने के पानी की भारी कमी होगी। नदियाँ हमारी विरासत हैं, बोझ नहीं। नदियाँ प्रकृति का वह उपहार हैं जिसे दोबारा बनाया नहीं जा सकता, सिर्फ़ सहेजा जा सकता है। सभ्यताएं नदियों के किनारे जनमती ज़रूर हैं, लेकिन इतिहास गवाह है कि नदियों के सूखने या उनके मरने के साथ ही महान सभ्यताओं का अंत भी निश्चित है। आज का दिन संकल्प का दिन है यानी नदी को बचाने का संकल्प और खुद को बचाने का संकल्प।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# सबके लिए आवास योजना पूरी नहीं हुई

लाभार्थियों का चयन सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना, ग्राम सभा की स्वीकृति और तकनीकी सत्यापन की प्रक्रिया के आधार पर किया जाता है, तथा राशि सीधा लाभार्थियों के बैंक खाते में किश्तों के रूप में भेजी जाती है। राष्ट्रीय स्तर पर इस योजना का दायरा काफी व्यापक है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार दिसंबर 2025 तक देश भर में इस योजना के तहत लगभग 3.86 करोड़ घरों को स्वीकृति दी जा चुकी थी।

भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों के लिए कभी अपना पक्का मकान होना किसी सपने से कम नहीं था। खेतों में दिन-रात मेहनत करने वाले गरीब परिवारों के लिए यह सपना अक्सर कई पीढ़ियों तक अधूरा रह जाता है। इसी सपने को पूरा करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) शुरू की, ताकि कच्चे या जर्जर घरों में रहने वाले परिवारों को पक्का आवास मिल सके। फिर भी देश के कई गांवों में ऐसे लोग आज भी हैं जिनके लिए यह सपना अभी तक अधूरा है। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी ब्लॉक स्थित सितुआरा गांव की कहानी भी कुछ ऐसी ही है, जहां बहुत से परिवार आज भी एक पक्के घर की उम्मीद में इंतजार कर रहे हैं।



काजल कुमारी

इस गांव में लगभग 400 से अधिक घर हैं, जिनमें अनुसूचित जाति और अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी अधिक है। गांव के अधिकांश लोग दिहाड़ी मजदूरी, खेतिहर काम या छोटे-मोटे श्रम से अपना जीवन चलाते हैं। रोज कमाने और खाने वाले इन परिवारों के लिए पक्का घर बनाना आसान नहीं है। ऐसे में प्रधानमंत्री आवास योजना ही उनके लिए एक उम्मीद बनकर सामने आई है, क्योंकि इसी के सहारे उन्हें लगता है कि एक दिन उनका भी अपना सुरक्षित घर होगा। लेकिन उनकी यही उम्मीद अभी तक पूरी नहीं हो रही है।

गांव की 55 वर्षीय शीला देवी इसका एक उदाहरण हैं। लगभग दस वर्ष पहले उन्हें आवास योजना के तहत पहली किश्त मिली थी। उस समय उनके परिवार में यह खबर किसी त्योहार से कम नहीं थी। उन्होंने उम्मीद के साथ घर की नींव डलवाई और दीवारें खड़ी करानी शुरू की, लेकिन इसके बाद आगे की किस्त उन्हें नहीं मिल सकी। धीरे-धीरे समय बीतता गया और उनका घर आधा बनकर ही रह गया। इसी गांव की 30 वर्षीय माला देवी की कहानी भी अलग नहीं है। उन्होंने चार वर्ष पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन किया था। उस समय उन्हें विश्वास था कि कुछ समय बाद उन्हें भी इस योजना का लाभ मिलेगा और उनका परिवार कच्चे घर से निकलकर एक पक्के घर में रहने लगेगा। लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी उन्हें अभी तक इस योजना का लाभ नहीं मिल सका है।

गांव की एक अन्य महिला, जिन्होंने अपना नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बात की, बताती हैं कि उन्हें योजना के तहत 1 लाख 20 हजार रुपये की सहायता मिली थी। लेकिन इस राशि में से करीब 20 हजार रुपये उन्हें घूस के रूप में देने पड़े, जिसके बाद उन्होंने आगे की किश्त लेने से ही मना कर दिया। उनका कहना है कि उन्होंने जितना पैसा मिला था उसी से किसी तरह घर की दीवारें खड़ी कराई, लेकिन पूरा घर बन पाना संभव नहीं हो सका।



गांव के कई परिवार आज भी मिट्टी या फूस के घरों में रहते हैं। बरसात में दीवारों के गिरने और छत के टपकने का डर हमेशा बना रहता है। खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए यह स्थिति और कठिन हो जाती है, क्योंकि घर ही वह जगह है जहां उन्हें सबसे अधिक सुरक्षा और आराम मिलना चाहिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की शुरुआत साल 2016 को 'सबके लिए आवास' के लक्ष्य के साथ की गई थी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बेघर परिवारों या कच्चे और जर्जर घरों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ पक्का घर उपलब्ध कराना है। योजना के तहत सामान्य क्षेत्रों में एक घर के निर्माण के लिए लगभग 1.20 लाख रुपये की सहायता दी जाती है, जबकि पहाड़ी और कठिन क्षेत्रों में यह राशि 1.30 लाख रुपये तक होती है। लाभार्थियों का चयन सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना, ग्राम सभा की स्वीकृति और तकनीकी सत्यापन की प्रक्रिया के आधार पर किया जाता है, तथा राशि सीधा लाभार्थियों के बैंक खाते में किश्तों के रूप में भेजी जाती है। राष्ट्रीय स्तर पर इस योजना का दायरा काफी व्यापक है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार दिसंबर 2025 तक देश भर में इस योजना के तहत लगभग 3.86 करोड़ घरों को स्वीकृति दी जा चुकी थी, जिनमें से करीब 2.92 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। सरकार ने 2024 से 2029 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त दो करोड़ घर बनाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है ताकि ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराया जा सके। बिहार भी उन राज्यों में शामिल है जहां इस योजना का बड़ा दायरा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016 में योजना शुरू होने के बाद से बिहार में लगभग 39 लाख से अधिक घरों को स्वीकृति दी जा चुकी है और इनमें से करीब 36 लाख से अधिक घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि राज्य में बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवारों को पक्का घर मिला है और लाखों लोगों के जीवन में स्थायित्व आया है।

मुजफ्फरपुर जिला भी इस योजना के दायरे में आने वाले प्रमुख जिलों में है। उपलब्ध सरकारी आंकड़ों के अनुसार जिले में हजारों परिवारों को आवास योजना के तहत घर स्वीकृत किए गए हैं। विभिन्न सरकारी रिपोर्टों के अनुसार मुजफ्फरपुर में हजारों घरों को मंजूरी मिली है और कई घरों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवारों को पक्का आवास मिला है।


इन सबके बीच प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण भारत में गरीब परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आई है। यह योजना केवल घर बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके साथ स्वच्छ शौचालय, बिजली, पानी और स्वच्छ ऊर्जा जैसी सुविधाओं को भी जोड़ने की कोशिश की गई है ताकि ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता बेहतर हो सके। सरकार ने इस योजना को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में आवास निर्माण को प्राथमिकता देने की बात भी कही है।

केंद्रीय बजट 2026-27 में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लिए लगभग 54,917 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है। यह आवंटन ग्रामीण क्षेत्रों में पक्के मकानों के निर्माण और बुनियादी सुविधाओं के साथ ग्रामीण आवास को बढ़ावा देने के लिए किया गया है, जो ग्रामीण विकास मंत्रालय के कुल खर्च का एक बड़ा हिस्सा है। जो गांव के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। लेकिन सितुआरा गांव के कई परिवार आज भी उस दिन का इंतजार कर रहे हैं जब इस योजना के माध्यम से उनके पक्के घरों का सपना पूरा होगा।

# साम्प्रदायिक सद्भाव का सन्देश देता पवित्र माह-ए-रमज़ान

इस वर्ष साम्प्रदायिक सद्भाव की और भी अनेक ख़बरें सुनने व देखने को मिलीं। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में सिख युवाओं ने लाल चौक पर रोज़दारों को शरबत व पानी पिलाया तथा खजूर आदि वितरित कर उनके लिये इफ़्तार का प्रबंध किया। इसी तरह पंजाब के जीजी इंस्टीट्यूट में हिन्दू, मुस्लिम, सिख भाइयों ने एक साथ मिलकर रोज़ा इफ़्तार किया इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से नमाज़ अदा कर देश में अमन शांति व भाईचारे की दुआ माँगी। इन दिनों दिल्ली की रहने वाली नेहा भारती सोशल मीडिया के माध्यम से काफ़ी लोकप्रिय हो रही हैं।

पूरे विश्व में इन दिनों मुसलमानों की इबादत का पवित्र महीना 'रमज़ान' पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस बात से सभी भलीभांति परिचित हैं कि धार्मिक नियमों व रीति रिवाजों का अनुपालन करने वाले मुस्लिम समुदाय के लोग रमज़ान के पूरे महीने के दौरान दिन भर रोज़ा (व्रत) रखते हैं और सारा दिन खाना पानी कुछ भी ग्रहण नहीं करते। सूर्योदय से पूर्व सहरी खाकर सूर्यास्त के बाद इफ़्तारी कर रोज़दार लोग अपना रोज़ा खोलते हैं। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों या अपने अपने घरों में इबादत भी करते हैं। भारत में प्रत्येक वर्ष रमज़ान के दौरान हिन्दू, मुस्लिम और सिख समुदायों के बीच एकता की कई हृदयस्पर्शी व प्रेरणादायक मिसालें देखने को मिलती हैं। ऐसी मिसालें निश्चित रूप से हमारे देश के भाईचारे, आपसी सहयोग और मुहब्बत का प्रतीक हैं। कहीं हिन्दू तो कहीं सिख रोज़ा इफ़्तार करते हैं। तो कहीं मंदिर में इफ़्तारी कर मुस्लिम भाइयों को कोई पंडित जी रोज़ा खुलवाते हैं। कहीं मुस्लिम लोग क़ुरआन की तरावीह (नमाज़ -इबादत ) छोड़ कर पड़ोसी हिन्दू भाई के घर में लगी आग बुझाने पहुँच जाते हैं तो कहीं हिन्दू भाई बहन रोज़ा रखकर मुहब्बत का पैग़ाम देते हैं। जस्टिस मारकण्डे काटजू सहित देश के अनेक ग़ैर मुस्लिम बुद्धिजीवी रमज़ान के दौरान प्रतीकात्मक रूप से रोज़ा रखकर साम्प्रदायिक सद्भाव का सन्देश देते हैं।



निर्मल रानी

उदाहरण के तौर पर राजस्थान के बाड़मेर और जैसलमेर जैसे सीमावर्ती ज़िलों में एक हिन्दू परिवार के सदस्य माह -ए - रमज़ान में पांच रोज़े रखते हैं। इसी तरह महाराष्ट्र के नांदेड़ ज़िले के एक गांव में 40-50 हिन्दू रोज़ा रखते हैं और नियमानुसार सहरी व इफ़्तार ग्रहण करते हैं। इन हिन्दू रोज़दारों का कहना है कि यह उनके परिवारों की सदियों पुरानी परंपरा है। इसी तरह राजस्थान के सीकर ज़िले के कांवट गांव में हिन्दू-सिख परिवार मस्जिद में 15 दिनों तक इफ़्तार की दावत दे कर श्रद्धा, सद्भाव व प्रेम का सन्देश देते हैं। राजस्थान के कांवट में सिख परिवार भी हिन्दुओं संग मिलकर रोज़दारों को भोजन कराते हैं। हिन्दू-मुस्लिम सौहार्द का ज्वलंत उदाहरण चेन्नई के मायलापुर स्थित सूफ़ीदर मंदिर में देखने को मिलता है। यहाँ गत 40 वर्षों से रोज़ा रखने वालों के लिए इफ़्तार तैयार किया जाता है। यहाँ के पंडित और स्वयंसेवक मुस्लिम रोज़दार भाइयों को इफ़्तार कराकर उन्हें रोज़ा खुलवाते हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश के इटावा के अमर सिंह शाक्य जैसे हिन्दू 22 वर्षों से पूरे 30 रोज़े रखते आ रहे हैं । उधर उत्तर प्रदेश के रामपुर में ही इस बार मुस्लिमों ने रोज़ा रखते हुए अपने हिन्दू साथियों के साथ मिलकर होली भी मनाई। बेशक ऐसे आयोजन व गतिविधियां विभिन्न आस्थाओं के बीच आपसी विश्वास को बढ़ाती हैं।




पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला फ़ैसलाबाद में रात के समय एक हिन्दू व्यक्ति के घर में रखे गैस सिलेंडर से भीषण आग लग गयी। उस समय पास की एक मस्जिद में अनेक मुस्लिम भाई रोज़ा इफ़्तार के बाद तरावीह की नमाज़ अदा कर रहे थे। वे सभी पड़ोस से अचानक उठने वाले शोर शराबे से व्याकुल हुये। सभी मुस्लिम भाइयों ने नमाज़ तरावीह छोड़ दी और फ़ौरन एक साथ मौक़े पर पहुंचकर न केवल आग बुझाने में मदद की बल्कि मस्जिद से पानी का भी पूरा उपयोग कर आग बुझाने में सफलता हासिल की। इन सबकी की मदद से ही आग पर क़ाबू पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। इस इंसानियत भरी मिसाल ने हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे को और मज़बूत किया। जहाँ मुस्लिम भाइयों ने अपनी इस सेवा को ही सच्ची इबादत बताया वहीँ हिन्दू पीड़ित परिवार ने भी यह कहा कि हम मुस्लिम भाइयों की इस इंसानियत को कभी नहीं भूलेंगे।

देश के विभिन्न भागों से रमज़ान के दौरान इस वर्ष साम्प्रदायिक सद्भाव की और भी अनेक ख़बरें सुनने व देखने को मिलीं। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में सिख युवाओं ने लाल चौक पर रोज़दारों को शरबत व पानी पिलाया तथा खजूर आदि वितरित कर उनके लिये इफ़्तार का प्रबंध किया। इसी तरह पंजाब के जीजी इंस्टीट्यूट में हिन्दू, मुस्लिम, सिख भाइयों ने एक साथ मिलकर रोज़ा इफ़्तार किया इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से नमाज़ अदा कर देश में अमन शांति व भाईचारे की दुआ माँगी। इन दिनों दिल्ली की रहने वाली नेहा भारती सोशल मीडिया के माध्यम से काफ़ी लोकप्रिय हो रही हैं। वे पिछले 4 वर्षों से लगातार रमज़ान के पूरे महीने पुरानी दिल्ली की जामा मस्जिद के बाहर रोज़दारों के लिए इफ़्तार का इंतज़ाम कर रही हैं। वह हर दिन लगभग लगभग 300 से 350 रोज़दारों को इफ़्तार कराती हैं। नेहा भारती की श्रद्धा को इस बात से भी समझा जा सकता है कि वे इफ़्तार का सामान (पकवान) अपने घर पर अपने हाथों से ही तैयार करती हैं और शाम को उसे लेकर स्वयं जामा मस्जिद पहुंचती हैं और रोज़दारों में वही इफ़्तारी पूरी श्रद्धा व सद्भाव के साथ वितरित करती हैं। नेहा के साथ उनके परिवार के सदस्य और अनेक मित्र भी इन सब में उनकी सहायता करते हैं। पूरे रमज़ान के दौरान वह रोज़ाना इफ़्तारी में अलग अलग तरह के पकवान बनाती हैं ताकि रोज़ इफ़्तार करने वालों को अलग अलग तरह के पकवान मिल सकें । नेहा के अनुसार यह पवित्र काम उन्हें ख़ुशी व सुकून देता है और वह इसे लोगों के बीच भाईचारे और मोहब्बत का संदेश फैलाने का माध्यम मानती हैं। वह चाहती हैं कि अधिक से अधिक युवा ऐसे कामों से जुड़ें और समाज में सद्भाव का माहौल मज़बूत हो।

हालाँकि देशभर में विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता व तमाम प्रमुख लोग साम्प्रदायिक सद्भाव का प्रदर्शन करने के लिये रमज़ान में सांकेतिक रोज़ा इफ़्तार पार्टी का आयोजन कर मीडिया में सुर्ख़ियां बटोर कर अपने दायित्व की इतिश्री समझते हैं। परन्तु हमारे देश में साम्प्रदायिक शक्तियों की सक्रियता के बावजूद देश भर में स्वभाविक रूप से एक दूसरे धर्मों का सम्मान करने उनके त्योहारों व रीति रिवाजों में शामिल होने का वह जज़्बा मौजूद है जिसे कोई भी दल,सत्ता,संगठन या विचारधारा कभी भी समाप्त नहीं कर सकते। यही सद्भावपूर्ण वातावरण यह प्रमाणित करने के लिये काफ़ी है कि यह देश राम-कृष्ण -रहीम -नानक - कबीर - व चिश्ती जैसे महान संतों व फ़क़ीरों का देश है और इसका स्वभाव हमेशा ऐसा ही रहेगा।

## प्रदेश में फिर से मौसम लेगा करवट

# 15 और 16 मार्च को कई जिलों में बारिश का अलर्ट

**अवधनामा संवाददाता**



फाइल फोटो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बीते कई दिनों से धुंध व कोहरे की समस्या से बृहस्पतिवार को लगभग निजात मिली। हालांकि कुछ तराई व पश्चिमी जिलों में अभी भी सुबह के समय हल्की धुंध रही। धुंध छंटने से प्रदेश भर में तपिश बढ़ी और बृहस्पतिवार को बांदा में सर्वाधिक 39 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। वहीं झांसी में 38.3 डिग्री और उरई में 37.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। 23 डिग्री के साथ बांदा में सबसे गर्म रात रही।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि यूपी में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके असर से तराई व पूर्वांचल में 15 व 16 मार्च को गरज चमक और तेज हवा के झोंके के साथ बारिश की संभावना है। इसके असर से दिन के तापमान में 2 से 4 डिग्री और रात के तापमान में 3 से 5 डिग्री की गिरावट के संकेत हैं। शुक्रवार से धुंध में प्रभावी रूप से कमी आएगी।

■ धुंध छंटते ही बढ़ी तपिश, तापमान 35 डिग्री के पार

राजधानी में बृहस्पतिवार को सुबह धुंध और कोहरे से निजात रही। दिन चढ़ने के साथ धूप खिली और अधिकतम तापमान 35 डिग्री के पार चला गया। 35.3 डिग्री सेल्सियस के साथ बृहस्पतिवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन साबित हुआ। वहीं, नमी भरी पूर्वा हवाओं की वजह से लोगों को उमस भरी गर्मी महसूस हुई।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि 13 व 14 मार्च को तापमान बढ़ेगा। इसके बाद 15 व 16 मार्च को विक्षोभ के असर से बादलों की आवाजाही हो सकती है।

# स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड से विकास यादव सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा जनपद देवरिया के विकास खण्ड बैतालपुर के बरनई निवासी सामाजिक कार्यकर्ता विकास यादव को जिला स्तरीय स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के साथ उन्हें 25 हजार रुपये की नकद राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

विकास यादव पिछले कई वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं और महिलाओं को जागरूक करने के लिए शिक्षा, नशामुक्ति अभियान, मतदाता जागरूकता, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, जैविक खेती, जरूरतमंदों को निःशुल्क कंबल वितरण, आपदा प्रबंधन, पुस्तकालय स्थापना, परिवार नियोजन जागरूकता, युवा संवाद कार्यक्रम तथा खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने जैसे कई कार्य किए हैं। कोरोना महामारी के दौरान भी उन्होंने जरूरतमंद लोगों की सहायता करने और जनजागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसके लिए उन्हें कोरोना योद्धा के रूप में भी सम्मानित किया जा चुका है। विकास यादव को स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड मिलने पर जिला युवा कल्याण अधिकारी पुनीत कुमार, जिला युवा अधिकारी चंद्रभूषण चौबे, डॉ अजय कुमार यादव बी ओ निखिल आनंद, नीरज मिश्रा, साहू विशाल कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान हरेंद्र यादव, सभासद बद्रीनाथ गुप्ता, अजीत कुमार, चंद्रशेखर यादव, प्रधान प्रतिनिधि हरकेश यादव प्रदीप गोंड़ परशुराम गुप्ता सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

## महामहिम का आना बदल रहा गोवर्धन रोड़ की तस्वीर

**मथुरा।** महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तीन दिवसीय मथुरा दौरा गोवर्धन रोड़ की तस्वीर बदल रहा है। रोड़ के गड्ढे भरे जाने लगे हैं। टूटी पुलिया चिनी जाने लगी हैं। डिवाईडरों की रंगाई पुताई होने लगी हैं। डिवाईडर की कच्ची जगह में पौधे लगाने को सुरक्षा गार्ड भी लगने लगे हैं। पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी गोवर्धन की ओर दौड़ने लगे हैं। कयी माह से सतोहा और खामनी की कालोनियों का सड़क पर बह रहा पानी सूख गया है। जिन कामों के लिए जनता और जन प्रतिनिधि सालों से कहते फिर रहे थे वह तेज रफ्तार से हो रहे हैं।

धन्यवाद है महामहिम का, उनकी आस्था का एवं उनकी धार्मिक अभिरुचि का। वह गत सितंबर माह में शहर के अंता पांडा स्थित कुब्जा कृष्ण मंदिर पहुंचीं तो वहां की दुर्दशा ठीक हो गई। अभी उनके गोवर्धन परिक्रमा के कार्यक्रम के चलते गोवर्धन चौराहे से गोवर्धन तक हर छोटी-बड़ी कमी को ठीक करने का जतन शूरू हो गया है। डीपीआरओ गोवर्धन मार्ग पर पड़ने वाली पंचायतों को जिम्मेदारी बताते फिर रहे हैं।

# गैस एजेंसी ने शुरू की ऑफलाइन बुकिंग की व्यवस्था



**अवधनामा संवाददाता**

**गोवर्धन (मथुरा)।** एक और जहां पूरे प्रदेश भर में लोग गैस सिलेंडर की समस्या से जूझ रहे हैं। जगह-जगह गैस एजेंसीयों पर लोगों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही है। लोगों का कहना था कि कई कई दिनों तक ऑनलाइन गैस बुकिंग के लिए प्रयास कर रहे हैं लेकिन फोन नंबर ही नहीं मिलते तो ऐसे में गैस की बुकिंग कैसे हो। इसी को लेकर काफी दिनों से अफरा तफरी का माहौल चल रहा है तो वही समस्या से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। साथ ही अब गैस एजेंसियों को ऑफलाइन बुकिंग के भी निर्देश दिए जा रहे हैं। गोवर्धन में भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है जब मीडिया कर्मियों ने एजेंसी संचालकों से बात की तो उन्होंने बताया कि गैस की कोई किल्लत नहीं है गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है लेकिन ऊपर से आदेश है कि केवल जिनकी बुकिंग है उन्हीं को सिलेंडर प्रदान किए जाएं। लेकिन कई लोगों की समस्या आ रही थी की बुकिंग नहीं हो पा रही थी उसके लिए भी अब एजेंसी द्वारा समाधान के रूप में ऑफलाइन रजिस्टर में गैस बुकिंग दर्ज की जा रही है जिससे उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जा सके।

# गैस टोल फ्री नंबर हुआ खराब, सिलेंडर बुकिंग बंद

**अवधनामा संवाददाता**



**उरई (जालौन)।** गैस बुकिंग का का टोल फ्री नंबर खराब होने से गैस आपूर्ति बुरी तरह से लड़खड़ा गई है। लोग ऑनलाइन गैस बुकिंग नहीं कर पा रहे हैं। आज लोग गैस सिलेंडर की गैस बुकिंग टॉल फ्री नंबर बंद हो गया है। टॉल फ्री नंबर में खराबी के कारण आज जालौन (उरई) के विभिन्न इलाकों में गैस आपूर्ति बुरी तरह से लड़खड़ा गई है। आज जालौन के अधिकांश इलाकों में आईओसी का टॉल फ्री नंबर खराब रहा।

सूत्र से बता दें कि इन दिनों ईरान-अमेरिका-इजराइयल युद्ध के चलते गैस और तेल सप्लाई प्रभावित हो रही है। जालौन में गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं। जालौन में गैस की किल्लत होने लगी है। आज सुबह जब लोगों ने गैस बुकिंग के लिए टॉल फ्री नंबर पर कॉल करने शुरू किए तो नंबर खराब और व्यस्त आ रहा था। तमाम कोशिशों के बाद भी टॉल फ्री नंबर पर कॉल नहीं लग रही थी। कॉल लगने पर गैस कम्पनी की ओर से उपभोक्ताओं को एसएमएस नहीं भेजे जा रहे थे। इसके चलते लोग परेशान रहे। एजेंसी संचालकों ने एस्मा लागू होने और आला अधिकारियों के सख्त निर्देशों का हलावा देते हुए बगैर डीएसी के गैस सिलेंडर देने से साफ मना कर दिया। इससे तमाम उपभोक्ताओं को बैरंग लौटना पड़ा। इससे लोगों में गुस्सा भी देखने को मिला। फिलहाल भण्डारण पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

## एसडीएम सप्लाई इंस्पेक्टर व कोतवाल की टीम का निरीक्षण

**उरई(जालौन)।** प्रदेश के मुख्यमत्री के आदेश पर और डीएम जालौन के निर्देशन में कोंच एसडीएम ज्योति सिंह सप्लाई इंस्पेक्टर मनोज कुमार तिवारी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह आदि की संयुक्त टीम ने आज नगर के पेट्रोल पंपों गैस एजेंसी और गोदामों का आकस्मिक निरीक्षण किया इस संयुक्त टीम में अरुण गैस एजेंसी आदित्य भारत गैस एजेंसी दिबौलिया इंडेन गैस एजेंसी के साथ कई कई पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया और स्टॉक आदि के बारे में जानकारी ली टीम ने गैस उपभोक्ताओं से गैस मिलने को लेकर जानकारी ली और कहा किसी तरह की कोई अपवाह आदि न फैलाए साथ ही टीम ने कहा कि अगर कालाबाजारी या जमाखोरी की कही शिकायत मिलती है तो सख्त कार्यवाही की जावेगी उन्होंने कहा को गैस की बराबर उपलब्धता रहेगी साथ ही समय से और निर्धारित मूल्यों पर ही लोगों को गैस पेट्रोल डीजल मिलता रहेगा।

# स्वामी लीलाशाह जयंती पर सिंधी पंचायत ने निकाली संकीर्तन यात्रा

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** सिंधी समुदाय के मार्गदर्शक आध्यात्मिक गुरू स्वामी लीलाशाह महाराज की 146 वीं जयंती शुक्रवार को उत्साहपूर्वक मनाई गई, इस मौके पर सिंधी जनरल पंचायत द्वारा नगर में एक संकीर्तन यात्रा निकाली गई।

मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि बहादुर पुरा स्थित सिंधी धर्मशाला में स्वामी लीलाशाह की छवि की झांकी फूलों से सजाकर दीप प्रज्जवलित कर पूजा-अर्चना की गई। पंडित मोहन लाल महाराज ने आरती कराई। तदोपरांत झांकी के साथ एक संकीर्तन यात्रा शुरू हुई, जिसमें सिंधी समाज के सैंकड़ों नर-नारी और बच्चे उत्साह के साथ शहंशाह-लीलाशाह और बोलेगा लीलाशाह उसका होगा बेड़ापार तथा हरे रामा-हरे कृष्णा की धुनि गाते हुए चल रहे थे। रास्ते में जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर संकीर्तन यात्रा का स्वागत किया गया और प्रसाद भी बांटा जा रहा था। जवाहर हाट, होली गेट, छत्ता बाजार, डोरी बाजार, चौक बाजार, भरतपुर गेट, कोतवाली रोड से होते हुए संकीर्तन यात्रा अपने उद्गमस्थल सिंधी धर्मशाला पहुंची, जहां सिंधी कलाकार चंद्रकांत लालवानी ने गीत - भजन - कीर्तन द्वारा स्वामी लीलाशाह जी महाराज का गुणगान किया।

■ नगर में गूंजे लीलाशाह-शहंशाह के जयकार

इस मौके पर सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष नारायणदास लखवानी, मुख्य संयोजक रामचंद्र खत्री, महामंत्री बसंतलाल मंगलानी, तुलसीदास गंगवानी, जीवतराम चन्दानी, डा. प्रदीप उकरानी, कन्हैयालाल भाईजी, गुरुमुखदास गंगवानी, सुरेशचन्द मेठवानी, जितेन्द्र लालवानी, भगवान दास मंगवानी बेबूभाई, रमेश नाथानी, जितेन्द्र भाटिया, पीताम्बरदास रोहेरा, झामनदास नाथानी, चन्दनलाल, सुदामा खत्री, हरीश चावला, आदि सहित तमाम महिलाओं ने भागीदारी की।

## संक्षिप्त समाचार

### अड़ींग आर्य समाज में दो दिवसीय उत्सव 14 से

**गोवर्धन, मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 14 -15 मार्च को अड़ींग आर्य समाज मंदिर में 150 कुंडीय यज्ञ हवन उत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर नव निर्मित यज्ञशाला का उद्घाटन भी होगा। आयोजकों ने बताया कि 14 मार्च को भव्य वैदिक महायज्ञ, भारतीय संस्कृति ज्ञान सम्मेलन, वैदिक नव निर्मित यज्ञशाला एवं आर्य समाज के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 150 कुंडली यज्ञ हवन कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश के प्रधान आचार्य स्वदेश महाराज, वृंदावन गुरुकुल अधिष्ठाता एवं आर्यवीर दल उत्तर प्रदेश के प्रधान पंकज आर्य, उप प्रतिनिधि सभा मथुरा के प्रधान विपिन बिहारी शास्त्री, स्वामी महेंद्रानंद सरस्वती शाहजहांपुर, कु. उदयवीर सिंह आर्य भजनोपदेशक व्याख्यान देंगे।

### वेटरनरी कोऑपरेटिव सोसाइटी : डॉ रजनीश अध्यक्ष निर्वाचित

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** यू.पी. कॉलेज ऑफ वेटरिनरी साइंस, कंज्यूमर्स कोऑपरेटिव सोसाइटी, मथुरा की कार्यकारिणी समिति के चुनाव की प्रक्रि 26 फरवरी से 06 मार्च के मध्य संपन्न हुई। इस निर्वाचन प्रक्रिया के लिए जिला अधिकारी मथुरा द्वारा हेमंत शर्मा, कृषि प्रसार अधिकारी, सदर मथुरा को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था। उनके निर्देशन में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से चुनाव सम्पन्न कराया गया। चुनाव के उपरांत घोषित परिणामों के अनुसार डॉ. रजनीश सिरोही को सोसाइटी का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। डॉ. विकास पाठक, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा संकाय को संरक्षक नामित किया गया है। इसके अतिरिक्त डॉ. मुकेश श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, डॉ. मीना गोस्वामी को सचिव तथा डॉ. प्रदीप कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। इनके साथ ही 9 सदस्यों को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया है।

# शांति पुर्वक अदा हुई जुम्मा अलविदा की नमाज

**अवधनामा संवाददाता**



**सम्भल।** शुक्रवार को जुमा अलविदा की नमाज़ शहर की शाही जामा मस्जिद में पुर सुकून माहौल में अदा की गयी। सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अमन शांति को लेकर दुआ की।

माहे रमजानुल मुबारक के आखिरी जुमे को जुमा अलविदा की नमाज़ शांति पूर्ण तरीके से अदा की गयीद्य शहर इमाम शाही जामा मस्जिद सम्भल सूफ़ी हज़रत मौलाना आफताब हुसैन साहब वारसी दोपहर के समय अपने निवास सैफ खां सराय से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज़ अदा कराने शाही जामा मस्जिद पहुंचे। दोपहर 01 बजकर 40 मिनट पर खुतबा पेश करने के बाद नमाज़ अदा कराते हुए मुल्क और शहर की अमन शांति के लिए दुआ कीद्य हजारों हाथ दुआ के लिए उठे। इस खास मौके पर शहर के राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक हस्तियों ने भी नमाज अदा की। शाही जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष जफर अली एडवोकेट, सचिव मशहूद अली फारुकी, मोहम्मद मुमताज, विधायक इकबाल महमूद, चेयरमैन पति चौधरी मुशीर अली खा, सईद अख्तर इसराईली, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आंवला साजिद अली खा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की, मुशीर खान तरीन, विधायक पुत्र सुहैल इकबाल पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज़ खान, सभासद पति अजीम अब्बासी, अकरम पहलवान, मियां असलम, आरिफ खान गुल्लू, शकील अहमद एडवोकेट आदि शामिल रहेद्य शिया समुदाय के लोगो ने शिया जामा मस्जिद मौहल्ला नूरियो सराय में नमाज अदा की मौलाना मीसम अब्बास ने नमाज अदा करायी।

■ लोगों ने अमन शांति को लेकर की दुआ

## लो-कार्बन बदलाव पर संवाद आयोजित

**मथुरा।** शहर के एक होटल में मथुरा के ईट भट्ठा क्षेत्र में श्रमिक कल्याण और लो-कार्बन ट्रांजिशन विषय पर जिला स्तरीय बहु-हितधारक संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रम, सामाजिक कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा और आईसीडीएस सहित विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ ईट भट्ठा मालिकों, श्रमिक प्रतिनिधियों, मजदूर संगठनों, नागरिक समाज संगठनों और अन्य गैर-सरकारी संस्थाओं ने भाग लिया। संवाद में मथुरा के ईट भट्ठों पर काम करने वाले श्रमिकों, विशेषकर मौसमी प्रवासी परिवारों, की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और अन्य बुनियादी सेवाओं तक उनकी पहुंच मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया गया। श्रमायुक्त एमएल पाल ने कहा कि बैठक से सामने आए सुझावों को जिला स्तरीय श्रम टास्क फोर्स की बैठकों में रखा जाएगा। ईट भट्ठा क्षेत्र में श्रमिक कल्याण और पर्यावरणीय बदलाव को साथ लेकर आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# योगी संग चार राज्यों के मुख्यमंत्री और संघ प्रमुख करेंगे आश्रम का लोकार्पण

**अवधनामा संवाददाता**



**वृंदावन( मथुरा)।** रुड़की के संत स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज के रुक्मिणी विहार स्थित नवीन जीवनदीप आश्रम का लोकार्पण 24 मार्च को होगा। संघ प्रमुख मोहन भागवत आश्रम का लोकार्पण करेंगे। आयोजन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित चार राज्यों के मुख्यमंत्री, बिहार के राज्यपाल और आचार्य, मंडलेश्वर, महंत एवं संत शामिल होंगे। इसे लेकर तैयारियां चल रही हैं।

रुड़की के महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि ने रुक्मिणी विहार स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के पीछे आश्रम का निर्माण कराया है। इस आश्रम का भूमि पूजन दो वर्ष पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश भैयाजी जोशी ने किया था। दो वर्ष में बनकर तैयार हुए आश्रम का उद्घाटन संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा 24 मार्च को किया जाएगा। महामंडलेश्वर ने जीवनदीप आश्रम के उद्घाटन कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री मोहन यादव को आमंत्रित किया है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्रियों ने कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति दे दी है। इसके अलावा बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी समारोह में शिरकत करेंगे। आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से डॉ कृष्णगोपाल, अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल, शिव प्रकाश, भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह समेत कई दिग्गज नेता भी कार्यकम में मौजूद रहेंगे।

# शिक्षा, शोध और प्लेसमेंट में लगातार आगे बढ़ता जीएलए विश्वविद्यालय

**अवधनामा संवाददाता**

■ 80 से अधिक पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्रदान करने वाला जीएलए पेशेवर और सर्वांगीण विकास का वादा करता है

**मथुरा।** 22 हजार से अधिक छात्रों के सपनों को साकार करने में जुटा जीएलए विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग, प्रबंधन, कंप्यूटर अनुप्रयोग, फार्मास्युटिकल विज्ञान, शिक्षा, कानूनी अध्ययन, कृषि, मानविकी, वाणिज्य और जैव प्रौद्योगिकी के विभिन्न विषयों में डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट स्तर पर शिक्षा प्रदान करता है। साथ ही विश्वविद्यालय के करीब 46 हजार से अधिक के अल्यूमिनाई जीएलए का गौरव हैं।

700 से अधिक योग्य और अनुभवी संकाय सदस्य और एक हजार से अधिक स्टाफ सदस्य विश्वविद्यालय के लिए अकादमिक और कॉर्पोरेट भारत के प्रसिद्ध विशेषज्ञों के साथ-साथ सही शिक्षण वातावरण बनाने के लिए पूर्णकालिक सेवा में जुटे हैं। 1998 में 17 संकाय सदस्यों से लेकर अब 700 से अधिक संकाय सदस्यों और 80 से अधिक पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्रदान करने वाला जीएलए पेशेवर और सर्वांगीण विकास का वादा करता है।

पेशेवर उत्कृष्टता और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक, विश्वविद्यालय उत्तरी भारत में अकादमिक खोज का एक प्रसिद्ध केंद्र है और इसने अपने सभी हितधारकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की दिशा में अपनी शैक्षिक यात्रा में कई मानक स्थापित किए हैं। जीएलए विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश सरकार से अनुमति पत्र (एलओपी) और ग्रेटर नोएडा में एक ऑफ कैंपस के लिए यूजीसी की मंजूरी प्राप्त करने वाला भारत का पहला निजी विश्वविद्यालय बन गया है। दिल्ली/एनसीआर के शिक्षा केंद्र, नॉलेज पार्क में स्थित, ग्रेटर नोएडा परिसर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्कृष्ट प्लेसमेंट के लिए वही समर्पण प्रदान करने के लिए तैयार है।

# तीन दिवसीय किसान चौपाल महोत्सव शुरू



**अवधनामा संवाददाता**

**चन्दौली।** नियामताबाद विकासखंड क्षेत्र के लौदा गांव में तीन दिवसीय किसान चौपाल महोत्सव शुरू हुआ। इसका शुभारंभ सदर एसडीएम दिव्या ओझा ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें किसानों को उन्नत खेती सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि सरकार की ओर से किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आधुनिक खेती से जोड़ने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। किसानों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक और सक्रिय होना चाहिए। साथ ही उन्होंने किसानों को कृषि से जुड़ी नवीन तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वही जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार यादव ने किसानों को उन्नत खेती, फसल प्रबंधन, मृदा परीक्षण, उन्नत बीजों के प्रयोग और कृषि यंत्रों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि वैज्ञानिक तरीके से खेती करने पर कम लागत में अधिक उत्पादन संभव है। कार्यक्रम में किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना तथा अन्य कृषि संबंधित योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके कुमार प्रनेश, बासु गर्ग, संतोष, सुशील सिंह, सुनील, रवि, रविंद्र, सुधीर, अनूप, प्रमोद आदि मौजूद रहे।

## अब घर बैठे मिलेगी गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी

**उरई (जालौन)।** खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जनपद में घरेलू गैस उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को और अधिक सुव्यवस्थित किया जा रहा है। प्रमुख सचिव, खाद्य तथा रसद विभाग के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जनपद के सभी गैस एजेंसियों एवं वितरकों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि उपभोक्ताओं द्वारा की जाने वाली ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी समयबद्ध रूप से की जाए। निर्देशों के अनुसार सम्बन्धित एलपीजी कम्पनी (आईओसी/एचपीसी/ बीपीसी) के बिक्री अधिकारियों से अपेक्षा है कि वह अपने-अपने सम्बन्धित गैस एंजेसी/वितरकों से, उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी प्रत्येक गैस एजेंसी को अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिना किसी असुविधा के सिलेंडर उपलब्ध कराना होगा।

# जल जीवन मिशन के तहत जनपद में हो रहा बड़ा घोटाला: मनोज सिंह डब्लू

**अवधनामा संवाददाता**



**चंदौली।** सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू शुक्रवार को एक बार फिर जल निगम कार्यालय जा धमके। इस दौरान उन्होंने जल निगम कार्यालय पर जल जीवन मिशन के तहत ठेका प्रथा के जरिए रखे गए आपरेटर कम चौकीदारों की समस्याओं को फिर से उठाया। एसडीएम से हुई टेलीफोनिक वार्ता में उन्हें जानकारी दी गई कि आपरेटरों की समस्याओं के निदान के लिए जिलाधिकारी, एक्सईएन व ठेका प्राप्त कम्पनियों के अधिकारियों के बीच मीटिंग हो रही है। चार दिन में इस मामले में ठोस पहल होने की पूरी संभावना है।

इस दौरान सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि जिले में बनी पानी टंकियों पर रखे गए आपरेटर कम चौकीदारों से पांच हजार रुपये में चौबीसों घंटे ड्यूटी ली जा रही है। यह न केवल श्रम कानूनों का सीधा उल्लंघन है, बल्कि अमानवीय भी है। यह लापरवाही सीधे तौर पर जल निगम के अफसरों व जिला प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े करती है। ठेका प्राप्त कम्पनी को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए जानबूझकर अधिकारी कार्यवाही करने से बच रहे हैं। आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन के तहत घर-घर स्वच्छ जल पहुंचाने के नाम पर बड़ा घोटाला किया जा रहा है, जिसमें जल निगम के साथ ही जिले के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी, सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से इन्कार नहीं किया जा सकता। बताया कि करीब एक लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया जा रहा है। क्योंकि कम्पनी को पानी टंकी निर्माण एवं पाइप लाइन बिछाने के साथ ही घर-घर जल पहुंचाने एवं 10 साल तक उसके रखरखाव एवं संचालन के लिए कम्पनियों को ठेका आवंटित है।

■ आपरेटरों की समस्या को लेकर जल निगम कार्यालय पहुंचे पूर्व विधायक

# जीवन मरण से मुक्ति का मार्ग है ईश्वर की भक्तिः पं. सुरज



**अवधनामा संवाददाता**

**तरकुलवा देवरिया।** तरकुलवा विकासखंड के मठिया महावल में चल रहे रुद्र महायज्ञ के दौरान भागवत कथा के पहले दिन कथावाचक पंडित सूरज मिश्र ने कहा कि ईश्वर की भक्ति ही जीवन-मरण से मुक्ति का मार्ग है। उन्होंने बताया कि जिस स्थान का भाग्योदय होता है, वहीं भागवत भगवान का आगमन होता है।

पंडित मिश्र ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए उद्धव और कृष्ण के संवाद का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि एक बार उद्धव ने श्रीकृष्ण से पूछा था कि जब वे अपने धाम चले जाएंगे, तो उनके भक्त धरती पर किसकी उपासना करेंगे। इस पर भगवान ने निर्गुण की उपासना का मार्ग बताया, लेकिन उद्धव ने निर्गुण उपासना में कष्ट होने की बात कही और भगवान से इस पर विचार करने का आग्रह किया। इस अवसर पर सोहनरिया ग्राम प्रधान प्रमोद गुप्ता, ग्राम प्रधान सतेंद्र गुप्ता, दुर्गेश तिवारी,कमलेश यादव, लालबहादुर, मणि भईया, रामानंद गुप्ता, शंभू गुप्ता, द्वारिका कुशवाहा, टिंकू जयसवाल, सुनील मिश्रा, अंशु मिश्रा, सुधीर पाण्डेय और सुरेंद्र कुशवाहा सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

# एसडीएम ने गैस सिलेंडर की कालाबाजारी का खुलासा किया

- छापेमारी दौरान बरामद किये सौ से ज्यादा पासबुक और बारह सिलेंडर



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का मामला प्रकाश में आया है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर छिबरामऊ एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी की अगुवाई में प्रशासनिक टीम ने नगर के बगिया मोहल्ला में छापेमारी कर गैस की कालाबाजारी पर शिकंजा कसा है।

शुक्रवार को छिबरामऊ तहसील प्रशासन को गोपनीय सूचना मिली थी कि बगिया मोहल्ले में एक मकान में बड़ी संख्या में घरेलू गैस सिलेंडर और गैस कनेक्शन की पासबुकें रखकर अवैध रूप से गैस की कालाबाजारी की जा रही है। सूचना के आधार पर छिबरामऊ एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी, नायब तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर और प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी व कस्वा प्रभारी दीपक चौधरी की संयुक्त टीम ने मौके पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान टीम को मकान से 100 से अधिक गैस कनेक्शन की पासबुकें और 12 गैस सिलेंडर बरामद हुए। इनमें से एक सिलेंडर भरा हुआ था जबकि 11 सिलेंडर खाली पाए गए। इसके अलावा मकान के बाहर खड़ी एक बाइक पर भी गैस सिलेंडर रखा मिला, जिससे अवैध तरीके से सिलेंडरों के परिवहन की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन के मुताबिक यह पूरा मामला जगदीश नाम के व्यक्ति से जुड़ा बताया जा रहा है, जो लंबे समय से घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी कर रहा था। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी गैस कनेक्शन की पासबुक इकट्ठा कर सिलेंडरों की हेराफेरी करता था और उन्हें ऊंचे दामों पर बेचता था। एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि यह कार्य पूरी तरह गैरकानूनी है और आम लोगों के हक पर डाका डालने जैसा है। प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफकड़ी कानूनी कार्रवाई कर रहा है। फिलहाल बरामद सिलेंडरों और पासबुक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन यह भी पता लगाने में जुटा है कि इस कालाबाजारी के नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# मिशन शक्ति केंद्र में एक परिवार को बिखरनें से बचाया

- मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत प्रतिदिन हो रही काउंसिलिंग

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्थानीय कोतवाली में नव स्थापित मिशन शक्ति केंद्र पर पारिवारिक विवाद से जूझ रहे दंपति के बीच आपसी समझौता करा दिया गया। केंद्र पर पहुंची विवाहिता ने अपने पति के खिलाफ पारिवारिक कलह, मारपीट और प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई थी। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी व मिशन शक्ति अभियान प्रभारी/ निरीक्षक चंद्र प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में मुख्य महिला आरक्षी शशि बाला एवं काउंसलर सीमा बानो द्वारा आवेदिका डाली मिश्रा पत्नी प्रशांत मिश्रा निवासी मोहल्ला अफसरी के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका के पति प्रशांत मिश्रा पुत्र महेश चंद्र मिश्रा को मिशन शक्ति केंद्र में बुलवाया गया। जहां दोनों पक्षों की काउंसलिंग करते हुये समझा बुझा कर और संवाद के माध्यम से दंपति को आपसी मतभेद भुलाकर परिवार को टूटने से बचाने की सलाह दी गई। काफी देर चली काउंसलिंग के बाद दोनों पक्ष समझौते पर सहमत हो गए और भविष्य में विवाद न बढ़ाने का भरोसा दिया। मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी/निरीक्षक चंद्र प्रकाश तिवारी ने बताया कि मिशन शक्ति केंद्र का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करना है। पारिवारिक विवादों को बातचीत के जरिए सुलझाने का प्रयास किया जाता है ताकि परिवारिक संबंध मजबूत बने रहें। समझौते के बाद दंपति अपने घर लौट गए।

# मौसम के करवट बदलते ही बढ़े खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज

- सीएचसी में चिकित्सक ने 140 लोगों का परीक्षण कर दी गई निशुल्क दवाएं

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बदलते मौसम के चलते नगर व क्षेत्र में खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचे। चिकित्सकों डा. नीरज कुमार व डा. शशांक चन्द्रा ने करीब 140 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया और निशुल्क दवाएं वितरित कीं। शुक्रवार को नगर के तिर्वारोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह से ही मरीजों की भीड़ देखने को मिली। अधिकांश मरीज खांसी, जुकाम, गले में खराश और बुखार की शिकायत लेकर पहुंचे थे। चिकित्सकों डा. नीरज कुमार व डा. शशांक चन्द्रा ने सभी मरीजों का परीक्षण किया और उनकी स्थिति के अनुसार दवाएं उपलब्ध कराईं। इस दौरान डा. नीरज कुमार नें बताया कि मौसम में अचानक हो रहे बदलाव के कारण वायरल संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होनें मरीजों को साफ-सफाई रखने, ठंडे पदार्थों से परहेज करने और मौसम के अनुसार कपड़े पहनने की सलाह दी। डा. शशांक चन्द्रा व डा. श्रुति श्रीवास्तव ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को लगातार बुखार, तेज खांसी या सांस लेने में परेशानी हो तो तुरंत अस्पताल आकर जांच कराएं और बिना डॉक्टर की सलाह के दवा न लें। अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को बेहतर उपचार और आवश्यक दवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस दौरान चीफ फार्मासिस्ट आशीष स्वरुप, मोनू कुमार, धर्मेन्द्र कुमार सहित तमाम स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# एलपीजी की समस्या से निपटने के लिए वैकल्पिक साधन अपनाएं

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** वर्तमान में व्यावसायिक एलपीजी गैस की चल रही कमी को देखते हुए सभी होटल संचालकों, रेस्टोरेंट मालिकों, कैटरर्स एवं खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों से प्रयागराज होटल एवं रेस्टोरेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने अनुरोध किया है कि वे तत्काल प्रभाव से खाना बनाने के वैकल्पिक साधनों को अपनाएं तथा गैस के उपयोग में पूर्ण संयम एवं सावधानी बरतें। वर्तमान परिस्थिति हम सभी से अनुशासन, सहयोग और जिम्मेदारी की अपेक्षा करती है ताकि होटल एवं रेस्टोरेंट उद्योग की सेवाएं बिना बाधा के जारी रह सकें।

प्रयागराज होटल एवं रेस्टोरेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में सभी प्रतिष्ठानों से अनुरोध किया गया है कि जहां संभव हो वहां विद्युत उपकरणों, इंडक्शन, इलेक्ट्रिक तंदूर, पीएनजी गैस, डीज़ल अथवा इलेक्ट्रिक बॉयलर आदि का उपयोग बढ़ाया जाए तथा अधिक गैस खपत वाले व्यंजनों को सीमित किया जाए। सीमित एवं सुव्यवस्थित मेनू अपनाकर उपलब्ध गैस का उचित प्रबंधन किया जा सकता है।

यह भी देखा गया है कि कई स्थानों पर गैस का अनावश्यक उपयोग या अपव्यय स्थिति को और गंभीर बना देता है। अतः सभी सदस्यों से अनुरोध है कि बर्नर की नियमित जांच कराएं, गैस लीकेज से बचें, निर्धारित सीमा से अधिक सिलेंडर का भंडारण न करें तथा व्यावसायिक गैस का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न होने दें। रसोई संचालन पर विशेष निगरानी रखी जाए ताकि गैस का उपयोग केवल आवश्यक कार्यों में ही हो।

# बदले हालात में एलपीजी का विकल्प जरूरी है : अंकित हजेला

- अधिवक्ता ने पुरानी कैरोसिन की व्यवस्था को याद कर व्यक्त की प्रतिक्रिया

**अवधनामा संवाददाता**



**कन्नौज।** खाड़ी युद्ध को लेकर एलपीजी की उपलब्धता में आई कमी पर एडवोकेट अंकित हजेला का कहना है कि इसका विकल्प होना आवश्यक है। उन्होंने कहा आज कल कई जगहों पर एलपीजी की कमी को लेकर जो चर्चा और परेशानी दिखाई दे रही है, उसे देख कर पुरानी बात बार-बार याद आती है, अगर मिट्टी के तेल (केरोसिन) की व्यवस्था पूरी तरह खत्म न की गई होती, तो शायद आज इतना बवेला देखने को नहीं मिलता।

उन्होंने कहा कि मिट्टी का तेल उस दौर में सिर्फएक ईंधन नहीं था, बल्कि आम आदमी के लिए एक तरह का सहारा था। अक्सर ऐसा होता था कि किसी घर में गैस खत्म हो गई और नया सिलेंडर आने में समय लग रहा है। ऐसे में लोग केरोसिन स्टोव पर आसानी से काम चला लेते थे। कस्बों और गांवों में तो यह बिल्कुल सामान्य बात थी, कि घर में थोड़ा सा मिट्टी का तेल हमेशा रखा रहता था, ताकि जरूरत पड़ने पर दिक्कत न हो। धीरे-धीरे नीतियां बदलीं और मिट्टी के तेल की आपूर्ति लगभग खत्म कर दी गई। पूरा ध्यान एलपीजी पर आ गया। निस्संदेह इसके पीछे साफ ईंधन को बढ़ावा देने और व्यवस्था को बेहतर बनाने की सोच रही होगी, लेकिन इसके साथ-साथ एक ऐसा विकल्प भी खत्म हो गया जो मुश्किल समय में लोगों के काम आ सकता था। आज अगर कहीं एलपीजी की सप्लाई थोड़ी भी प्रभावित होती है, तो सीधे परेशानी खड़ी हो जाती है, क्योंकि लोगों के पास दूसरा कोई आसान विकल्प नहीं बचा है। मेरी व्यक्तिगत राय में किसी भी व्यवस्था में एक से ज्यादा विकल्प बने रहना जरूरी होता है। अगर मिट्टी के तेल को पूरी तरह बंद करने के बजाय सीमित रूप में ही जारी रखा जाता, तो शायद आज की स्थिति इतनी असहज न होती। कभी-कभी पुरानी व्यवस्थाएं भले ही साधारण लगें, लेकिन वक्त आने पर वही सबसे ज्यादा काम आती हैं।

## प्रीतम नगर में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन फोर 15 मार्च से

**प्रयागराज।** सदाबहार क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में रात्रिकालीन रूलआउट कैशमनी प्रतियोगिता सीजन फोर का आयोजन 15 मार्च से प्रीतम नगर गोकुल आवास स्थित पीला पार्क में किया जा रहा है। सभी मैच दूधिया रोशनी में खेले जायेंगे। पिछले तीनों सीजन की तरह 32 टीमों की यह प्रतियोगिता नॉक आउट आधार पर कुल 31 मैच खेले जायेंगे। रात्रिकालीन इस प्रतियोगिता में थर्ड अम्पायर की भी व्यवस्था होगी और स्कोरिंग ऑनलाइन की जाएगी। विजेता टीम को 35000 और उपविजेता टीम को 25000 सहित ट्रॉफी इनाम में दिए जायेंगे। पिछले सीजन में श्रेष्ठ इलेवन ने शाजिद क्रिकेट क्लब पर श्रेष्ठता साबित करते हुए चैम्पियन बनी थी। इस नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन फोर में भाग लेने के लिए इच्छुक टीमें आयोजन सचिव अतुल सिंह (9450595483) से सम्पर्क कर सकती हैं। उद्घाटन इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस कृष्णा उपाध्याय और शम्भुनाथ ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन के निदेशक कौशल तिवारी करेंगे।

# इलाहाबाद संग्रहालय में सोने की म्यान का पाक्षिक प्रदर्शन प्रारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद संग्रहालय में 'एकल वस्तु प्रदर्शनी' श्रृंखला के अंतर्गत सोने की म्यान के पाक्षिक प्रदर्शन का आज शुभारम्भ किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन ज्योति नारायण, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन द्वारा श्रीमती सौम्या अग्रवाल, मंडलायुक्त प्रयागराज एवं निदेशक, इलाहाबाद संग्रहालय की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने प्रदर्शित स्कैबर्ड (सोने की म्यान) के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी लेते हुए इसे अरब और भारत के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान का प्रतीक बताया। उन्होंने संग्रहालय द्वारा आरम्भ की गई इस पाक्षिक प्रदर्शनी पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से आमजन को दुर्लभ धरोहरों के अवलोकन का अवसर प्राप्त होगा। निदेशक श्रीमती सौम्या अग्रवाल ने बताया कि संग्रहालयों का मुख्य उद्देश्य समाज को उसकी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों से जोड़ना होता है। संग्रहालय न केवल अतीत की अमूल्य विरासत को सुरक्षित रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को इतिहास, कला और संस्कृति से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम भी हैं। उन्होंने आगे बताया कि सोने से निर्मित यह म्यान लगभग 400 ग्राम वजनी है, जिसे एक अरब देश के शाह द्वारा उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल को उपहार स्वरूप प्रदान किया गया था। इस प्रदर्शनी का संयोजन डॉ. संजू मिश्रा, सहायक संग्रहाध्यक्ष द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनी प्रभारी डॉ. अजय कुमार मिश्र, डॉ. राजेश कुमार मिश्र, श्रीमती श्वेता सिंह, श्री शैलेश कुमार सोनू तथा डॉ. सुशील सहित संग्रहालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण



- परेड की सलामी लेकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**अवधनामा संवाददाता**

**फतेहपुर।** जनपद के पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन पहुंचकर टोलीवार परेड की सलामी ली और परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षु आरक्षियों के टर्नआउट का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों की वर्दी, अनुशासन और परेड की व्यवस्था को परखा तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आरक्षियों से उनके प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली।

परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आरटीसी बैरकों में रह रहे प्रशिक्षु आरक्षियों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही प्रशिक्षण कक्ष का निरीक्षण कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता के बारे में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने पुलिस लाइन स्थित कैंटीन, वर्दी स्टोर, आवासीय कॉलोनी, परिवहन शाखा तथा यूपी-112 शाखा का भी जायजा लिया। उन्होंने परिवहन शाखा में मौजूद वाहनों की स्थिति और उनके रखरखाव के संबंध में जानकारी ली तथा वाहनों के नियमित रखरखाव के निर्देश दिए। यूपी-112 शाखा में ड्यूटी पर तैनात कर्मियों से संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली और जनसहायता से जुड़े मामलों में तत्परता बरतने के निर्देश दिए। इसके अलावा एसपी ने पुलिस लाइन के भोजनालय का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता की स्थिति को भी देखा। उन्होंने गार्द रजिस्टरों का अवलोकन कर अभिलेखों के रख-रखाव को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों का अनुशासन, प्रशिक्षण और बेहतर व्यवस्थाएं पुलिस की कार्यक्षमता को मजबूत बनाती हैं, इसलिए सभी शाखाओं में साफ-सफाई, अनुशासन और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# सपा ने मनाया शिवदयाल चौरसिया का जन्मदिन



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** पूर्व राज्य सभा सांसद स्व.शिव दयाल चौरसिया का जन्म दिन आज़ समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन करते हुए मनाया गया। जिलाध्यक्ष अनिल यादव की अध्यक्षता एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन के संचालन में आयोजित गोष्ठी में पूर्व सांसद के जीवन वृत्त पर व्यापक चर्चा की गई। एम एलसी डॉ मानसिंह यादव ने कहा की लखनऊ के खरिका गांव जो वर्तमान में तेलीबाग के नाम से जाना जाता है में स्व पराग राम चौरसिया के पुत्र के रूप में इनका जन्म 13 मार्च 1903 को हुआ था। वकालत की पढ़ाई के बाद हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में वकालत किया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करने वाले अग्रणी पंक्ति के नेताओं के साथ मिलकर साइमन कमीशन में पिछड़ा वर्ग की तात्कालिक दयनीय दशा का पक्ष मजबूती से रखा। डॉ अम्बेडकर के साथ डिप्रेस्ड क्लासेस बाद में डिप्रेस्ड लीग में भी काम किया। स्व. चौरसिया जी पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गाँधी के खिलाफ राय बरेली से चुनाव भी लड़ चुके हैं बाद में कांग्रेस ने ही वर्ष 1974 में इन्हे राज्य सभा भेजा। उन्होंने के के बिड़ला को हराया था। प्रवक्ता दान बहादुर मधुर ने कहा कि वह ऐसे व्यक्ति रहे जिन्होंने ने डॉ अम्बेडकर के अलावा मा कांसीराम के साथ भी बहुजन उत्थान के लिए काम किया।

# सपा कार्यालय में मनाई गई पूर्व राज्यसभा सांसद शिवदयाल चौरसिया की जयंती

- समाजवादी विचारधारा के स्तंभ थे चौरसिया, पिछड़ों-दलितों की बुलंद आवाज के रूप में किया गया याद

**अवधनामा संवाददाता**



**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर समाजवादी विचारक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद शिवदयाल चौरसिया की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके विचारों पर आधारित एक गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने की, जबकि संचालन जिला सचिव हीरालाल साहू ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिवदयाल चौरसिया बरई/तमोली समाज से आते थे और उन्होंने समाज को शिक्षित और जागरूक बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि चौरसिया केवल एक जाति विशेष के नेता नहीं थे, बल्कि सम्पूर्ण पिछड़ों, दलितों और शोषित वर्ग की सशक्त आवाज थे। उन्होंने कहा कि शिवदयाल चौरसिया समाजवादी विचारधारा के ऐसे स्तंभ थे, जिनकी सोच और संघर्ष ने आगे चलकर मंडल आयोग और देश की राजनीति में सोशल इंजीनियरिंग की मजबूत नींव रखी। उनका डॉ. भीमराव अंबेडकर के साथ वैचारिक सामंजस्य भी रहा और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि काका कालेकर आयोग में भी शिवदयाल चौरसिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही और वह आयोग के वरिष्ठ सदस्य रहे। पिछड़ों और दलितों के उत्थान के उद्देश्य से उन्होंने ÷बैकवर्ड क्लासेस फेडरेशन÷ की स्थापना भी की थी। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक न्याय और समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, विपिन यादव, प्रवक्ता एडवोकेट जगदीश सिंह, डॉ. राम नरेश पटेल, रत्नेश रत्ना, एडवोकेट संदीप माली, सुमित साहू, शिव शंकर यादव, नंदकिशोर पाल, ज्ञान सिंह, कामता प्रसाद, कुलदीप सठियांनी और राजेश बाल्मीकि सहित कई पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो गुटों के विवाद में आधी रात तड़तड़ाई गोलियां

**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र के मालवीय नगर में दो गुटों के विवाद में गुरुवार आधी रात जमकर बवाल हुआ। यहां मारपीट के बाद फायरिंग की गई। इसमें गोली लगने से दो लोग जख्मी हो गए। इनमें से एक थाने का हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विवाद की वजह स्पष्ट नहीं है। पुरानी रंजिश से लेकर जुए के विवाद तक की चर्चा है। पुलिस अफसरों का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रात 12 बजे के करीब मालवीय नगर मोहल्ले में हुई। यहां रहने वाला सक्षम द्विवेदी हिस्ट्रीशीटर है। उस पर कई मुकदमे दर्ज हैं। वह अपने साथी रवि पंडा के साथ किसी शादी समारोह से लौट रहा था। इसी दौरान वहां दारागंज के रहने वाले कुछ युवक पहुंच गए। दोनों गुट आमने सामने हो गए और इसके बाद वहां पहले गाली गलौज और फिर हाथापाई होने लगी। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ी कि एक गुट ने फायरिंग कर दी।

# प्रेस क्लब अध्यक्ष मो. शमशाद ने लाइफ केयर मेडिकल क्लिनिक का किया उद्घाटन

- गरीबों को कम खर्च में मिलेगा बेहतर इलाज, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**फतेहपुर।** हुसैनगंज कस्बा स्थित दुर्गा चौक के निकट लाइफ केयर मेडिकल क्लिनिक का उद्घाटन प्रेस क्लब ऑफ यूपी के जिलाध्यक्ष मो. शमशाद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्लिनिक परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया, जिसमें लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। क्लिनिक के संचालक डॉ. अराफात अनीस शाह ने बताया कि बचपन से ही उनका सपना डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करने का था। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत कर मेडिकल की पढ़ाई की और एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। उन्होंने बताया कि उनके क्लिनिक में जनरल फिजिशियन के रूप में नाक, कान, गला, सर्दी-खांसी, जुकाम, बुखार, बीपी, शुगर, सांस, पेट व लीवर की समस्याओं, खून की कमी और पेशाब में जलन सहित विभिन्न रोगों का उपचार किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि अन्य जटिल बीमारियों के इलाज और ऑपरेशन की सुविधा उनके फतेहपुर स्थित अस्पताल में उपलब्ध है। क्लिनिक में गरीब और असहाय मरीजों को कम खर्च में बेहतर इलाज उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

उद्घाटन से पूर्व क्लिनिक के संचालक डॉ. मो. अराफात अनीस शाह ने मुख्य अतिथि मो. शमशाद का बुके भेंट कर स्वागत किया। आयोजित मेडिकल कैंप में क्षेत्र के लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। इस मौके पर अलीक अहमद, डॉ. रत्नेश, डॉ. रातिक शुक्ला, एजाज समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ईद : बाजारों में बढ़ी रौनक, खरीदारी को उमड़ने लगी भीड़

## रमजान के तीसरे अशरे में बाजार गुलजार, कपड़ों और फुटवियर की दुकानों पर भीड़

- रेडीमेड सूट और पेशावरी सैंडल की बढ़ी मांग, बाजारों में उमड़ रहे ग्राहक
- चौक और लाला बाजार में खरीदारों की चहल-पहल तेज

**अवधनामा संवाददाता**



**फतेहपुर।** पवित्र रमजान माह का तीसरा अशरा चल रहा है और ईद का त्योहार बेहद नजदीक आ गया है। ऐसे में शहर के बाजारों में मुस्लिम समुदाय के लोगों की चहल-पहल बढ़ गई है। चौक, लाला बाजार और चूड़ी वाली गली समेत कई बाजारों में इन दिनों खरीदारी का माहौल देखने को मिल रहा है।

बाजारों में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं और युवतियां भी बड़ी संख्या में खरीदारी करने पहुंच रही हैं। रमजान के दौरान जहां खाने-पीने की चीजों की खरीदारी हो रही है, वहीं ईद की तैयारियां भी जोरों पर शुरू हो चुकी हैं। ईद को देखते हुए बाजारों में नए-नए उत्पादों की आमद हो रही है और दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ती जा रही है। सबसे ज्यादा भीड़ कपड़ों की दुकानों पर देखने को मिल रही है। इस बार भी महिलाओं की पहली पसंद रेडीमेड सूट बने हुए हैं, जिनकी जमकर खरीदारी की जा रही है। शहर के लेडीज और जेंट्स टेलरों की दुकानों पर भी जबरदस्त भीड़ देखी जा रही है। कई टेलर ऐसे हैं जिन्होंने अब नए कपड़े सिलने के ऑर्डर लेना भी बंद कर दिया है। शहर के अलावा दूर-दराज के गांवों से भी लोग चौक बाजार पहुंचकर कपड़े और अन्य मनपसंद सामान की खरीदारी कर रहे हैं। महिलाएं अपने साथ-साथ बच्चों के लिए भी आकर्षक कपड़े, जूते, चप्पल और घरेलू उपयोग की अन्य वस्तुएं खरीद रही हैं। फुटवियर की दुकानों पर भी ईद की तैयारियों का असर साफ दिखाई दे रहा है। दुकानदारों ने युवाओं के लिए नई डिजाइनों के फुटवियर मंगाए हैं, जिनमें पेशावरी सैंडल युवाओं को सबसे अधिक पसंद आ रही है। चूड़ी गली और आसपास की सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर महिलाओं और युवतियों की भीड़ बढ़ने लगी है। यहां चूड़ियों और अन्य सौंदर्य प्रसाधनों की खरीदारी शुरू हो चुकी है। चौक बाजार के एक दुकानदार का कहना है कि जैसे-जैसे ईद का दिन नजदीक आएगा, बाजारों में रौनक और बढ़ेगी तथा ग्राहकों की भीड़ और अधिक देखने को मिलेगी। गौरतलब है कि पवित्र रमजान माह के तीस रोजों के बाद आने वाला ईद का त्योहार मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा पर्व होता है। इस मौके पर लोग नए कपड़े पहनते हैं और घरों के लिए जरूरी सामानों की भी जमकर खरीदारी करते हैं।

# इन चीज़ों से घर पर आसानी से बनाएं काजल, आंखों को नहीं होगी किसी तरह की परेशानी

अगर आप घर पर काजल बनाकर इस्तेमाल करते हैं, तो इससे आपकी आंखों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होती है। वहीं घर का बना काजल लगाने से आंखों की सुंदरता बढ़ती है। ऐसे में आज हम आपको घर पर काजल बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।



वैसे तो काजल लगाना हम सभी को पसंद होता है। काजल लगाने से आंखों की खूबसूरती भी दोगुनी हो जाती है। काजल लगाने से आंखें बड़ी-बड़ी नजर आएंगी। आंखों में काजल लगाने के लिए अक्सर हम मार्केट से जाकर ब्रांड का काजल इस्तेमाल करते हैं। जिसकी वजह से कई बार आंखों में जलन होने लगती हैं और आंखें लाल होने लगती हैं। ऐसे में अगर आप घर पर काजल बनाकर इस्तेमाल करते हैं, तो इससे आपकी आंखों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होती है। वहीं घर का बना काजल लगाने से आंखों की सुंदरता बढ़ती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर काजल बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

**काजल बनाने की सामग्री**

बादाम - 2

कपूर- 2

देसी घी- 1/3

**काजल बनाने का तरीका**

सबसे पहले एक मिट्टी या तांबे का बर्तन ले लें।

फिर बादाम छीलकर डालें और इसमें दो कपूर डालें।

अब जो बर्तन काजल बनाने के लिए लिया है, तो इसको उल्टा करके इसके ऊपर रख दें और इसमें आग लगाएं।

इसके बाद काजल बनने तक इसको ऐसे ही रखा रहने दें।

इससे काजल का पाउडर अच्छे से बन जाएगा।

अब बर्तन को सीधा करके काजल पाउडर को एक छोटे से जार में निकाल लें।

फिर इस पाउडर में देसी घी को मिक्स करके सॉफ्ट बनाएं।

**ऐसे करें अप्लाई**

काजल बनाने के बाद इसको एक कंटेनर में स्टोर करें।

इसको ब्रश की मदद से आंखों में अप्लाई करें।

आप चाहें तो लाइनर लगाने के लिए भी अप्लाई कर सकती हैं।

यह काजल लगाने के बाद आपको मार्केट से काजल लगाने की जरूरत नहीं होगी।

**इन बातों का रखें खास ख्याल**

काजल बनाने के दौरान यह सुनिश्चित करें कि आप सही सामग्री का इस्तेमाल कर रही हैं।

काजल लगाने के दौरान हाथ हमेशा साफ-सुथरे होने चाहिए या फिर आप ब्रश का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

वहीं काजल लगाने से आंखों में जलन या परेशानी महसूस होती है, तो इसका उपयोग करना बंद कर देना चाहिए।

# क्या आप भी गर्मियों में पसीने की बदबू से रहते परेशान? छुटकारा पाने के लिए करें ये उपाय



गर्मियों में अक्सर लोग पसीने से परेशान रहते हैं। चाहे कितने भी खुशबूदार साबुन से नहा ले या परफ्यूम लगा लें, इसके बाद भी पसीने की बदबू से परेशान रहते हैं, इससे छुटकारा पाएं। आप भी इन उपाय के जरिए पसीने की दुर्गंध को दूर कर सकते हैं। गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा दिक्कत पसीने की बदबू की होती है। पसीने की बदबू के कारण कई बार हम सभी को शर्मिंदगी महसूस होने लगती है। पसीने के बदबू से बचने के लिए आप खुशबूदार साबुन से नहा ले या परफ्यूम लगा लें, लेकिन इसके बाद भी पसीने की बदबू से परेशान रहते हैं, तो आप इससे छुटकारा पाने के लिए इन 5 टिप्स को अपना सकते हैं।

**पसीने की गंध से छुटकारा पाने के उपाय**

**रोजाना नहाएं**

गर्मियों में सबसे जरुरी है रोजाना नहाना। कम से कम दिन में दो बार स्नान जरुर करें। ऐसा करने से पसीने और बैक्टीरिया की गंध में राहत मिलेगी।

एंटी-बैक्टीरियल साबुन का यूज करें

अगर आप पसीने की बदबू से परेशान रहते हैं तो आप एंटी-बैक्टीरिय साबुन का प्रयोग कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल से आपके शरीर पर चिपके सभी बैक्टीरिया साफ हो जाते हैं और पसीने की गंध से छुटकारा मिल सकता है।

**कॉटन के कपड़े पहनें**

समर सीजन में जितना आप सूती या हल्के कपड़े पहनेंगे उतना ही आपके लिए फायदेमंद होगा। इस तरह के कपड़े पसीने को सोखकर त्वचा को सांस लेने में मदद करते हैं।

**नींबू का रस का प्रयोग करें**

नींबू का रस इस्तेमाल करने से पसीने की गंध कम हो जाती है। क्योंकि इसके साइट्रिक एसिड बैक्टीरिया को मारता है, जिससे पसीने की बदबू कम होती है। इसे आप अंडरआर्म्स पर रगड़कर सूखने दें।

**बेकिंग सोडा का प्रयोग**

पसीने की बदबू को कम करने में बेकिंग सोडा करगार साबित होगा। इस उपाय को करने के लिए आप पानी में बेकिंग सोड़ा का घोल बना लें। अब आप इस पानी में सूती कपड़ा डालकर अंडरआर्म को साफ कर सकते हैं। ऐसा करने से पसीने से बदबू आनी बंद हो जाएगी।

# गर्मियों में चिकनकारी कुर्ती वियर करना ट्रेंडी बन चुका है

लड़कियां के फैशन के मामले में हमेशा आगे रहती है, क्योंकि इनको सबसे अलग दिखना भी होता है। अगर आप भी चिकनकारी कुर्ता वियर करते हैं लेकिन लुक्स खिलकर नहीं आ रहा है, तो आप कोई बड़ी गलती कर रहे हैं। अगर आप भी गर्मियों के सीजन में चिकनकारी कुर्ती पहनकर अपना खूबसूरत अंदाज दिखाना चाहती हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखें।

समर सीजन शुरु हो चुका है। इस मौसम में ज्यादातर लोग परेशान रहते हैं क्या और किस तरह के कपड़े पहनें। खासतौर पर महिलाएं परेशान रहती है कि वो ऐसा क्या वियर करें, जिसमें वह काफी स्टाइलिश नजर आएं और गर्मी भी न लगे। इसलिए आप इस मौसम सबसे बढ़िया है कि चिकनकारी कुर्ती वियर करें। यह काफी स्टाइलिए और बेहतरीन लुक देती है। तो चलिए बिना देर किए आपको बताते हैं, आप चिकनकारी कुर्ती को कैसे वियर करें।

**फिटिंग बेहतरीन हो**

जब भी आप चिकनकारी कुर्ता वियर करें, तो उसकी फिटिंग का खास ध्यान रखें। गौरतलब है कि, आपकी चिकनकारी कुर्ती ढीली या फिर टाइट होगी, तो इससे आपका लुक खराब हो जाएगा। इसलिए आप अपनी कुर्ती को सही फिटिंग कराकर ही पहनें।

**जींस के साथ वियर करें**


वैसे चिकनकारी कुर्ती जींस के साथ वियर करने से खूबसूरत लुक प्रदान करती है। अगर आप ऑफिस या कॉलेज जाती हैं, तो आप जींस कैरी कर सकते हैं। जींस के साथ कुर्ती पहनकर आपका अंदाज बेहतरीन लगेगा।

**प्लाजो के साथ कैरी कर सकते हैं**

अगर आपको जींस के साथ कैरी नहीं करना हैं, तो आप प्लाजो पहनें। प्लाजों के साथ आप चिकनकारी कुर्ती कैरी करती हैं, तो इसे पहनकर आपका लुक एकदम एथनिक लगेगा और आप भी मस्त लगेंगी।

# सिंपल और रॉयल लुक के लिए वियर करें ये स्टोन वर्क नेकलेस सेट





आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले स्टोन वर्क नेकलेस सेट के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको ऑउटफिट के साथ स्टाइल करने पर आपको रॉयल लुक मिलेगा। वहीं यह नेकलेस आपको सस्ते दाम में मिल सकते हैं। आउटफिट के साथ ज्वेलरी हमारे लुक में चार चांद लगाने का काम करती हैं। इसी वजह से महिलाएं अपने आउटफिट के साथ मैचिंग की परफेक्ट ज्वेलरी स्टाइल करना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप भी किसी पार्टी या फंक्शन में जाने की तैयारी कर रही हैं और रॉयल लुक पाना चाहती हैं, तो स्टोन वर्क नेकलेस अपने आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले स्टोन वर्क नेकलेस सेट के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको ऑउटफिट के साथ स्टाइल करने पर आपको रॉयल लुक मिलेगा। वहीं यह नेकलेस आपको सस्ते दाम में मिल सकते हैं।

**गोल्ड प्लेटेड स्टोन वर्क नेकलेस**

डार्क कलर के आउटफिट के साथ गोल्ड प्लेटेड स्टोन वर्क नेकलेस बेस्ट रहेगा। इस नेकलेस को लीफ शेप में स्टोन वर्क करके बनाया गया है। इसमें आपका लुक बेहद खूबसूरत लगेगा। आप मार्केट से 200 से 300 रुपए तक की कीमत में ऐसा नेकलेस खरीद सकती हैं।

**रूबी स्टोन वर्क नेकलेस**

गॉर्जियस लुक पाने के लिए आप रूबी स्टोन वर्क नेकलेस का भी चुनाव कर सकती हैं। इसको आप लाइट या फिर व्हाइट कलर की साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह नेकलेस पहनने के बाद साड़ी में आप काफी खूबसूरत लगेंगी। वहीं आप सूट के साथ भी इस तरह का नेकलेस स्टाइल कर सकती हैं।

**व्हाइट स्टोन वर्क नेकलेस**

अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए आप इस तरह का व्हाइट स्टोन वर्क नेकलेस भी पहन सकती हैं। बता दें कि ब्लैक कलर के आउटफिट के साथ यह नेकलेस काफी अच्छा लगेगा। इस तरह का आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन में 200-400 रुपए तक की कीमत में मिल जाएगा।

# मेकअप किट में शामिल करें ये बेस्ट लिपस्टिक शेड, इन शेड्स पर लड़कियों का आ जाएगा दिल



मेकअप की जान होती है लिपस्टिक, इसके बिना मेकअप भी फीका लगता है। अगर आप भी लिपस्टिक खरीदना चाहती हैं, तो इन शेड्स की लिपस्टिक जरुर लगाएं। इस लेख में हम आपके लिए कुछ यूनीक लिपस्टिक शेड्स के बारे में बताने जा रहे हैं। यह शेड्स हर लड़की के मेकअप किट में होना चाहिए।

जब लुक्स की बात आती है, तो मेकअप लुक में जान डाल देता है। मेकअप की जान लिपस्टिक बिल्कुल है। हर एक लड़की के मेकअप किट में ये लिपस्टिक शेड्स जरुर होने चाहिए। कुछ लिपस्टिक शेड्स कभी भी स्टाइल से बाहर नहीं जाते। ये हर स्किन टोन पर अच्छे लगते हैं। आप भी अपने मेकअप किट में हमेशा ट्रेंड में रहने वाली लिपस्टिक को एड कर सकते हैं। बेहतरीन लिपस्टिक शेड्स, हर ब्यूटी लवर के पास होने चाहिए। चाहे वो परफेक्ट न्यूड हो, पावर रेड हो या आकर्षक मौवे, ये शेड्स समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। इसलिए लड़कियां अपने मेकअप किट में इन शेड्स को जरुर शामिल करें।

**ब्राउन लिपस्टिक शेड**

आजकल सबसे ज्यादा ट्रेंड में ब्राउन लिपस्टिक कलर है, जो हर एक लड़की के चेहरे पर सूट करती है। इसमें आपको लाइट से लेकर डार्क कई तरह के शेड्स मिल जाएंगे। आप अपने चॉइस के हिसाब से इन शेड्स को खरीद सकती हैं। ब्राउन लिपस्टिक ऑफिस से लेकर कैजुअली और पार्टी में भी लगा सकते हैं।

**वाइन लिपस्टिक शेड**

ट्रेंडी लिपस्टिक में वाइन शेड काफी ट्रेंड में है। अगर आपकी स्किन टोन फेयर है, तो आप वाइन कलर की लिपस्टिक जरुर ट्राई करें। यह लिपस्टिक नाइट और डे दोनों फंक्शन में काफी सुंदर लगती है। अगर आपको यह शेड डार्क लग रहा है, तो आप इसमें लाइट शेड भी ले सकते हैं।

**न्यूड लिपस्टिक**

आजकल न्यूड लिपस्टिक काफी प्रचलन में है। आप न्यूड लिपस्टिक को ऑफिस से लेकर कैजुअल लुक के लिए ट्राई कर सकते हैं। वैसे आजकल ब्राइड भी न्यूड मेकअप के साथ लिपस्टिक शेड भी न्यूड लगा रही हैं। आपको इसमें कई सारे शेड्स मिल जाएंगे। आप लिपस्टिक को ऑनलाइन या ऑफलाइन भी खरीद सकती है।

**रेड लिपस्टिक शेड**

अगर आप शादीशुदा है तो आपके लिए रेड लिपस्टिक परफेक्ट शेड है। जरुरी नहीं है कि मैरिड ही रेड लिपस्टिक ट्राई कर सकती है। आजकल तो अनमैरिड लड़कियां भी रेड लिपस्टिक को काफी पसंद कर रही है। गाजरी या कोरल रेड लिपस्टिक शेड्स काफी सुंदर लगते हैं।

**पिंक लिपस्टिक शेड**

पिंक शेड्स तो सभी काफी पसंद आता हैं क्योंकि यह एवरग्रीन लिपस्टिक शेड होता है। एथनिक लुक साथ पिंक लिपस्टिक बेहद प्यारी लगती है। हर लड़की को अपने मेकअप किट में पिंक लिपस्टिक शेड जरुर एड करें। पिंक शेड्स में आपको कई ब्यूटीफुल लिपस्टिक मिल जाएगी।

# सूखे और फटे होंठों के लिए घर पर ही बनाएं कॉफी लिप बाम

अगर आप चाहें तो कॉफी की मदद से लिप बाम बनाकर बेहद आसानी से उसका इस्तेमाल कर सकती हैं। यूं तो बाजार में कई तरह के लिप बाम मिलते हैं, लेकिन कई बार उनमें केमिकल्स ज़्यादा होते हैं या वो फिर वे आपके होंठों पर सूट नहीं करते और आपको इचिंग या जलन का अहसास होता है।

अगर आपको कॉफ़ी की खुशबू बहुत पसंद है और आप उसे अपनी डाइट का हिस्सा जरूर बनाते हैं तो अब आप कॉफी को अपने ब्यूटी रूटीन में भी शामिल करें। जी हां, कॉफी की मदद से कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स खुद घर पर ही बनाए जा सकते हैं। यह सिर्फ सुबह की नींद भगाने के लिए नहीं है, बल्कि ये आपकी स्किन, खासतौर से आपके होंठों के लिए बेहद फायदेमंद है। कॉफी आपके होंठों की डेड स्किन को धीरे से हटाती है, ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाती है, और इससे एक हल्का नेचुरल टिंट भी मिलता है।

अगर आप चाहें तो कॉफी की मदद से लिप बाम बनाकर बेहद



आसानी से उसका इस्तेमाल कर सकती हैं। यूं तो बाजार में कई तरह के लिप बाम मिलते हैं, लेकिन कई बार उनमें केमिकल्स ज़्यादा होते हैं या वो फिर वे आपके होंठों पर सूट नहीं करते और आपको इचिंग या जलन का अहसास होता है। तो क्यों न आप खुद ही घर पर एक प्यारा सा, नेचुरल लिप बाम बना लें। इन्हें बनाना बेहद आसान है और आप अपनी पसंद के अनुसार इसे बेहद ही आसानी से कस्टमाइज भी कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको घर पर ही कॉफी लिप बाम बनाने के आसान तरीके के बारे में बता रहे हैं-

**कॉफी और नारियल तेल लिप बाम**

यह लिप बाम रूखे होंठों के लिए एकदम सही माना गया है, क्योंकि नारियल का तेल होंठों को गहराई से मॉइश्चराइज़ करता है। जबकि कॉफी हल्का स्क्रब देती है और रक्त संचार को बढ़ाती है। इसके अलावा, विटामिन ई हीलिंग में मदद करता है।

**आवश्यक सामग्री-**

1 चम्मच नारियल का तेल

1 चम्मच बीवैक्स

आधा चम्मच पिसी हुई कॉफी

विटामिन ई तेल की कुछ बूंदे

**इसे कैसे बनाएं-**

सबसे पहले नारियल तेल और बीवैक्स को डबल बॉयलर या माइक्रोवेव में थोड़ी-थोड़ी देर में पिघलाएं।

अब इसमें कॉफी डालकर अच्छी तरह मिलाएं।

इसके बाद, इसमें विटामिन ई तेल मिलाएं।

तैयार लिप बाम को एक छोटे कंटेनर में डालें और इसे ठंडा होकर जमने दें।

**कॉफी और शहद लिप बाम**

यह लिप बाम फटे होंठों को ठीक करने में मददगार साबित हो सकता है। दरअसल, शहद एक एंटी-बैक्टीरियल है और घाव भरने में मदद करता है। वहीं, कॉफी धीरे से एक्सफोलिएट करती है। जबकि जैतून का तेल स्किन को पोषण देता है।

**आवश्यक सामग्री-**

1 चम्मच जैतून का तेल

आधा चम्मच शहद

आधा चम्मच बीवैक्स

आधा चम्मच इंस्टेंट कॉफी पाउडर या पिसी हुई कॉफी

**इसे कैसे बनाएं-**

बीवैक्स और जैतून के तेल को एक साथ पिघलाएं।

अब इसमें शहद और कॉफी पाउडर को मिलाएं।

इसे अच्छी तरह से मिलाएं और एक कंटेनर में डालकर जमने दें।

# गर्मियों में पैरों को दें आराम, इन ट्रेंडी फुटवियर को जरुर पहनें



गर्मियों में भारी-भरकम जूता पहनने की बिल्कुल भी इच्छा नहीं होती है। ऐसे में पैरों के आराम के लिए कंफर्टेबल फुटवियर पहनना सबसे अच्छा माना जाता है। अगर आप भी गर्मी के मौसम में आरामदायक फुटवियर की खोज में है, तो यह लेख आपके लिए है। अब परेशान होने की जरुरत नहीं है हम आपको बताएंगे खूबसूरत और स्टाइलिश फुटवियर के ऑप्शन।

गर्मियों के दौरान जूते पहनने की इच्छा तो एकदम मर ही जाती है। इस मौसम में आरामदायक फुटवियर पहनना काफी अच्छा होता है। कई महिलाओं को गर्मियों शूज पहनना बिल्कुल भी पसंद नहीं होता है, गर्मी के मौसम में हर कोई एकदम कुल रहना चाहता है और ऊपर से कंफर्टेबल फुटवियर पहनने का मजा ही कुछ और होता है। इस लेख में हम आपको स्टाइलिश फुटवियर डिजाइंस बताने वाले हैं, जोकि आपको मॉडर्न लुक देंगे, बल्कि इन फुटवियर को पहनकर आप कंफर्टेबल भी रहेंगी।

**ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल**

समर सीजन में पैरों की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए आप ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल पहन सकते हैं। इसके टाइफ फुटवियर आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह मिल जाएंगे। यह आपको तरह-तरह डिजाइंस में मिल जाएंगे। ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल आपके पैरों की खूबसूरती बढ़ाएंगे और गर्मियों में आरामदायक भी रहेंगे।

**स्ट्रैपी वेज हील्स**

आजकल वेज हील्स काफी ट्रेंड में है। गर्मियों के मौसम में ऑफिस या किसी भी इवेंट में कंफर्टेबल फुटवियर पहनकर सकते हैं, यह आपके पैरों के लिए आरामदायक होती है। स्ट्रैपी वेज हील्स आप ऑनलाइन या ऑफलाइन भी खरीद सकते हैं। एक बार पहन लिए स्ट्रैपी वेज हील्स तो यह आपके पैरों की खूबसूरती भी बढ़ा देंगे।

**टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स**

अगर आप स्टाइलिश के साथ ही कंफर्टेबल फुटवियर की तलाश हैं, तो आप टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स खरीद सकते हैं। ऑफिस से लेकर पार्टी के लुक में चार चांद लगा देगा। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन कहीं से भी टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स खरीद सकते हैं। यह फुटवियर आपको एकदम एलिगेंट लुक देंगे।

# मोटी बाजुओं को छिपाने के लिए ट्राई करें डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन, दिखेंगी स्लिम और ग्रेसफुल

अगर आप भी कुछ डिफरेंट स्टाइल करना चाहती हैं, तो आप डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट्स पहनकर आपका लुक अच्छा आएगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन के बारे में बताने जा रहे हैं।

कट स्लीव्स डिजाइन वाले आउटफिट पहनना लगभग हम सभी लोगों को पसंद होता है। लेकिन कई बार मोटी बाजुओं की वजह से हम इनको पहनने से कतराते हैं। ऐसे में हमें सिंपल डिजाइन वाले आउटफिट्स को स्टाइल करना पड़ता है। लेकिन हर बार एक ही तरह के स्लीव्स वाले आउटफिट पहनकर बोरियत होने लगती हैं। ऐसे में अगर आप भी कुछ डिफरेंट स्टाइल करना चाहती हैं, तो आप डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट्स पहनकर आपका लुक अच्छा आएगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन के बारे में बताने जा रहे हैं।



**पफ डिजाइन स्लीव्स वाले आउटफिट**

अपने लुक को अट्रैक्टिव बनान के लिए आप पफ स्लीव्स डिजाइन वाले आउटफिट को स्टाइल करवा सकती हैं। इस तरह की स्लीव्स में बाजुओं का मोटापा नहीं नजर आता है। वहीं आपके हाथ भी अच्छे लगेंगे। इसको पहनने के बाद आपको स्टॉल या फिर श्रग डालने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**फ्रील डिजाइन वाली स्लीव्स**

मोटी बाजू को छिपाने के लिए आप फ्रील डिजाइन वाली स्लीव्स को क्रिएट कर सकती हैं। आप अपने टेलर से इस तरह की डिजाइन वाली स्लीव्स बनवा सकती हैं। इसमें आपकी बाजू मोंी नहीं नजर आएगी। आप ब्लाउज, सूट या किसी आउटफिट में इस तरह की स्लीव्स डिजाइन करवा सकती हैं। आप किसी भी फैब्रिक में फ्रील स्लीव्स को डिजाइन करा सकती हैं। इस तरह के आउटफिट में आप बहुत सुंदर नजर आएंगी।

**कट आउट डिजाइन वाली स्लीव्स**

मोटी बाजू को छिपाने के लिए कट आउट डिजाइन वाली स्लीव्स ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के स्लीव्स वाली ड्रेसेस पहनने के बाद काफी अच्छी लगती हैं। वहीं इसमें आपका लुक भी स्टाइलिश दिखेगा। आपको इस तरह की स्लीव्स के बीच में कट आउट वाला डिजाइन मिल जाएगा। आप चाहें तो इस तरह की डिजाइन क्रिएट भी करा सकती है।

# एलपीजी संकट पर संसद में विपक्ष की नारेबाजी

## वित्त मंत्री बोलीं- मुश्किल समय में साथ खड़े हों, मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने का नोटिस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के 5वें दिन, शुक्रवार को भी विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने 8 निलंबित सांसदों की वापसी की मांग की। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा- सदन की मेजों पर चढ़ोगे तो यही एक्शन होगा।

लोकसभा में हंगामे का कारण पहले 12 बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इसके बाद दूसरी बार 2 बजे तक फिर से कार्यवाही स्थगित की गई। 2 बजे शुरू हुई कार्यवाही भी केवल 1 घंटा चली। इसके बाद लोकसभा को 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान विपक्ष ने पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी की।

लोकसभा में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि विदेशों में हो रहे घटनाक्रम के कारण हमारे देश में कुछ मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। सरकार जरूरी फंड मुहैया कराने और पूरी तरह तैयार रहने के लिए कदम उठा रही है। ऐसे समय में विपक्ष को सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना चाहिए, लेकिन वह गैर-जिम्मेदाराना हरकत कर रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ?1 लाख करोड़ का आर्थिक स्थिरीकरण कोष भारत को वित्तीय गुंजाइश देगा, जिससे वह वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सके। उन्होंने कहा कि यह कोष एक बफर (सुरक्षा कवच) के रूप में काम करेगा, जो पश्चिम एशिया जैसी मौजूदा अप्रत्याशित वैश्विक चुनौतियों से पैदा होने वाले झटकों को झेलने में मदद करेगा।




लोकसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को देखते हुए सभी राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय हित में एक साथ आना चाहिए। इस तरह से बात करनी चाहिए, जिससे जनता को भरोसा मिले और उनमें उम्मीद जगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं कि इस देश के नागरिकों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। हालांकि, विपक्ष का मानना है कि सदन के वेल में घुसकर नारे लगाना ही उनकी एकमात्र भूमिका है। यह देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है और एक खेदजनक स्थिति को दर्शाता है। मुझे नहीं पता कि और क्या कहूं।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- विदेशों में हो रहे घटनाक्रमों के कारण हमारे देश के सामने कुछ मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन चुनौतियों का सामना करने, जरूरी फंड मुहैया कराने और पूरी तरह तैयार रहने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसे समय में विपक्ष को सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना चाहिए और आम लोगों को भरोसा दिलाना चाहिए। इसके बजाय वे ऐसे गैर-जम्मेदाराना कदम उठाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं, जिसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- यह विडंबना है कि जब मैं बता रही हूं कि सरकार सप्लाई चेन में रुकावटों और एलपीजी से जुड़ी समस्याओं समेत किसी भी अप्रत्याशित घटना का सामना करने के लिए कैसे तैयारी कर रही है, तब भी वे (विपक्ष) मेरा जवाब सुनने को तैयार नहीं हैं। वे अपना ही एजेंडा चलाना चाहते हैं। यही है हमारा विपक्ष।

# खरीद-फरोख्त की आशंका के बीच कर्नाटक पहुंचे ओडिशा के कांग्रेस विधायक

एजेंसी

**रामनगर।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को पार्टी नेताओं के साथ ओड़िशा के कांग्रेस विधायकों से वंडरला रिसॉर्ट में मुलाकात की। ये विधायक ओड़िशा में आगामी राज्यसभा चुनावों को देखते हुए खरीद-फरोख्त की आशंकाओं के बीच यहां पहुंचे हैं।



वहीं, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, बंगलूरू में ओड़िशा के कांग्रेस विधायकों से मिलकर खुशी हुई। उनके साथ ओड़िशा प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष भक्त चरण दास भी मौजूद थे और उनसे बातचीत करने का अवसर मिला। उनकी एकता और दृढ़ संकल्प यह दर्शाता है कि कांग्रेस नेताओं का एकजुट रहकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प किसी भी प्रयास से कमजोर नहीं हो सकता।

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि यह कदम चुनाव से पहले विधायकों की एकता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। उन्होंने बताया कि यह निर्णय एहतियात के तौर पर लिया गया, क्योंकि भाजपा ने राज्यसभा की सीट के लिए दूसरा उम्मीदवार उतारा, जिससे राज्य में राजनीतिक हलचल बढ़ गई।

कांग्रेस के एक पदाधिकारी ने कहा, विधायकों को प्रभावित करने और क्रॉस वोटिंग की आशंका के चलते, नेतृत्व ने उन्हें मतदान तक राज्य से बाहर भेजने का फैसला किया। पार्टी नेताओं ने संकेत दिया कि जल्द ही और अधिक विधायक इस समूह में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, चार और विधायकों के शनिवार सुबह तक बंगलूरू पहुंचने की संभावना है।

## क्विक न्यूज

### मुंह पर बांधा कपड़ा, पशुओं को खुला छोड़ा, जान बचाने के लिए बच्चे-महिलाएं और बुजुर्ग, सब दौड़े

**आगरा।** आगरा के कुकथरी गांव के कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया गैस का रिसाव होते ही हर तरफ दहशत का मंजर देखने को मिला। गैस से बचने के लिए बच्चे-महिलाएं और बुजुर्ग, सभी दौड़ने लगे। मुंह पर कपड़े बांधकर गांव से बाहर आ गए। कुछ ही मिनटों में पूरा गांव खाली हो गया। गांव से निकलने के बाद सुरक्षित स्थानों पर खड़े हो गए।

रात तकरीबन 8.30 बजे कोल्ड स्टोरेज के अमोनिया प्लांट की पाइपलाइन से अचानक गैस लीक हुई थी। पहले तो ग्रामीणों को कुछ समझ नहीं आया, लेकिन जब हवा में तेज गंध फैलने लगी और आंखों में जलन महसूस हुई तो पता चला। इसके बाद गांव में भगदड़ जैसे हालात बन गए।

गांव की गलियों में हर तरफ लोग भागते नजर आए। कोई अपने छोटे बच्चों को गोद में उठाकर दौड़ रहा था तो कोई बुजुर्गों का हाथ पकड़कर। गांव से बाहर आने के बाद भी सभी सुरक्षित जगह की तरफ जा रहे थे। कई महिलाएं घबराहट में घरों को बंद नहीं कर सकीं। कुछ लोग तो चप्पल और जूते भी नहीं पहन पाए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गैस की गंध इतनी तेज थी कि कुछ ही पल में हालत बिगड़ने लगी। आंखों में जलन से दिखना भी मुश्किल हो गया। सांस भी नहीं ले पा रहे थे। घरों में चीखपुकार मचने पर सभी दहशत में आ गए थे। कुछ ही देर में गांव के रास्ते पर भागते हुए लोग नजर आने लगे। जो भी घर से भागा, उसने अपने मुंह पर कपड़े भी बांध लिए। इसके बावजूद सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। लोगों के घरों के बाहर पशु भी बंधे थे। कुछ लोगों ने पशुओं को भी खुला छोड़ दिया, जिससे वो भाग सकें। गैस का रिसाव रुकने पर भी एक घंटे तक लोग अपने घरों का रुख नहीं कर पा रहे थे।

### ईरान के खिलाफ पाकिस्तान? सऊदी अरब को दिया पूरा समर्थन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ एक विशेष बैठक की। यह मुलाकात जेद्दा में हुई। इस दौरान शहबाज शरीफ ने पश्चिम एशिया के मौजूदा चुनौतीपूर्ण हालात में सऊदी अरब के लिए अपनी पूरी एकजुटता और समर्थन दिखाया। यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमलों के बाद क्षेत्र में स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। प्रधानमंत्री के साथ उप-प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री इशाक डार और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर भी जेद्दा पहुंचे थे। दोनों देशों के नेताओं ने क्षेत्र के ताजा घटनाक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए मिलकर काम करने का फैसला लिया। प्रधानमंत्री ने भरोसा दिलाया कि पाकिस्तान हमेशा सऊदी अरब के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा।

# ईरान सरेंडर करने वाला है- राष्ट्रपति ट्रंप ने जी7 देशों की बैठक में कहा

एजेंसी

**राष्ट्रपति।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में जी7 देशों के नेताओं के साथ एक वर्चुअल बैठक में यह दावा किया है कि ईरान लगभग आत्मसमर्पण करने वाला है। यह जानकारी एक्सियोस द्वारा शुक्रवार को जी7 देशों के तीन अधिकारियों के हवाले से प्रकाशित की गई है, जिन्हें इस बातचीत के बारे में जानकारी दी गई थी।

रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने सहयोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने एक ऐसे कैंसर को खत्म कर दिया है जो हम सभी को धमकी दे रहा था। उन्होंने बुधवार की सुबह जी-7 कॉल के दौरान ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के परिणामों का भी बखान किया। ट्रंप ने यह भी कहा कि कोई नहीं जानता कि नेता कौन है, इसलिए ऐसा कोई नहीं है जो आत्मसमर्पण की घोषणा कर सके।

शुक्रवार को, ट्रंप ने ईरान के नेताओं पर तीखी टिप्पणी की और कहा कि मध्य पूर्व में युद्ध के दो सप्ताह पूरे होने के साथ ही इस क्षेत्र में ड्रोन और मिसाइल हमलों के भारी आदान-प्रदान के बीच उन्हें मारना उनका बड़ा सम्मान था।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। इस क्षेत्र में जारी संघर्ष का भारत पर भी अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ सकता है, खासकर ऊर्जा आपूर्ति और खाड़ी देशों में काम कर रहे लाखों भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर। हाल ही में, विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की थी और कूटनीतिक माध्यमों से स्थिति को सुलझाने पर जोर दिया था।

# सरकार बोली- पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं, एलपीजी चिंता का विषय

## रोजाना 75.7 लाख सिलेंडर बुक हो रहे, ईरान जंग से पहले 55.7 लाख होते थे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और ईरान की तरफ से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद किए जाने के कारण ग्लोबल एनर्जी सप्लाई पर दबाव बढ़ने के बीच भारत सरकार ने शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन अवग-अलग मंत्रालयों की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

सरकार ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है लेकिन स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से एलपीजी हमारे लिए चिंता का विषय बना हुआ है। सरकार ने बताया कि ईरान जंग के कारण देश में गैस बुकिंग की संख्या में लगभग 20 लाख की बढ़ोतरी हुई है।

सरकार की तरफ से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग एवं ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने बताया कि जंग से पहले हर रोज औसतन 55.7 लाख सिलेंडरों की बुकिंग होती थी।



अभी एक दिन में लगभग 75.7 लाख गैस बुकिंग हो रही है। सरकार ने कहा कि जंग के माहौल के बीच एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग में अचानक बढ़ोतरी देखी गई है। यह लोगों के बीच घबराहट के कारण हो रहा है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा- एलपीजी चिंता का विषय है क्योंकि देश का ज्यादातर एलपीजी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से आता है और वह अभी बंद है। हालांकि, हमारे 25,000 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स में से किसी पर भी गैस खत्म होने (ड्राई आउट) की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। मंत्रालय ने आगे कहा- केंद्र की तरफ से राज्यों को अतिरिक्त 48,000 किलोलीटर केरोसिन आवंटन किया गया है। राज्यों से अपील की गई है कि वे जिलों में केरोसिन बांटने लिए जगह तय करें। वैकल्पिक ईंधन विकल्पों के लिए कोल इंडिया को छोटे, मध्यम और अन्य उपभोक्ताओं को कोयला उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकार ने कहा कि एलपीजी की पैनिक बुकिंग करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि किसी भी एलपीजी डीलर पर गैस खत्म होने की स्थिति सामने नहीं आई है। 9 मार्च 2026 को जारी नेचुरल गैस ऑर्डर के तहत कई सेक्टर को प्राथमिकता दी गई है। उसी आदेश के अनुसार घरेलू पीएनजी और सीएनजी की आपूर्ति बिना किसी कटौती के जारी है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने आगे कहा- मौजूदा स्थिति में लोगों को घबराने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। इसके अलावा बड़े शहरों और केंद्रों में व्यावसायिक उपभोक्ता जो फिलहाल एलपीजी सप्लाई पर निर्भरता के कारण कुछ दिक्कतों का सामना कर रहे हैं, भारत सरकार उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# फिरोजाबाद में भीषण हादसा, अज्ञात वाहन से भिड़ी कार, तीन लोगों की मौत

एजेंसी

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौट रहे थे। यह हादसा बुधवार सुबह करीब साढ़े चार बजे शिकोहाबाद के नसीरपुर थाना क्षेत्र में हुआ, जब प्रयागराज कुंभ से वापस दिल्ली लौट रही एक कार माइल स्टोन 52.600 किलोमीटर पर आगे चल रहे एक अज्ञात वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं, मृतकों के शवों को फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। पुलिस ने हादसे की जानकारी मृतकों और घायलों के परिजनों को दे दी है।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कार तेज रफ्तार में थी और संभवतः अंधेरे के कारण आगे चल रहे वाहन को समय पर नहीं देख सकी, जिससे यह हादसा हुआ। हालांकि, दुर्घटना के सही कारणों की जांच की जा रही है। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ, लेकिन पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर स्थिति को सामान्य कर दिया।

फिरोजाबाद पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है, जो दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। इसके लिए फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी वाहन चालक को पकड़कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# आगामी चुनाव से पहले सीएम बनर्जी का मास्टर स्ट्रोक, एससी-एसटी-ओबीसी समुदायों को लुभाने के लिए किया बड़ा एलान

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सीएम ममता बनर्जी ने एक नया राजनीतिक और सामाजिक मास्टर स्ट्रोक खेला है। उन्होंने शुक्रवार को घोषणा की कि उनकी सरकार मुंडा, कोरा, डोम, कुंभकार और सदगोप समुदायों के लिए नए सांस्कृतिक और विकास बोर्ड बनाएगी। सीएम ममता के अनुसार यह कदम न केवल इन कमजोर और पिछड़े समुदायों के अधिकारों और परंपराओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में तरक्की को भी बढ़ावा देगा।

सीएम बनर्जी ने इसे राज्य में समान और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बताया है, जो चुनावी मोर्चे पर भी उनकी पकड़ मजबूत कर सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में सीएम ममता ने लिखा कि



मैं खुशी के साथ घोषणा करती हूं कि हमारी सरकार मुंडा (एसटी), कोरा (एसटी), डोम (एससी), कुंभकार (ओबीसी) और सदगोप (ओबीसी) समुदायों के लिए जल्द ही पांच नए सांस्कृतिक और विकास बोर्ड बनाएगी।

अपने पोस्ट में सीएम ममता बनर्जी ने इस बात पर भी जोर दिया कि ये पांचों समुदाय राज्य की सजीव और रंगीन संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। बोर्डों के जरिए इनके भाषा, परंपरा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े अधिकारों की रक्षा की जाएगी। सीएम बनर्जी ने यह भी बताया कि 2013 से उनकी सरकार ने कई ऐसे बोर्ड स्थापित किए हैं, जिससे कमजोर समुदायों का संपूर्ण विकास सुनिश्चित किया गया है।

इसके साथ ही सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि कोई भी समुदाय पीछे न रह जाए। उन्होंने जोर दिया कि बंगाल सरकार का लक्ष्य है कि समान विकास और सहयोग के जरिए हर चेहरे पर मुस्कान आए। गौरतलब है कि ममता बनर्जी ने यह घोषणा आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले की है।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच चौथी बार हुई जयशंकर-अराघची की बातचीत, होर्मुज से मिल रही अच्छी खबर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से बात की। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद यह दोनों नेताओं की चौथी बातचीत थी। जयशंकर और अराघची के बीच यह बातचीत ऐसे समय हुई, जब होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे 28 व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच बीती रात फोन पर बातचीत हुई। बीती 28 फरवरी को जब अमेरिका के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी, उसके बाद भी जयशंकर ने अराघची से बात की थी। पश्चिम एशिया में गहराते संकट के बीच बीती 5 मार्च और फिर 10 मार्च को भी दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई थी। बीते करीब 15 दिनों में दोनों के बीच गुरुवार रात को चौथी बार बात हुई है।

विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा, कल रात ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ एक और बातचीत हुई। इस बातचीत में द्विपक्षीय मामलों के साथ-साथ ब्रिक्स से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई। भारत, होर्मुज जलडमरूमध्य के रणनीतिक शिपिंग मार्ग से भारतीय ध्वज वाले व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित कराने की कोशिश कर रहा है। अमेरिका और इस्राइल के साथ संघर्ष बढ़ने के बाद तेहरान ने इस मार्ग को आंशिक रूप से अवरुद्ध कर दिया है। जिससे दुनिया भर में ऊर्जा संकट पैदा हो गया है। हालांकि गुरुवार को एक अच्छी खबर सामने आई कि एक भारतीय जहाज सुरक्षित भारत पहुंचा। इसे भारत के कूटनीतिक प्रयासों का नतीजा माना जा रहा है।

# ईरान के स्कूल पर हमले के पीड़ितों के लिए 2 लाख डॉलर की मदद देगा चीन, नागरिकों पर हमले की निंदा की

एजेंसी

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में जंग जारी है। इस बीच, चीन ईरान की मदद के लिए आगे आया है। उसने हाल ही में बालिका प्राथमिक विद्यालय पर हवाई हमले में मारे गए छात्रों के लिए 2,00,000 अमेरिकी डॉलर की आपातकालीन मानवीय मदद देने की घोषणा की। अमेरिका और इस्राइल के शुरुआती हमलों के दौरान इस विद्यालय को निशाना बनाया गया था।



चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, चीन इस हमले में छात्रों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त करता है। उनके परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट करता है। उन्होंने कहा, चीन की रेड क्रॉस सोसायटी ने ईरानी रेड क्रेसेंट सोसासटी को 2,00,000 अमेरिकी डॉलर (यूएसडी) की आपातकालीन मानवीय मदद देने का फैसला लिया है। गुओ ने कहा, चीन सभी नागरिकों और गैर-सैन्य लक्ष्यों पर किए गए हमलों की निंदा करना करता है। उन्होंने कहा, विद्यालयों को निशाना बनाना और बच्चों को नुकसान पहुंचाना अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का गंभीर उल्लंघन है और मानव नैतिकता व अंतरात्मा की सीमाओं को पार करता है। उन्होंने कहा, चीन मानवीयता की भावना के तहत ईरान को जरूरी समर्थन जारी रखने को तैयार है, ताकि ईरानी लोग इन कठिन परिस्थितियों से उबर सकें।

संयुक्त राष्ट्र के एक मार्च के बयान के अनुसार, मिसाइलों ने दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर में एक बालिका प्राथमिक विद्यालय को निशाना बनाया, जिसमें लगभग 150 लोगों की मौत हुई और लगभग 100 घायल हुए। बताया जा रहा है कि मृतकों में कई छात्राएं शामिल हैं। ईरान ने इस हमले के लिए अमेरिका और इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सेना की मध्य कमान (सेंटकॉम) ने इस घटना की रिपोर्ट की जांच कर रही है। जबकि इस्राइल की सेना ने कहा कि उन्हें उस क्षेत्र में आईडीएफ के किसी भी ऑपरेशन की जानकारी नहीं है।

## अब तक 15000 लक्ष्यों को बनाया निशाना, हेगसेथ का बड़ा बयान

# लगभग खत्म हो चुकी ईरान की सैन्य ताकत

एजेंसी

**बीजिंग।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका ईरान की कट्टरपंथी सेना को इस तरह तबाह कर रहा है, जैसा दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा। उन्होंने बताया कि अमेरिका और इस्राइल की वायु सेनाओं ने मिलकर दुश्मन के अब तक 15 हजार से अधिक लक्ष्यों पर हमला किया है, यानी प्रतिदिन एक हजार से अधिक लक्ष्य। अभी भी हमारे लड़ाकू विमान और बमवर्षक पूरे दिन ईरान के ऊपर उड़ान भर रहे हैं और खुफिया जानकारी के अनुसार लक्ष्य तय कर रहे हैं।

हेगसेथ ने कहा कि दुष्ट शासन का सबसे बड़ा दुःस्वप्न। ईरान के पास कोई वायु रक्षा नहीं है। ईरान के पास कोई वायु सेना नहीं है। ईरान के पास कोई नौसेना नहीं है। उनके मिसाइल, मिसाइल लॉन्चर और ड्रोन या तो नष्ट किए जा रहे हैं या हवा में मार दिए जा रहे हैं। उनके मिसाइल भंडार में 90 फीसदी की कमी आ चुकी है। उनके एकतरफा हमला करने वाले ड्रोन कल 95 फीसदी तक कम हो गए थे और जैसा कि दुनिया देख रही है, वे हॉर्मुज की खाड़ी में घबराहट और हताशा में हैं। यह कुछ ऐसा है जिसे हम देख रहे हैं, इससे निपट रहे हैं और इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।



उन्होंने कहा, हम उनकी सैन्य क्षमताओं को इस तरह हराने, नष्ट करने और निष्क्रिय करने की योजना पर काम कर रहे हैं, जैसा दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा। ईरान के पास अब कोई सक्रिय वायु सेना नहीं है। उनकी पूरी नौसेना फारस की खाड़ी में नष्ट हो चुकी है और उनके मिसाइल बल दिन-प्रतिदिन घट रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि उनके पास अब और उत्पादन करने की क्षमता भी नहीं है। बहुत जल्द ईरान की सभी रक्षा कंपनियां नष्ट हो जाएंगी। उदाहरण के लिए, दो दिन पहले तक ईरान की पूरी बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन क्षमता और उन मिसाइलों के प्रत्येक घटक का निर्माण करने वाली कंपनियां पूरी तरह नष्ट कर दी गई हैं। ईरान भर में भवन, संयंत्र और फैक्टरी लाइनों को नष्ट कर दिया गया है। हम उनके पास मौजूद मिसाइलों को मार रहे हैं। लेकिन सबसे जरूरी यह सुनिश्चित करना है कि उनके पास और (मिसाइल) बनाने की क्षमता न रहे। उनके उत्पादन संयंत्र, सैन्य कारखाने और रक्षा नवाचार केंद्र नष्ट हो चुके हैं।

पीट हेगसेथ ने कहा, ईरान का नेतृत्व भी अच्छे हाल में नहीं है। वे हताश हैं और भूमिगत हो गए हैं, डर के मारे छिपे हुए हैं। हम जानते हैं कि नए तथाकथित सर्वोच्च नेता घायल हो गए हैं। उन्होंने कल एक बयान जारी किया, जो वास्तव में कमजोर (बयान) था। इसमें कोई आवाज या वीडियो नहीं था। केवल लिखित बयान था। उन्होंने (राष्ट्रीय) एकता की अपील की, लेकिन लगता है कि उनके लिए एकता का मतलब हजारों प्रदर्शनकारियों की हत्या ही है। ईरान में पर्याप्त कैमरे और रिकॉर्डिंग उपकरण मौजूद हैं। फिर उन्होंने केवल लिखित बयान क्यों दिया? मुझे लगता है कि आप कारण जानते हैं। उनके पिता की मौत हो चुकी है। वह डर गए हैं, घायल हैं, भाग रहे हैं और उनके पास वैधता नहीं है। उनकी स्थिति अस्त-व्यस्त है। कौन नेतृत्व कर रहा है? ईरान खुद भी शायद नहीं जानता।

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 14 मार्च, 2026



# जौनपुर अयोध्या मार्ग पर पानी बहने से दुर्घटना बढ़ी

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जौनपुर अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुत्तूपुर के पास एक वाहन एजेंसी द्वारा सड़क पर लगातार पानी बहाने से दुर्घटनाएं बढ़ गई थी। जिसको लेकर समाजसेवी ने मुख्यमंत्री से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने सबको सड़क पर पानी न बहाने निर्देश दिया। जिससे एजेंसी में वाहनों की धुलाई बंद हो गई। जौनपुर अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग पर कुत्तुपुर के पास स्थित वाहन एजेंसी के सामने महीनो से लगातार वाहनो के धुलाई का पानी बहाया जा रहा था। जिससे बड़े-बड़े गड्ढे हो गए। सड़के उखड़ गई और आए दिन वाहन दुर्घटना होने लगी। अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को समस्याओं का सामना करना पड़ा। जिसको गंभीरता से लेते हुए एडवोकेट समाजसेवी अजय कृष्ण यादव बबलू सारंग निवासी जर्रो मल्हनी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को पत्र के माध्यम से शिकायत की।



इसके अलावा उन्होंने कई जिम्मेदार विभागों से और आईजीआरएस के माध्यम से जानकारी मांगी, कि किस अधिकार से अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार पानी बहाया जा रहा है। जिससे अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है , आए दिन दुर्घटनाएं बढी हैं ,क्यों न सब दुर्घटना पीडितो को मुआवजा दिया जाए। इस मामले को मुख्यमंत्री कार्यालय ने गंभीरता से लिया और जिला मुख्यालय पर उन्होंने इसके पानी को तत्काल रोकने का निर्देश दिया।जिसके क्रम में शुक्रवार को पुलिस ने पहुंचकर एजेंसी के द्वारा वाहनों की धुलाई को तत्काल रोकने का निर्देश दिया और कहा कि सड़कों पर पानी न बहाए जाए। इस बारे में थानाध्यक्ष अमरेंद्र पांडेय ने कहा कि सड़क पर पानी वाले बहाने वालों को सख्त हिदायत दी है कि रोड पर कोई पानी न बहाये। अतिक्रमण न करें। अन्यथा उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

# राधा-कृष्ण की फूलों की होली ने लोगों को मोहा

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम
- सर्ववैश्य समाज को एक सूत्र में और पिरोने की जरूरत है : गणेश





सभी वैश्य समाज रोटी बेटी का रख संबंध, सगोत्री शादियों से करें परहेज़: जय किशन साहू

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)।** राधेश्याम पैलेस में सर्ववैश्य समाज द्वारा चतुर्थ होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। राधा कृष्ण फूलों की होली व सर्ववैश्य समाज के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष राजकुमार ऊमरवैश्य, मुख्य सलाहकार आलोक गुप्ता पिंटू, सलाहकार इंजीनियर उमाशंकर गुप्ता, संरक्षक पशुपति नाथ मुन्ना, नीशू केशरी, रामनारायण साहू, महिला मंडल अध्यक्ष सुमन जायसवाल व महामंत्री पूजा ऊमरवैश्य समेत अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।विशिष्ट प्रतिभा सम्मान में एंजल अग्रवाल, आकाशदीप, प्रिया गुप्ता, सुशांत जायसवाल, डॉ निलेश, दीपेश भोजवाल, आयूष ऊमरवैश्य, प्रत्युष ऊमरवैश्य, आयुषी व रित्विक तथा समाज में अतुलनीय योगदान देने वालों में जितेंद्र अग्रवाल, क्रांति कपूर ऊमरवैश्य, शशि अग्रवाल, उमाशंकर चौरसिया व आर्टिस्ट धीरज अग्रवाल एवं पत्रकार, समाजसेवी, महिला मंडल समेत युवजन संघ के पदाधिकारीयों सम्मानित हुए।मुख्य अतिथि महापौर प्रयागराज गणेश केसरवानी ने कहा कि होली मिलन आपसी द्वेष और अहंकार मिटाने वाला त्यौहार है। सर्ववैश्य समाज की एक सूत्र में पिरोने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि गाजीपुर विधायक जय किशन साहू ने कहा कि सभी वैश्य समाज को रोटी बेटी का संबंध रखना और सगोत्री शादियों से परहेज़ करने के लिए सर्ववैश्य समाज से अपील की।

विशिष्ट अतिथियों के रूप में क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल के पिता भूपेंद्र जायसवाल, गाजीपुर सदर विधायक जय किशन साहू, चेयरमैन मछ्लीशहर संजय जायसवाल, सुरियावां चेयरमैन विनय चौरसिया, रानीगंज चेयरमैन मीरा बद्री साहू, एडवोकेट देव कुमार राजू, राष्ट्रीय महामंत्री गोविंद बाबू टाटा, भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र भोजवाल, कृष्ण कुमार ऊमरवैश्य, दिनेश ऊमरवैश्य, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश ऊमरवैश्य, सभासद घनश्याम ऊमरवैश्य, मोहित ऊमरवैश्य, महामंत्री डॉ दिनेश, विनोद ऊमरवैश्य, नंदलाल ऊमरवैश्य व कमल कोमल ऊमरवैश्य आदि लोगों को सम्मानित किया गया।महिला मंडल द्वारा गणेश वंदना, होलिया में उड़े रे गुलाल.. हनुमान चालीसा व मैश अप डांस सॉन्ग पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राधा कृष्ण स्वरूपों में सजे कलाकारों ने महिलाओं के साथ अबीर और गुलाल के साथ फूलों की होली नृत्य प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी।समाज की नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भक्ति गीत, पंजाबी, धार्मिक गीतों व होली गीतों आदि पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति को लेकर महिला मंडल की पदाधिकारीयों में सुमन जायसवाल, बीना गुप्ता, पूजा जायसवाल, स्मिता भोजवाल, अंजु कासौधन, वर्षा केशरी, मनीषा ऊमरवैश्य, नीतू अग्रवाल, सुजाता साहू, ममता जायसवाल व प्रिया ऊमरवैश्य आदि ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन महामंत्री राजकुमार जायसवाल काजू व रंजीत भोजवाल ने किया। इस अवसर पर आशीष ऊमरवैश्य रानू, आशीष ऊमरवैश्य, गणेश सभासद, राम नारायण साहू, हीरालाल भोजवाल, सभासद बैजनाथ साहू, सनोज साहू, सुरेश चंद सोनी, संदीप कसेरा, रामगोपाल केसरी, रोहित जायसवाल, गोपाल चौरसिया, राजबहादुर चौरसिया, रवि ऊमरवैश्य, सुमित गुप्ता, सीके, विकेश गुप्ता, रितेश भोजवाल, विपिन भोजवाल, गुप्ता जिमी, शिवकुमार लल्ला, कामता यादव व अवधेश अग्रहरि आदि लोग मौजूद रहे।

## 17 वर्ष पुराने मामले में नहीं मिले पर्याप्त साक्ष्य, पूर्व सांसद संतोष सिंह बरी

**आजमगढ़।** बिना अनुमति जुलूस निकालने के मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद एमपी एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट के जज अनुपम त्रिपाठी ने पूर्व सांसद डॉक्टर संतोष कुमार सिंह को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 2009 के लोकसभा चुनाव के समय शहर में धारा 144 लागू थी। उस समय 30 मार्च को शहर के सिविल लाइन चौराहे पर दिन में लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर संतोष कुमार सिंह ने अपने 50 -60 समर्थकों के साथ जुलूस निकाला और नारेबाजी की। तत्कालीन शहर कोतवाल ने डॉ संतोष सिंह तथा अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल किया। डॉ संतोष कुमार सिंह के अधिवक्ता राजेश कुमार सिंह पाराशर ने बताया कि अभियोजन पक्ष की तरफ से कुल चार गवाह न्यायालय में परीक्षित कराए गए। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद पर्याप्त सबूत के अभाव में अदालत ने पूर्व सांसद डॉक्टर संतोष कुमार सिंह को दोषमुक्त कर दिया।

## पैरालाइसिस से पीड़ित महिला को व्हीलचेयर प्रदान किया गया

**आजमगढ़।** सेवा परमो धर्म को मूल मंत्र मानकर प्रयास सामाजिक संगठन ईश्वर की अनुकम्पा से दिन प्रतिदिन सेवा के क्षेत्र में आगे की तरफ अग्रसर है, प्रयास की सेवा की गूंज अब अन्यत्र जिलों में भी पहुंचने लगी है, आज उसी क्रम में पैरालाइसिस से पीड़ित माँ शीला देवी निवासी जमालपुर सुल्तानपुर को व्हीलचेयर प्रदान करके प्रयास ने मानवता की मिसाल पेश किया है। अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि हमारी सच्चाई ही हमारी अच्छाई है। संगठन के साथी अपनी सामर्थ्य के अनुसार सच्ची सेवा में लगे है, इसी का परिणाम रहा कि समाज के लोग प्रयास का निरंतर उत्साह वर्धन कर रहे हैं। आज प्रदान की गई व्हीलचेयर केटी गैस रोडवेज आजमगढ़ की तरफ से कुछ दिन पहले प्राप्त की गई थी जिसे आज पीड़ित माता जी को प्रदान किया गया, इनकी अंतरात्मा से निकले आशीर्वाद ही प्रयास को फलीभूत करते हुए प्रयास के साथियों को सुख और संतोष प्रदान करता है, उसी का परिणाम है कि प्रयास निरंतर आगे की तरफ अग्रसर है।

# वंचितों के अधिकारों के लिए जीवन पर्यंत संघर्षशील रहे शिवदयाल चौरसिया : राकेश

अवधनामा संवाददाता





**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय सदर चुंगी जो फर्स्ट टीम गंज पर जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में सामाजिक विचारों के धनी पूर्व सांसद राज्यसभा शिवदयाल चौरसिया जी की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई।

सर्वप्रथम उपस्थित पार्टी जनों ने शिवदयाल चौरसिया जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया तत्पश्चात उनके जीवन दर्शन पर चर्चा करते हुए उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि बैरिस्टर शिवदयाल चौरसिया जी देश में लोक अदालत के जनक तथा पिछड़ा वर्ग आयोग (काका कालेलकर आयोग) के भी सदस्य रहे। 13 मार्च 1903 में लखनऊ में जन्म हुआ शिक्षा दीक्षा के बाद लखनऊ लोवर कोर्ट, हाईकोर्ट, बिहार हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ विद्वान अधिवक्ता भी रहे। उन्होंने सामाजिक असमानता, छुआछूत और पिछड़ेपन के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उन्हें पिछड़े वर्ग आंदोलन का एक मजबूत हस्ताक्षर माना जाता है। वो सदैव शोषितों, वंचितों, पिछड़ों, दलितों के हक अधिकार के लिए जीवन पर्यंत संघर्षशील रहे। आज ऐसे महापुरुष को समाजवादी पार्टी जौनपुर नमन करती है और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प पुनः लेती है। गोष्ठी का संचालन ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने किया। गोष्ठी को ज़िला उपाध्यक्ष हीरालाल विश्वकर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव लाल मोहम्मद राईनी ने संबोधित किया। इस अवसर पर ज़िला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप यादव नेपाल, वरिष्ठ नेता रूखसार अहमद, दीपक विश्वकर्मा, आनंद गुप्ता, धीरज बिंद, किशन यादव छात्र नेता, रविन्द्र मौर्य, अमजद अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने की परिजनों ने लगाई गुहार

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के परषोतमपुर गांव की रहने वाली एक महिला ने अपने पति के मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि जेल और अस्पताल प्रशासन की ओर से अभी तक मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है, जिससे उसे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संध्या सिंह पत्नी स्वर्गीय उग्रसेन सिंह उर्फ लाडो निवासी ग्राम परषोतमपुर, थाना मुबारकपुर, तहसील सगड़ी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पति उग्रसेन सिंह पुत्र रामनगीना सिंह को हत्या के एक मामले में नामजद किए जाने के बाद न्यायिक हिरासत में मण्डल कारागार आजमगढ़ में रखा गया था। महिला का कहना है कि जेल में रहते हुए उनके पति की तबीयत काफी समय से खराब चल रही थी। हालत गंभीर होने पर उन्हें मण्डलीय चिकित्सालय आजमगढ़ भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संध्या सिंह का आरोप है कि पति की मृत्यु के बाद उन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है, लेकिन न तो जेल प्रशासन और न ही मण्डलीय चिकित्सालय की ओर से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रमाण पत्र के लिए कई बार संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगाने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकल पाया है। पीड़िता ने डीएम से मांग की है कि मामले को संज्ञान में लेते हुए संबंधित सक्षम अधिकारी के माध्यम से उनके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराया जाए।

## फैमिली आईडी के लाभों के लिए पम्पलेट जारी

**मैनपुरी (अवधनामा संवाददाता)** मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने बताया कि फैमिली आई.डी. योजनान्तर्गत नागरिकों को प्राप्त होने लाभों के सम्बन्ध में एक इन्फोग्राफिक के माध्यम से फैमिली आई.डी. के लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ पात्र परिवारों को समय पर फैमिली आई.डी. का निर्माण, अद्यतन करने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु पम्पलेट उपलब्ध कराया गया है। उन्होने जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया है कि इन्फोग्राफिक पम्पलेट प्रशासनिक व्हाट्सएप समूहों में पंचायत सहायक एवं पंचायत सचिव को साझा करते हुए जमीनी स्तर पर नागरिकों तक इसकी जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## गैस वितरण शिकायतों के लिए हेल्पलाइन जारी

**मैनपुरी (अवधनामा संवाददाता)** जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्र ने बताया कि पेट्रोलियम पदार्थों यथा पेट्रोल, डीजल एवं एल.पी.जी. आदि की सुचारू आपूर्ति, गैस वितरण से सम्बन्धित सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका मो. नम्बर 8395072486 है, पूर्ति निरीक्षक कृष्णा कुमारी को कन्ट्रोल रूम का प्रभारी नामित किया गया हैं। उन्होंने नामित कन्ट्रोल रूम प्रभारी को उपभोक्ताओं द्वारा दर्ज करायी जाने वाली शिकायतों को नाम, पता, मोबाइल नम्बर आदि के साथ रजिस्टर में अंकित करते हुए सम्बन्धित शिकायतों को क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक के माध्यम से निस्तारित कराये जाने के निर्देश दिये है।

# आईजीआरएस रैंकिंग में प्रदेश में पहला स्थान, पुलिस का शानदार प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जन शिकायतों के निस्तारण में आजमगढ़ पुलिस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर पहला स्थान हासिल किया है। शासन द्वारा संचालित आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आधार पर फरवरी माह की रैंकिंग में जनपद आजमगढ़ पुलिस को यह उपलब्धि मिली है। शासन स्तर पर आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा की जाती है और प्रदर्शन के आधार पर प्रत्येक माह रैंकिंग जारी की जाती है। इसमें शिकायतों के समय से निस्तारण, की गई कार्रवाई और फरियादियों से प्राप्त फीडबैक को आधार बनाया जाता है। फरवरी माह में आजमगढ़ पुलिस द्वारा प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए पोर्टल पर आख्या फीड की गई, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश स्तर की रैंकिंग में जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि जनपद के सभी 23 थानों को भी इस रैंकिंग में पहला स्थान मिला है। जनपद एवं थानों की रैंकिंग का निर्धारण फरियादियों द्वारा दिए गए फीडबैक और शिकायतों के निस्तारण के आधार पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा किया जाता है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन और मार्गदर्शन में आजमगढ़ पुलिस ने यह उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता से आम जनता और फरियादियों में पुलिस के प्रति विश्वास और संतुष्टि की भावना में भी वृद्धि हुई है। इस उपलब्धि पर उच्च अधिकारियों द्वारा भी पुलिस कर्मियों के कार्यों की सराहना की गई है।

## क्षतिग्रस्त खड़ंजा मार्ग को ठीक करने की मांग

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** बूढनपुर तहसील क्षेत्र के अतरौलिया ब्लॉक क्षेत्र के प्रतापपुर छतौरा गांव से दुराजपुर पोलिंग बूथ तक जाने वाला लगभग 1500 मीटर लंबा खड़ंजा मार्ग पूरी तरह टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया है। यह मार्ग आगे चलकर अंबेडकर नगर जनपद की सीमा को भी जोड़ता है, जिससे इस रास्ते पर आवागमन करने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि खड़ंजा मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में पड़ा है द्य जगह-जगह खड़ंजे उखड़ गए हैं और सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।वहीं किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह उर्फ बबलू सिंह जिला अध्यक्ष दारा सिंह ने कहा की प्रशासन की अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत एसडीएम बूढ़नपुर को ज्ञापन देकर की और जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं कराया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान दारा सिंह, प्रहलाद सिंह, तूफानी, अमरजीत, जिआउऊ राम, हरी राम, सिकंदर, जमीर, राम आज्ञा, राममिलन, धर्मेंद्र, अभिषेक, सुनील, अनीता, सुशीला, रेखा, किरण, जितेंद्र, महेंद्र, वेलास, कुट्टी वर्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।



## गोलघर व्यापार मंडल का होली मिलन समारोह 15 मार्च को

**प्रयागराज।** गोलघर व्यापार मंडल मुट्ठीगंज की बैठक मुट्ठीगंज कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सुनील केसरवानी ने किया। इस अवसर व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश केसरवानी ने बताया कि गोलघर व्यापार मंडल के द्वारा 15 मार्च को रात्रि 8ः00 बजे हटिया पुलिस बूथ चौराहे पर व्यापार मंडल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर सुप्रसिद्ध भजन गायक एवं एक्टर सुनील चावला अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे एवं अन्नू राज आर्केस्ट्रा एंड म्यूज़िकल ग्रुप प्रयागराज के द्वारा संगीत एवं सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। संचालन महामंत्री संतोष अग्रहरि ने किया।

## सार्वजनिक सूचना

सभी को सूचित हो कि मैं बबीता रानी पुत्री रगबीर सिंह निवासी म.न. a.n.m.c.h.c. गंगोह खालसा ज़ि.सहारनपुर यूपी की निवासी हूं मेरी आधार स. 33946 9273118 है मेरे हाई स्कूल पूरक परीक्षा 1982 के प्रमाण पत्र अनुसार माध्यमिक शिक्षा परिषद यू पी द्वारा जो मुझको दिया गया है उसमे मेरी जन्म तिथि दिनांक 10/3/1967 लिखी है जो गलत है मेरी वास्तविक जन्म तिथि माता पिता के कथन अनुसार 19.3.1972 है भविष्य में मेरे जन्म की सही तिथि 19.3.1972 ही मान्य है एवं सरकारी दस्तावेज़ में येही दर्ज होनी ज़रूरी है। श्रीमती बबीता रानी. मो. 9719552311

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय मा.सिविल जज(सीडि) सहारनपुर प्रर्कीण वाद सं.298 सन 2025, लक्ष्मी कौशिक उम्र 39 वर्ष पत्नी श्रवण कुमार निवासी ग्राम रेड़ीमलकपुर परगना व तहसील व जिला सहारनपुर हाल निवासी चन्द्र विहार कलोनी, सहारनपुर (सायला).....बनाम..आम जनता दरख्वास्त मुसम्मा लक्ष्मी कौशिक पत्नी श्रवण कुमार निवासी ग्राम रेडीमलकपुर परगना व तहसील व जिला सहारनपुर हाल निवासी चन्द्र विहार कलोनी, सहारनपुर वास्ते हुसूल सर्टी-फिकेट बसूल जर 5,00,000 रूपये किफायत द्वारा दरख्वास्त मुससम्मा लक्ष्मी कौशिक मुतवफ्फा भरत भूषण पुत्र स्व.मनीराम नि.चन्द्र विहार कालोनी, सहारनपुर, ने अपने वसूजिव एक्ट 7 सन 1889 ई बक़ैद 5,00,000/- रूपये हरगाह मुसम्मा लक्ष्मी कौशिक ने दरख्वास्त हुसूल सर्टिफिकेट गुजरानी है और तारिख 23 माह 3 सन 26 ई0 वास्ते समाअत दरखास्त मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को उक्त दरखास्त के उज़्र हो तो असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज सीडि मुकाम सहारनपुर में 23/3/26 को हाज़िर होकर उज्र अपना पेश करे। दरसूरत इनकजाय तारिख मजकूर के फिर उजर किसी का सुना न जायेगा हाजिर हुक्म मुनासिब निस्ब दरख्वास्त मजकूर से सादिर होगा।

**लअमरकूम 13 माह 3 सन 2026 ई0 आज्ञा से......मुंसरिम!**

# अलविदा नमाज के चलते शंकराचार्य मामले की सुनवाई टली

- खुद के जाल में फंस रहे आशुतोष ब्रह्मचारी- पी एन मिश्र
- अब 17 अप्रैल को होगी सुनवाई



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** ज्योतिष्ठ पीठाधीश्वर जगदुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के मामले में जिला न्यायालय में शुक्रवार को सुनवाई होनी थी जो नहीं हुई। मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख 17 अप्रैल तय कर दी गई है। शुक्रवार को अलविदा नमाज होने के कारण अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। ऐसे में शंकराचार्य मामले में सुनवाई को अगली तिथि के लिए टाल दिया गया है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दर्ज दो मामलों में सुनवाई के लिए 13 मार्च की तारीख मुकर्रर की गई थी। पहला मामला पॉक्सो एक्ट से संबंधित है जिसमें अदालत ने दोनों पक्षों को लिखित बयान मांगा है। वहीं दूसरा मामला शंकराचार्य का वीजा पासपोर्ट जब्त करने की मांग को लेकर है ताकि वह विदेश न भाग सकें। दोनों मामले में शुक्रवार को सुनवाई होनी थी। शंकराचार्य के अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी ने बताया कि मामले की सुनवाई 17 अप्रैल को निर्धारित की गई है। आज कोई बयान दर्ज नहीं हो सका है। जगदुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के अधिवक्ता डॉ. पीएन मिश्रा ने कहा कि शंकराचार्य और उनके शिष्य पर मुकदमा दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी अपने ही बुने जाल में फंसते जा रहे हैं। वह सफेद झूठ का पुलिंदा न्यायालय के सामने प्रस्तुत कर रहे हैं। कहा कि शंकराचार्य की ओर से इनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने के लिए जल्द ही न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा। जिला न्यायालय में सुनवाई के सिलसिले में स्वामी मुकुंदानंद गिरि के साथ प्रयागराज पहुंचे डॉ. मिश्र ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आशुतोष ब्रह्मचारी ने कोर्ट में शपथ पत्र देकर शंकराचार्य और उनके शिष्य मुकंदानंद का पासपोर्ट जब्द करने की गुहार लगाई है, ताकि वह विदेश न भाग सकें।

## रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय में छात्रों का प्रदर्शन, हंगामा

**प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र स्थित रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय में बड़ी संख्या छात्रों को फेल किए जाने के बाद मामला तूल पकड़ने लगा है। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन और मुख्य गेट के पास हजारों की संख्या में पहुंचे छात्रों ने जमकर वाइस चांसलर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा किया और मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। हंगामा कर रहे छात्रों की मांग थी कि फेल किए गए छात्रों को तत्काल प्रभाव से प्रमोट किया जाए। अन्यथा या प्रदर्शन और हंगामा अनिश्चितकालीन के लिए चलता रहेगा। छात्रों ने एक सप्ताह पहले भी हंगामा और प्रदर्शन किया था। शुक्रवार को पूर्वान्ह हजारों की संख्या में फेल छात्र रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय के गेट पर पहुंच गए। विश्वविद्यालय के अंदर आने जाने वाहनों को रोकने लगे इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। मौके पर मौजूद पुलिस फोर्स ने छात्रों को खदेड़ा और वाहनों को अंदर जाने दिया। पुलिस फोर्स और विश्वविद्यालय सिक्योरिटी के रोकने के बाद भी सभी छात्र धक्का देते हुए प्रशासनिक भवन तक पहुंच गए और सीडीओ पर बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी। रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय से संबद्ध करीब 6 जिले के छात्र शामिल हैं। जिसमें प्रयागराज, मिर्जापुर, फतेहपुर, प्रतापगढ़, भदोही, कौशांबी शामिल हैं।

# मस्जिदों में हुई अलविदा की दो जमात नमाज

- आखिरी जुमा पर अलर्ट, अफसरों ने किया रूट मार्च, ड्रोन से निगरानी

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** शुक्रवार को अलविदा (रमजान में पड़ने वाले आखिरी जुमा) की नमाज अकीदत से अदा की गई। अलविदा की नमाज सड़कों, मस्जिदों के बाहर नहीं हुई, ऐसे में अधिक भीड़ की वजह से मस्जिदों में दो जमात का इंतजाम हुआ ताकि सभी लोग नमाज पढ़ सकें। आखिरी जुमा पर मस्जिदों में बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। रोजेदारों की नमाज न छूटे इसके लिए शहर की ज्यादातर बड़ी मस्जिदों में दो बार नमाज पढ़ाई गई। एक नमाज एक बजे दोपहर के करीब हुई तो दूसरी नमाज दो बजे के आसपास अदा की गई। चौक जामा मस्जिद की बात करें तो अलविदा की पहली जमात दोपहर एक बजे मौलाना सैय्यद रईस अख्तर हबीबी ने पढ़ाई। जबकि दूसरी जमात दोपहर दो बजे मौलाना सैय्यद अली असगर रजवी ने अदा कराई। अलविदा की नमाज के मद्देनजर अलर्ट भी जारी हुआ है। शहर में सुरक्षा के खास इंतजाम रहे। खासकर पुराने शहर में पुलिस और आरएएफ की तैनाती रही। सभी बड़ी मस्जिदों के आसपास फोर्स की तैनाती है। चौक जामा मस्जिद, चक स्थित शिया जामा मस्जिद के आसपास ड्रोन से निगरानी की गई। करेली, खुल्दाबाद, अटाला, रसूलपुर, रोशनबाग, नूरुल्ला रोड, मंसूर अली पार्क, चकिया, बहादुरगंज, नखास कोहना, सब्जी मंडी, चौक, दरियाबाद, रानीमंडी, शाहगंज, जानसेनगंज, कटरा, मुट्ठीगंज, बहादुरगंज आदि इलाकों में रूट मार्च किया गया। पुलिस कमिश्नर प्रयागराज जोगेंद्र कुमार ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह नमाज के वक्त अपने क्षेत्रों में गश्त करें। रूट मार्च कर सुरक्षा इंतजाम देखें। अबकी बार अलविदा की नमाज के दौरान अमेरिका और इजरायल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को लेकर विशेष निगरानी की जा रही है। शिया मुसलमान प्रयागराज में लगातार गम और गुस्से का इजहार कर रहे हैं। शिया समुदाय के लोगों ने पहले ही ऐलान किया है कि वह ईद नहीं मनाएंगे। ऐसे में अलविदा पर शहर में प्रदर्शन की तैयारी हो सकती है। नमाज के दौरान विरोध से अफरातफरी न फैले इसे लेकर पुलिस सतर्क है।

## शबे कद्र की कीमती रातों में पूरी रात इबादत

**प्रयागराज।** माहे मुक़द्दस रमज़ान के आखरी अशरे में अपने गुनाहों कबीरा व गुनाहे सग़ीरा से माफी, तौबा और मग़फिरत के लिए दुआएं हो रही हैं। रमजाम की कीमती रातों शबे कद्र पर पूरी रात मुस्लिम समुदाय के लोग इबादत कर रहे हैं। मस्जिद क़ाज़ी साहब बख्शी बाजार में मौलाना सैय्यद जव्वादुल हैदर रिज़वी, चक शिया जामा मस्जिद में इमाम ए जुमा हसन रज़ा ज़ैदी, दरियाबाद अरब अली खां में मौलाना इरफ़ान हैदर अली जैदी, मुसल्ला ए ज़ीशान में मौलाना आमिरुर रिज़्वी, दरियाबाद मस्जिद गदा हुसैन में मौलाना ज़रग़ाम हैदर, मस्जिद बीबी खदीजा करेली में मौलाना अलमदार हसनैन, रानीमंडी चकय्या नीम इमामबाड़ा बेग में मौलाना ज़ीशान हैदर, मस्जिद मौला अली दरियाबाद में मौलाना अम्मार ज़ैदी, मस्जिद ए मोहम्मदी लेबर चौराहा करेली में मौलाना वसी हैदर की क़यादत में पूरी रात मुस्लिमों ने इबादत में गुज़ारी।



## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-RDL-MX-90-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09-03-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24-03-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24-03-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-SKN-MX-147-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09-03-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24-03-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24-03-2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-AYC-MX-180-26-2 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09-03-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25-03-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25-03-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

856/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# लूम सोलर ने सोलर एशिया एक्सपो में इंटीग्रेटेड सोलर और स्टोरेज टेक्नोलॉजीज़ का प्रदर्शन किया



**कानपुर।** भारत की सबसे तेजी से बढ़ती सौर निर्माण और अक्षय ऊर्जा समाधान मुहैया करने वाली कंपनियों में से एक, लूम सोलर, उत्तर प्रदेश के कानपुर में आयोजित सोलर एशिया एक्सपो 2026 के तीसरे संस्करण में भाग ले रही है। कंपनी स्टॉल ए18-19 में अपने नवीनतम सौर और भंडारण इनोवेशन का प्रदर्शन कर रही है, जिसमें आवासीय, कमर्शियल, संस्थागत और स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल इस्तेमाल के लिए डिज़ाइन की गई इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज़ को प्रदर्शित किया गया है। यहां लूम के तीन श्रेणियों में संपूर्ण उत्पाद पोर्टफोलियो शामिल है। इनमें 750 वाट तक रेटेड और एएलएमएम एवं बीआईएस-प्रमाणित उच्च-क्षमता वाली सोलर पीवी मॉड्यूल रेंज में प्रमुख उत्पाद जैसे एलवीएस 650 वाट और एचजेटी 730 वाट शामिल हैं। यह बेहतर उत्पादकता , स्थायित्व और लांग टर्म बैंकेबिलिटी के लिए इंजीनियर किए गए हैं। 3 किलो वाट से 50 किलोवाट तक की मेड-इन-इंडिया ऑन-ग्रिड और हाइब्रिड पीवी इन्वर्टर रेंज, आवासीय, एमएसएमई और बड़े सी एंड आई प्रतिष्ठानों को सर्व करती है। यह सौर-से-भंडारण इंटीग्रेशन और इंटेलीजेंट लोड प्रबंधन को सक्षम बनाती है। इस इकोसिस्टम को 1 केडब्लूएच आवासीय इकाइयों से लेकर 5 एमडब्लूएच उपयोगिता-स्तरीय परिनियोजन तक का एक व्यापक लिथियम-आधारित बीईएसएस पोर्टफोलियो पूरा करता है। यह सप्लाई को स्थिर करने, पीक-लोड निर्भरता को कम करने और वास्तविक एनर्जी इंडिपेंडेंस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सामूहिक रूप से ये साधारण सौर उत्पादन से इंटेलीजेंट, स्टोरेज आधारित ऊर्जा प्रणालियों की ओर ले कर जाती है। यह परफॉर्मेंस की निरंतरता, ग्रिड का लचीलापन और लांग टर्म एनर्जी इंडिपेंडेंस सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। लूम सोलर के सह-संस्थापक और निदेशक, अमोद आनंद का कहना है, ÷भारत का अक्षय ऊर्जा परिवर्तन सौर उत्पादन से आगे बढ़कर इंटीग्रेटेड एनर्जी इकोसिस्टम की ओर बढ़ रहा है। यहां भंडारण, इंटेलीजेंट बिजली प्रबंधन और उच्च दक्षता वाले मॉड्यूल विश्वसनीय बिजली देने के लिए मिलकर काम करते हैं। सोलर एशिया एक्सपो जैसे प्लेटफॉर्म यह प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं कि ये प्रौद्योगिकियां घरों, व्यवसायों और संस्थानों के लिए स्केलेबल समाधान देने के लिए कैसे एक हो रही हैं।

# डीपीआईआईटी और वोल्टास लिमिटेड ने साझेदारी की

**नई दिल्ली।** वोल्टास लिमिटेड, जो टाटा ग्रुप की एक कंपनी है, ने भारत के कूलिंग और स्मार्ट उपकरण इकोसिस्टम में उद्योग और स्टार्टअप्स के बीच सहयोग को मजबूत करने तथा नवाचार को गति देने के उद्देश्य से वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस साझेदारी को औपचारिक रूप देते हुए डॉ. सुमीत कुमार जारंगल, निदेशक, डीपीआईआईटी और मुकुंदन मेनन, मैनेजिंग डायरेक्टर, वोल्टास लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। यह सहयोग उन स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है, जो हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी), उन्नत नियंत्रण प्रणालियाँ, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग आधारित डायग्नोस्टिक्स, आईओटी-सक्षम स्मार्ट उपकरण तथा विनिर्माण और सेवा संचालन के डिजिटलीकरण जैसे क्षेत्रों में अगली पीढ़ी की तकनीकों पर काम कर रहे हैं। इस पहल के तहत वोल्टास लिमिटेड और स्टार्टअप इंडिया मिलकर भारत स्टार्ट-अप ग्रैंड चैलेंज प्लेटफॉर्म के माध्यम से इनोवेशन चैलेंज आयोजित करने तथा उद्योग से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए विशेष हैकाथॉन आयोजित करने की संभावनाओं पर भी काम करेंगे। इस अवसर पर संजीव, संयुक्त सचिव, डीपीआईआईटी ने कहा कि यह सहयोग उद्योग और स्टार्टअप्स के बीच साझेदारियों को मजबूत करने और उन्नत विनिर्माण व डीप-टेक क्षेत्रों में देशी नवाचार को बढ़ावा देने के सरकार के निरंतर फोकस को दर्शाता है। उन्होंने कहा, स्टार्ट-अप्स को उद्योग के प्रमुख दिग्गजों के साथ जोड़ने से उद्यमियों को अपने नए-नए विचारों को वास्तविक दुनिया के प्रयोगों वाले बड़े पैमाने के उत्पादों और समाधानों में बदलने में मदद मिलेगी।

# एमार इंडिया ने 'एलीट ओएसिस' परियोजना के लिए भूमिपूजन किया, लखनऊ की स्काईलाइन को मिलेगा नया रूप

**लखनऊ।** विश्व-प्रसिद्ध रियल एस्टेट ब्रांड एमार की भारतीय इकाई एमार इंडिया ने लखनऊ के गोमती नगर एक्सटेंशन में अपनी पहली प्रीमियम हाई-राइज़ आवासीय परियोजना 'एलीट ओएसिस' के लिए भूमिपूजन समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम के साथ ही इस लैंडमार्क प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य की आधिकारिक शुरुआत हो गई है।

इस समारोह में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, परियोजना से जुड़े साझेदार और अन्य प्रमुख लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक पूजा-अर्चना और शुभ अनुष्ठानों के साथ की गई। लगभग 2.923 एकड़ (11,827 वर्ग मीटर) क्षेत्र में फैला एलीट ओएसिस लखनऊ की सबसे ऊंची आवासीय इमारतों में से एक होगा। इसमें ग्राउंड के साथ 35 मंजिलों वाला टावर बनेगा, जिसमें कुल 194 लग्जरी आवास होंगे। इनमें 3बीएचके साथ में यूटिलिटी एरिया और 4बीएचके के साथ यूटिलिटी एरिया जैसे प्रीमियम घर शामिल हैं।



इस परियोजना को एक ही चरण में लॉन्च किया गया है और इसके 2029 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह प्रोजेक्ट लखनऊ की स्काईलाइन को एक नई पहचान देने के लिए तैयार है। गोमती नगर एक्सटेंशन में अमर शहीद पथ के पास स्थित यह परियोजना शहर के अलग-अलग हिस्सों से अच्छी कनेक्टिविटी प्रदान करती है। यह एयरपोर्ट से करीब 17.7 किमी और गोमती नगर रेलवे स्टेशन से लगभग 10 किमी दूर है। इसके आसपास मेदांता अस्पताल, मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर संस्थान, और जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, सेठ एमआर जैपुरिया स्कूल, लोरेटो कॉन्वेंट, सेंट फ्रांसिस स्कूल, ला मार्टिनियर कॉलेज जैसे प्रमुख स्कूल मौजूद हैं। इसके अलावा एकाना स्टेडियम, पलासियो मॉल और लुलु मॉल जैसे लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन भी पास ही हैं। इस अवसर पर, एमार इंडिया के सीईओ, श्री कल्याण चक्रवर्ती ने कहा, ÷एलीट ओएसिस का भूमिपूजन लखनऊ में एमार इंडिया के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परियोजना के जरिए हमारा उद्देश्य शहर में हाई-राइज़ विकास और विश्व-स्तरीय आवासीय अनुभव लाना है। यहां रहने वाले लोगों को सोच-समझकर तैयार डिजाइन, बेहतर गुणवत्ता और प्रीमियम सुविधाओं के साथ एक आधुनिक जीवनशैली मिलेगी।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उत्कृष्ट कार्य के लिये किया सम्मानित

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शहर में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लीना जौहरी, अतिरिक्त मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उनके द्वारा स्थानीय स्तर पर बच्चों के लिए तैयार किए गए लर्निंग मटेरियल का एक स्टॉल भी लगाया गया। यह कार्यक्रम स्वयंसेवी संस्था सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट द्वारा मैरिको लि. के सहयोग से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम निहार शांति पाठशाला फनवाला (मैरिको सीएसआर इनीशिएटिव) के अंतर्गत समर्थित है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लीना जौहरी, अतिरिक्त मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग ने अपने संबोधन में कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े किसी भी कार्यक्रम की धुरी हमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां हैं और आज का दिन उनके योगदान को सम्मानित करने का दिन है।

सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी सोनाली खान ने बताया कि बहराइच में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ एक कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जो प्रारंभिक बाल विकास कार्यक्रम का हिस्सा है। इसके अंतर्गत बहराइच जिले के 100 आंगनबाड़ी केंद्रों में छोटे बच्चों के लिए फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है।

# ट्रूकॉलर ने भारत में फैमिली प्रोटेक्शन फीचर लॉन्च किया, अब परिवार मिलकर स्कैम कॉल्स से सुरक्षित रह सकेंगे

**लखनऊ।** जैसे-जैसे डिजिटल अरेस्ट, नकली पहचान और एआई वॉइस क्लोनिंग जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी के तरीके भारतीय परिवारों की सुरक्षा के लिए सीधा खतरा बन रहे हैं, ट्रूकॉलर, जो कि एक प्रमुख वैश्विक कम्युनिकेशन प्लेटफ़ॉर्म है, पहचान करने के काम से आगे बढ़कर परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठा रहा है, इसके तहत भारत में फैमिली प्रोटेक्शन लॉन्च किया गया है। यह फीचर पहले ही स्वीडन, चिली, मलेशिया और केन्या जैसे कई वैश्विक बाजारों में सफलतापूर्वक शुरू हो चुका है।

ट्रूकॉलर का फैमिली प्रोटेक्शन एक आधुनिक डिजिटल सुरक्षा कवच है, जिसे पूरे परिवार, विशेष रूप से बुज़ुर्गों को तेजी से बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने के लिए बनाया गया है। हर परिवार में आमतौर पर एक टेक-जानकार




सदस्य या CTO (मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी) होता है, जो अपने माता-पिता, बुज़ुर्गों और बच्चों की डिजिटल सुरक्षा का ध्यान रखता है। फैमिली प्रोटेक्शन इस CTO को तुरंत फ्रॉड अलर्ट देता है और रिमोट कॉल हैंग-अप फीचर भी प्रदान करता है, जिससे वे किसी भी सदस्य के लिए संदिग्ध कॉल तुरंत बंद कर सकते हैं। इसमें साझा ब्लॉक लिस्ट, अनुकूलन योग्य (कस्टमाइज़ेबल) सुरक्षा स्तर और डैशबोर्ड भी शामिल है, जो डिवाइस की सुरक्षा सेटिंग्स की निगरानी करता है और एंड्रॉइड तथा iOS दोनों डिवाइस पर सुरक्षा सुनिश्चित करता है। सबसे महत्वपूर्ण बात, फैमिली प्रोटेक्शन उपयोग करने के लिए पूरी तरह मुफ़्त है, जिससे लोग तुरंत अपने परिवार की सुरक्षा शुरू कर सकते हैं।

सिर्फ यह जान लेना कि कौन कॉल कर रहा है, अब पर्याप्त नहीं है। आज असली सवाल यह है कि क्या उस कॉल को उठाना सुरक्षित है, ट्रूकॉलर के सीईओ, ऋषित झुनझुनवाला ने कहा। ÷जैसे-जैसे स्कैम और धोखाधड़ी के तरीके अधिक स्मार्ट और भावनात्मक रूप से लोगों को प्रभावित करने वाले होते जा रहे हैं, वैसे-वैसे सुरक्षा भी केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रह सकती, बल्कि पूरे परिवार तक पहुंचनी चाहिए। भारत में फैमिली प्रोटेक्शन फीचर के साथ हम परिवार के उस सदस्य को सशक्त बना रहे हैं जो डिजिटल रूप से सबसे अधिक जागरूक है, ताकि वह एक सुरक्षा सहारा बन सके और यह सुनिश्चित कर सके कि उसके परिवार और करीबी लोगों को सुरक्षित संचार का लाभ मिल सके। हालाँकि फैमिली प्रोटेक्शन मुफ़्त है, यदि CTO/एडमिन प्रीमियम फैमिली प्रोटेक्शन सब्सक्रिप्शन चुनता है, तो उन्हें उन्नत सुरक्षा फीचर्स का एक बड़ा पैकेज मिल जाता है, जो पूरे परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए व्यापक सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

# कामधेनु लिमिटेड उत्तर प्रदेश में अपने ब्रांडेड कलर कोटेड शीट्स की निर्माण क्षमता में 25% की वृद्धि करेगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अपने ब्रांड 'कामधेनु कलर मैक्स शीट' की बाजार हिस्सेदारी और उपस्थिति को पुनः सशक्त बनाने की एक रणनीतिक पहल के तहत, भारत की खुदरा क्षेत्र में ब्रांडेड टीएमटी बार्स की सबसे बड़ी निर्माता एवं विक्रेता कंपनी कामधेनु लिमिटेड ने आज एक वर्ष के भीतर अपनी विनिर्माण क्षमता में 25% की वृद्धि करने की योजना की घोषणा की। यह नई व्यावसायिक रणनीति हाल के समय में राज्य में उत्पादों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है।वर्तमान में कंपनी के पास राज्य में डीलरों और वितरकों का मजबूत नेटवर्क है, जिसे अगले एक वर्ष में 10-15% तक बढ़ाने की योजना है। कंपनी की व्यावसायिक योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कमधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, आज कामधेनु कलर कोटेड शीट्स का उपयोग कई सरकारी तथा गैर-सरकारी परियोजनाओं में किया जा रहा है। हमारे उत्पादों की बढ़ती मांग, विशेष रूप से राज्य में तेजी से बढ़ते आवास और अवसंरचना क्षेत्र के कारण, हम अपने उच्च गुणवत्ता वाले कलर कोटेड शीट्स की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उत्तर प्रदेश में निरंतर आर्थिक विकास देखा जा रहा है, जहां आवास और अवसंरचना क्षेत्र में प्रीमियम स्टील उत्पादों की मांग में वृद्धि हो रही है। इस विकास को ध्यान में रखते हुए हमने अपनी व्यावसायिक रणनीतियों को उसी अनुरूप तैयार किया है।÷उन्होंने आगे कहा, अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप 'कमधेनु कलर मैक्स' आवासीय और औद्योगिक परियोजनाओं में रूफिंग और क्लैडिंग के लिए आकर्षक समाधान प्रदान करता है। ये हल्के वजन की शीट्स आसानी से स्थापित की जा सकती हैं, जिससे किसी भी परियोजना में निर्माण कार्य की गति बढ़ती है। ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलन सुनिश्चित करने के लिए 'कमधेनु कलर मैक्स' रेंज में रेन वाटर सिस्टम, रेन गटर, क्रिम्पिंग कर्व, सेल्फ-ड्रिलिंग स्क्रू आदि सहायक उत्पाद भी उपलब्ध हैं।

# निसान मोटर इंडिया ने पुलिस और अर्धसैनिक बलों को एक्सक्लूसिव बेनिफिट देने के लिए केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार से मिलाया हाथ




**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने आज भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन एक कल्याणकारी पहल 'केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार' (केपीकेबी) के साथ गठजोड़ का एलान किया है। इसके माध्यम से पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के मौजूदा एवं सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए अपनी गाड़ी खरीदने की प्रक्रिया को आसान बनाया जाएगा। यह गठजोड़ हमारे सुरक्षा बलों के प्रति निसान मोटर इंडिया के सम्मान को दर्शाता है। साथ ही यह भरोसेमंद इंस्टीट्यूशनल पार्टनरशिप के माध्यम से सार्थक मूल्य प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता भी दिखाता है।

इस गठजोड़ के तहत केपीकेबी से जुड़े लाभार्थियों को न्यू निसान मैग्नाइट पर अन्य सभी ग्राहकों को मिलने वाले बेनिफिट के अतिरिक्त एक्सक्लूसिव बेनिफिट मिलेंगे। भारत में निसान की सभी डीलरशिप पर यह लाभ लिया जा सकेगा। सभी बेनिफिट के अलावा 5.55 प्रतिशत की निचली दर पर आकर्षक फाइनेंस ऑफर से ग्राहकों के लिए निसान की गाड़ी खरीदना और भी किफायती एवं आसान हो जाएगा। विशेष सम्मान के तहत निसान ने न्यू निसान मैग्नाइट पर केपीकेबी लाभार्थियों को 3 साल का अतिरिक्त प्रीपेड मेंटेनेंस प्रोग्राम कॉम्प्लिमेंटरी के रूप में देने की भी पेशकश की है।

इस गठजोड़ को लेकर निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, 'निसान मोटर इंडिया में,हमारे मन में राष्ट्र की सेवा एवं सुरक्षा करने वालों के प्रति पूरा सम्मान है। केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार के साथ साझेदारी अपने सुरक्षाकर्मियों को सुरक्षित, भरोसेमंद एवं हाई क्वालिटी मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्रदान करने की हमारी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इन एक्सक्लूसिव बेनिफिट एवं फाइनेंस विकल्पों के साथ हमें देशभर में केपीकेबी के लाभार्थियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को बेहतर मूल्य प्रदान करने का गर्व है।'

# डिजिटल नारी, सशक्त नारीः वित्तीय सशक्तिकरण की राह पर सोनी की कहानी

उत्तर प्रदेश के उन्नाव की रहने वाली सोनी की कहानी इस बात का उदाहरण है कि डिजिटल वित्त किस तरह केवल आजीविका ही नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास को नई दिशा दे सकता है। सोनी एक जनरल स्टोर चलाने के साथ स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष और समूह सखी के रूप में महिलाओं को वित्तीय सेवाओं और अवसरों से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। डिजिटल सेवाओं से जुड़ने से पहले बैंकिंग कार्य उनके लिए कठिन थे। नजदीकी बैंक लगभग 15 किलोमीटर दूर था। कई बार सर्वर बंद होने के कारण उन्हें अगले दिन फिर से बैंक जाना पड़ता, व्यवसाय से जुड़ी भुगतान प्रक्रिया भी उतनी ही चुनौतीपूर्ण थी। सोनी के जीवन में बदलाव की शुरुआत वर्ष 2018 में हुई, जब वह एक SGH से जुड़ीं, जिससे उन्हें 50,000 का पहला ऋण मिला, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति संभली। इसके बाद 2 लाख के ऋण से उन्होंने चार छोटी दुकानों का निर्माण कराया। आज इनमें से एक में वह अपना जनरल स्टोर चलाती हैं, और बाकी दुकानों को किराए पर देकर अतिरिक्त आय अर्जित करती हैं। स्थानीय कार्यक्रम से जुड़े मार्गदर्शकों के सहयोग से सोनी ने PI के माध्यम से डिजिटल भुगतान को अपनाया। आज डिजिटल लेनदेन उनके व्यवसाय का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। अपने व्यवसाय के अलावा सोनी अब अपने समुदाय में एक प्रेरक और मार्गदर्शक की भूमिका निभा रही हैं। समूह सखी के रूप में वह महिलाओं को बैंक खाते खोलने, ऋण प्राप्त करने और डिजिटल वित्तीय सेवाओं को समझने में सहायता करती हैं। सोनी की कहानी डिजिटल नारी, सशक्त नारी की भावना को साकार करती है, जहाँ वित्तीय उपकरणों तक पहुंच महिलाओं को न केवल अपना भविष्य संवारने का अवसर देती है, बल्कि उन्हें दूसरों को भी नई संभावनाओं की ओर मार्गदर्शन करने में सक्षम बनाती है।

# किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जरूरी : रीजेंसी हेल्थ

**लखनऊ।** विश्व किडनी दिवस पर रीजेंसी हेल्थ, लखनऊ ने किडनी स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी साझा किया। वर्तमान समय की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी में किडनी से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। रीजेंसी हेल्थ के विशेषज्ञों का कहना है कि किडनी खराब होने के दो प्रमुख कारण हाई शुगर यानी डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर यानी हाइपरटेंशन हैं। अगर इन बीमारियों को समय रहते नियंत्रित न किया जाए तो यह धीरे-धीरे किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती हैं। कई मामलों में जब तक किडनी की समस्या का पता चलता है, तब तक किडनी लगभग काफ़ी हद खराब हो चुकी होती है। इसलिए यह अत्यंत जरूरी है कि किडनी की बीमारियों का समय पर निदान और उपचार किया जाए, ताकि किडनी को सुरक्षित रखा जा सके।

डॉ आलोक कुमार पांडे (सीनियर कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजी, रीजेंसी हेल्थ, लखनऊ) ने बताया, आज के समय में बहुत से लोग इन



बीमारियों से प्रभावित हैं। इन दोनों बीमारियों के शुरुआती लक्षण अक्सर सामान्य होते हैं, इसलिए कई बार लोगों को समय पर इनके बारे में पता नहीं चल पाता। जब तक बीमारी का पता चलता है, तब तक किडनी को काफी नुकसान हो चुका होता है।

जिन लोगों की उम्र 20 वर्ष से ज्यादा है, उन्हें हर साल एक बार शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच अवश्य करानी चाहिए। अगर दोनों में से कोई भी चीज़ बढ़ी हुई दिखाई दे तो उन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और तुरंत डॉक्टर से सलाह लेकर नियमित इलाज़ का पालन करना चाहिए।

रीजेंसी हेल्थ के अनुसार, समय पर जांच, सही उपचार और नियमित स्वास्थ्य जांच किडनी को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की कि वे अपनी सेहत के प्रति सजग रहें, ताकि किडनी के साथ-साथ शरीर के अन्य महत्वपूर्ण अंग भी स्वस्थ बने रहें। किडनी रोग के सामान्य लक्षणों मे पैरों में सूजन, पेशाब मे बदलाव, अत्यधिक थकान, भूख कम लगना, उल्टी या मितली कि शिकायत और रक्तचाप का बढ़ना शामिल हो सकता है। हालांकि कई बार शुरुआती अवस्था मे कोई खास लक्षण दिखाई नही देते है, इसलिए जोखिम वाले लोगों को नियमित जांच करानी चाहिए।

# एचएफसीएल ने ग्लोबल मल्टीनेशनल कंपनी से 10,159 करोड़ रुपये का ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) ऑर्डर हासिल किया


**नई दिल्ली।** वाईफाई, ऑप्टिकल फाइबर और 5जी जैसी अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों में विशेषज्ञ अग्रणी भारतीय दूरसंचार कंपनी एचएफसीएल लिमिटेड ने उच्च गुणवत्ता के हाई फाइबर काउंट ऑप्टिकल फाइबर केबल की आपूर्ति करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के साथ दीर्घकालीन अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति का समझौता किया है। ओएफसी उत्पादों के मौजूदा बिक्री मूल्य के आधार पर इस अनुबंध का कुल संभावित मूल्य करीब 10,159 करोड़ रुपये है। इस पांच वर्षीय समझौते का क्रियान्वयन इस कंपनी की विदेश में पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी द्वारा किया जाएगा जिसमें खरीद का ऑर्डर परियोजना और विशेष विवरण के अनुसार समय समय पर जारी किया जाएगा।

यह उपलब्धि एचएफसीएल के इतिहास में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर दीर्घकालिक, बहुवर्षीय ओएफसी आपूर्ति व्यवस्था हासिल करने का प्रतीक है, जो उन्नत फाइबर कनेक्टिविटी समाधानों में इसकी बढ़ती वैश्विक उपस्थिति को मजबूत करता है। इस समझौते के तहत एचएफसीएल कैलेंडर वर्ष 2026 से 2028 तक सालाना एक न्यूनतम मात्रा में मल्टी मिलियन फाइबर किलोमीटर ओएफसी की आपूर्ति करेगी जिसे 2030 तक दो अतिरिक्त वर्षों के लिए स्वतः ही बढ़ा दिया जाएगा। इस समझौते से सहायक कंपनी को ग्राहक के अधिकृत सहयोगियों और नियुक्तियों को ओएफसी की आपूर्ति करने की भी सुविधा मिलती है। एचएफसीएल एक अग्रणी टेक्नोलॉजी कंपनी है जो दूरसंचार ऑपरेटरों, एंटरप्राइसेस और सरकारों के लिए अगली पीढ़ी के डिजिटल नेटवर्कों के निर्माण में विशेषज्ञता रखती है। मजबूत आरएंडडी क्षमताओं, वैश्विक सिस्टम इंटीग्रेशन और देशभर में अत्याधुनिक ऑप्टिल फाइबर एवं केबल विनिर्माण इकाइयों के बल पर एचएफसीएल निरंतर अनूठे एवं टिकाऊ कनेक्टिविटी सॉल्यूशंस उपलब्ध करा रही है।

# इंडियन बैंक द्वारा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन

## पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह ने कहा कि राजभाषा में आंकड़ों के बजाय व्यवहार्यता पर ध्यान देना चाहिए।

**लखनऊ।** इंडियन बैंक द्वारा भारतीय बैंकिंग व्यवस्था में प्रौद्योगिकी संचालित परिवर्तन की भावी संकल्पनाएँ' विषयक अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री मालिनी अवस्थी, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह एवं डॉ. छबिल कुमार मेहेर, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, उत्तर-II, भारत सरकार की उपस्थिति रहीं। सम्मेलन की अध्यक्षता ब्रजेश कुमार सिंह, कार्यपालक निदेशक, इंडियन बैंक द्वारा की गई। इस अवसर पर वी एन माया, मुख्य महाप्रबंधक,



कॉर्पोरेट कार्यालय सुधीर कुमार गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक, एफजीएमओ, लखनऊ, पंकज कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक व अंचल प्रबंधक, लखनऊ, बीना कुमारी एमपी, प्राचार्य, स्टाफ कॉलेज, लखनऊ, राजेश कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) कॉर्पोरेट कार्यालय एवं देश भर से पधारे अन्य बैंकों के प्रतिभागीगण, अखिल भारतीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागीगण, पुरस्कार विजेताओं एवं इंडियन बैंक के राजभाषा अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने कहा कि भाषा अपने संस्कृति की वाहिका होती है। उन्होंने कहा कि हिंदी में एक संस्कृति से दूसरे संस्कृति को जोड़ने की क्षमता है, उन्होंने यह भी कहा कि राजभाषा के प्रचार-प्रसार में इंडियन बैंक अपनी भूमिका गंभीरता से निभा रहा है। पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह ने कहा कि राजभाषा में आंकड़ों के बजाय व्यवहार्यता पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विज्ञापन एवं व्यापार के लिए आज हिंदी भाषा को सबसे सशक्त भाषा माना जाता है। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि स्वराज, स्वभाषा के साथ ही हमारे देश की अन्य भाषाएँ भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारा बैंक भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन एवं कार्यान्वयन हेतु सदैव प्रतिबद्ध एवं तत्पर रहा है। भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में डॉ. छबिल कुमार मेहेर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाषा सभी को जोड़ने का काम करती है। इसी के साथ उन्होंने लोगों को अपनी संस्कृति की ओर लौटने का संदेश दिया। इंडियन बैंक कॉर्पोरेट कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक वी. एन. माया ने कहा कि इंडियन बैंक का उद्देश्य केवल वित्तीय सेवा प्रदान करना नहीं है, बल्कि, ग्राहकों के साथ आत्मीय संबंध बनाना भी है। उन्होंने कहा कि भाषा, संस्कृति और परम्पराओं में भिन्नता होते हुए भी हिंदी हमें साझा पहचान देती है। सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा कि आईटी के आधुनिक साधनों ने भाषायी दीवार को बहुत हद तक कम किया है। इन साधनों के प्रयोग ने हिंदी को न केवल सरल एवं त्वरित बनाया है, बल्कि, कार्यालयीन उत्पादकता एवं व्यावहारिकता में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है।

# चुपा चुप्स ने पेश किया क्रेज़ी रैफे लंबी और ट्विस्टेड जेली

**लखनऊ।** परफेट्टी वैन मेल्ले के कन्फेक्शनरी ब्रांड चुपा चुप्स ने 'क्रेज़ी रैफे' नामक नए उत्पाद के लॉन्च के साथ स्नैकिंग में मस्ती का तड़का लगाया है। यह एक लंबी, ट्विस्टेड और सेंटर-फिल्ड जेली है, जो रोज़मर्रा की स्नैकिंग को एक मज़ेदार अनुभव में बदल देती है। 20 कीमत वाली 30 ग्राम की यह जेली खास तौर पर किशोरों और प्री-टीन उपभोक्ताओं के लिए तैयार की गई है, जो देखने में आकर्षक और इंटरैक्टिव कैंडी अनुभव प्रदान करती है। नए लॉन्च के बारे में बात करते हुए परफेट्टी वैन मेल्ले इंडिया की डायरेक्टर टू मार्केटिंग, गुंजन खेतान ने कहा, चुपा चुप्स रचनात्मकता, आत्म-अभिव्यक्ति और मस्ती का प्रतीक है। 'क्रेज़ी रैफे' के साथ हमारा उद्देश्य ऐसा फॉर्मेट पेश करना था, जो आज के किशोरों के लिए नया, इंटरैक्टिव और रोमांचक महसूस हो। यह सिर्फ फ्लेवर की बात नहीं है, बल्कि रोज़मर्रा के पलों को मज़ेदार और अभिव्यक्तिपूर्ण अनुभव में बदलने की कोशिश है। इसका लंबा ट्विस्टेड आकार और सेंटर फिलिंग आश्चर्य और खोज का एक नया तत्व जोड़ते हैं, जिससे जेली सेगमेंट में नई चर्चा और उत्साह पैदा होता है। 'क्रेज़ी रैफे' एक सरल लेकिन प्रभावशाली सोच से प्रेरित है। आज के युवा उपभोक्ता केवल फ्लेवर तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे ऐसी कैंडी चाहते हैं जो देखने में आकर्षक हो, जिसके साथ इंटरैक्टिव तरीके से मज़े लेते हुए खाया जा सके और जिसे दोस्तों के साथ साझा करना भी आनंददायक हो। वे ऐसे स्नैक्स पसंद करते हैं जो जिज्ञासा जगाएं और रोज़मर्रा के पलों में मस्ती का एहसास जोड़ दें। अपने अतिरिक्त लंबे ट्विस्टेड फॉर्मेट और जिराफ से प्रेरित डिज़ाइन के साथ 'क्रेज़ी रैफे' एक साधारण ट्रीट को अभिव्यक्तिपूर्ण और दिलचस्प अनुभव में बदल देता है।

# ग्रामीण युवाओं के लिए 25 दिवसीय कृषि उद्यमिता प्रशिक्षण का समापन

- पीएम किसान की 22वीं किस्त का हुआ लाइव प्रसारण

**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, सरगटिया कुशीनगर के प्रशिक्षण सभागार में ग्रामीण युवाओं के लिए आयोजित 25 दिवसीय कृषि उद्यमिता एवं कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त का लाइव प्रसारण भी प्रतिभागियों को दिखाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त (बीज विकास निगम, उत्तर प्रदेश) राजेश्वर सिंह ने की। इस दौरान उप कृषि निदेशक अतेंद्र सिंह तथा भूमि संरक्षण अधिकारी सुदीप पटेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि प्रसार पर उप मिशन के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को कृषि क्षेत्र में उद्यमिता और कौशल विकास से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को धान, गेहूं, गन्ना और सरसों जैसी प्रमुख फसलों की उन्नत खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों, पशुपालन तथा फसल कटाई के बाद प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत कृषि विज्ञान केंद्र, सरगटिया के प्रभारी डॉ. पुष्पेंद्र प्रताप सिंह के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ते हैं और किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उप कृषि निदेशक अतेंद्र सिंह ने किसानों के पंजीकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों और ग्रामीण युवाओं को नई तकनीकों को अपनाने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करते हैं। मुख्य अतिथि राजेश्वर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।


समापन के अवसर पर कृषि उद्यमिता की जानकारी देते विशेषज्ञ

उन्होंने किसानों के विकास में कृषि विज्ञान केंद्रों की अहम भूमिका की सराहना की। कृषि विभाग, कुशीनगर एवं कृषि विज्ञान केंद्र, कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 120 किसान एवं ग्रामीण युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरित किए गए तथा पीएम किसान की 22वीं किस्त का लाइव प्रसारण भी देखा गया। इस अवसर पर वैज्ञानिक स्टाफ डॉ. अरुण प्रताप सिंह (कोर्स निदेशक), श्रुति वी. सिंह, ऋद्धि वर्मा, विशाल सिंह तथा कृपा शंकर चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## जिले के 4.72 लाख किसानों को मिली पीएम किसान सम्मान निधि

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार को असम के गुवाहाटी से देशभर के किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त का हस्तांतरण किया गया। उप कृषि निदेशक अतीन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद कुशीनगर के कुल 4.72 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग जनपद के सभी विकासखंड मुख्यालयों के सभागारों में कराई गई, जिसमें विभिन्न विकास खंडों के किसानों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर कार्यक्रम का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग द्वारा शासन से प्राप्त बीजों के निःशुल्क मिनीकिट का भी किसानों के मध्य वितरण किया गया, जिससे किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने हेतु प्रोत्साहन प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र, सरगटिया में विशेष रूप से लाइव स्ट्रीमिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# खड्डा तहसील में राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी फरियाद

- 17 मामलों में 7 का कराया निस्तारण, एसडीएम भी रहे मौजूद

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** उप्र राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को उप्र राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्य जनक नन्दनी की अध्यक्षता में सदर तहसील खड्डा में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

आयोग की सदस्य द्वारा जनसुनवाई के दौरान राशन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, पुष्टाहार, पुलिस विभाग, आवास प्रकरण एवं बैंक संबंधी योजनाओं की समीक्षा की गयी। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों में राजस्व विभाग के 02, पुलिस विभाग के 06, राशन कार्ड के 07, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का 01 तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खड्डा में महिला चिकित्सक के पद के संबंध में 01 प्रकरण सहित कुल 17 मामले प्राप्त हुए। इनमें से 07 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष 10 प्रकरणों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए 07 दिवस के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गये।


महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतें सुनती आयोग की सदस्य जनक नंदनी

तत्पश्चात सदस्य द्वारा वन स्टॉप सेन्टर कुशीनगर, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय धर्मपुर खड्डा तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र जंगल शिवदत्त छपरा में कार्यकत्री श्रीमती निशा शर्मा की उपस्थिति में गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 03 गर्भवती महिलाओं को पुष्टाहार वितरित किया गया तथा 02 नवजात शिशुओं को अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम के समापन पर सदस्य द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

# तमकुहीराज विधायक को महिला मेटों ने सौंपा मांग पत्र, मानदेय व सुविधाओं की उठाई मांग

**अवधनामा संवाददाता**

**तमकुहीराज/सेवरही, कुशीनगर।** मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत महिला मेटों की समस्याओं को लेकर कुशीनगर जनपद की महिला मेटों ने शुक्रवार को तमकुहीराज विधायक डॉ. असीम कुमार को मांग पत्र सौंपा। यह मांग पत्र मनरेगा महिला मेट जिलाध्यक्ष किरण राय के नेतृत्व में विकास खण्ड तमकुहीराज की महिला मेटों द्वारा दिया गया।

शुक्रवार को महिला मेटों ने विधायक को सौंपे अपने ज्ञापन में बताया कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों की निगरानी और संचालन के लिए महिला मेटों की नियुक्ति की गई है, जो पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं। इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त मानदेय और सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं, जिससे उन्हें कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से महिला मेटों ने मांग की कि उत्तर प्रदेश में मनरेगा महिला मेटों को सम्मानजनक मानदेय दिया जाए तथा उन्हें वर्ष भर (365 दिन) कार्य उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही सभी सक्रिय महिला मेटों को मोबाइल फोन और सिम रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि हस्स्ब-ऐप के माध्यम से श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करने में कोई परेशानी न हो।महिला मेटों ने यह भी मांग की कि श्रमिक डिमांड पत्र में महिला मेट का हस्ताक्षर अनिवार्य किया जाए तथा 20 श्रमिकों की बाध्यता को समाप्त किया जाए। इस दौरान विधायक डॉ. असीम कुमार ने महिला मेटों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि उनके मांग पत्र को शासन स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर विकासखंड तमकुही की ब्लॉक अध्यक्ष बिंदू शाह, महिला मेट निवेदिता मिश्रा, मंजू तिवारी, शोभा भारती सहित विकास खण्ड तमकुहीराज की कई महिला मेट उपस्थित रहीं।


तमकुहीराज विधायक को ज्ञापन सौंपते मेट

## जनपद में रसोई गैस की आपूर्ति सामान्य अफवाहें ना फैलाए : प्रतिपाल सिंह चौहान

**बृजेश कुमार शुक्ल**

**बस्ती।** अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने जनपद में फैल रही गैस की कमी की अफवाहों को दूर करते हुए बताया कि जिले में कुल 40 गैस एजेंसी संचालित है, जिन पर गैस वितरण का कार्य कराया जा रहा है । अभी फिलहाल जनपद बस्ती में आपूर्ति सामान्य बनी हुई है, सप्लाई हमारी बाधित किसी भी दशा में नहीं है ।

जिले में जो अफवाहें फैल रही है या फिर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है या किसी को कोई समस्या उत्पन्न हो रही है उसके लिए हम लोगों ने जनपद में जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम 24 * 7 हम लोग संचालित किया गया हैं जिन पर हमने कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी है जिसमें पुलिस विभाग और सप्लाई विभाग के कर्मचारी हैं । जिला सूचना अधिकारी उनको उसका नोडल बनाया गया है और कंट्रोल रूम का नंबर है 2471 28 है। उसे पर कोई भी व्यक्ति कॉल करके अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकता है।



कहा है कि भ्रम की स्थिति ना पैदा करे, यदि कोई भी व्यक्ति अफवाह फैलाता है तो वह भी सतर्क रहे क्योंकि उसको भी हम लोग निर्देश निर्गत करते है की किसी भी दशा में कोई भ्रम की स्थिति न फैलाई जाए और हम लोग पूरी तरह से सतर्क हैं और हम लोग सहयोग के लिए 24 घंटे हमारा प्रशासन सतर्क है सारे डिपार्टमेंट लगे हुए हैं कहीं कोई समस्या नहीं है।

# छह माह से मानदेय न मिलने से नाराज मनरेगा कर्मियों ने किया प्रदर्शन, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली, कुशीनगर।** पिछले छह माह से मानदेय न मिलने से नाराज अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक, कंप्यूटर आपरेटरों ने शुक्रवार को ब्लाक मुख्यालय पर नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। मांगों से संबंधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। इस पर जल्द उचित पहल न होने पर वृहद आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

मोतीचक ब्लाक मुख्यालय पर रोजगार सेवक संगठन के ब्लाक अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में एपीओ, टीए, रोजगार सेवकों, कंप्यूटर आपरेटरों ने जमकर प्रदर्शन किया। विभिन्न मांगों का ज्ञापन बीडीओ श्वेता मिश्रा को सौंपा। ब्लाक अध्यक्ष ने कहा छह माह से मानदेय नहीं मिल रहा है, जल्द इसका भुगतान किया जाए। उन्हें नियमित समय से मानदेय देने की व्यवस्था की जाए। उनसे अधिक काम लिया जा रहा है, लेकिन इसके एवज में काफी कम मानदेय दिया जा रहा है। उनसे संविदा कर्मी के रूप में सेवा ली जा रही है, उन्हें नियमित कर्मी का दर्जा दिया जाए। वे लोग सामाजिक सुरक्षा और अन्य सुविधाओं का अभाव झेल रहे हैं। यदि इन समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वृहद आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।


बीडीओ मोतीचक को ज्ञापन देते मनरेगा कर्मी

ज्ञापन देने में राकेश कुमार, पवन सिंह, मनीष जायसवाल, अनिल दुबे, वीरेंद्र यादव, सरिता देवी, राजेश त्रिपाठी, अशोक यादव, किरण देवी प्रियंका राव, सुनील कुमार शशि कला, जवाहर लाल, नागेंद्र, राजेश राव, गुड़िया राव, माया सिंह, पुष्पा सिंह, पिंकी देवी, पन्ने लाल, रीना सिंह, संजय कुमार गौंड, रंजना सिंह, सविता श्रीवास्तव सहित तमाम मनरेगा कर्मी शामिल रहे।

# बार्डर पर सेवा देंगी कुशीनगर की प्रज्ञा जायसवाल, पति भी है बीएसएफ

- प्रज्ञा जायसवाल के चयन पर क्षेत्र में खुशी का माहौल
- मोतीचक ब्लॉक के पुरैनी टोला विजयपुर की निवासी है प्रज्ञा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली, कुशीनगर।** विकाश खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत पुरैनी के विजयपुर निवासी मनीष जायसवाल (भूतपूर्व सैनिक) की धर्मपत्नी प्रज्ञा जायसवाल का चयन केंद्रीय गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के अंतर्गत बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) में हुआ है। इनके चयन पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

बता दें कि प्रज्ञा जायसवाल की प्रारंभिक शिक्षा आर.के.एस.डी.जी.टी. कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, रुद्रपुर (देवरिया) से हुई है। मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। प्रज्ञा जायसवाल के पति मनीष जायसवाल स्वयं भी बीएसएफ में चयनित थे। उनके पिता अशोक जायसवाल एक व्यवसाई हैं, जिन्होंने अपने पुत्र को पढ़ा-लिखाकर देश सेवा के लिए प्रेरित किया। अब परिवार में पति-पत्नी दोनों का सुरक्षा बल में होने से पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इनके चयन पर प्रधान प्रतिनिधि छोटेलाल कुशवाहा, विनीत सिंह, राजीव सिंह, छोटेलाल जायसवाल, अजय जायसवाल, पप्पू जायसवाल, रंजीत सिंह गोलू, भीम कुशवाहा, आशुतोष जायसवाल, विशाल जायसवाल, रिंकू जायसवाल, हरीश कुशवाहा, विनोद जायसवाल, विवेक यादव, आरुष जायसवाल सहित अनेक लोगों ने प्रज्ञा जायसवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



## एपीके फाइल के माध्यम से साइबर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** साईबर थाना पुलिस ने कल 12 मार्च को प्रभारी साइबर मय टीम द्वारा थाना साइबर पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 04/2026 धारा- 318(4), 319(2) से सम्बंधित आरोपी जिला संतकबीर नगर के अंतर्गत थाना धनघटा के घोरांग निवासी देवव्रत सिंह पुत्र स्व0 यशपाल सिंह को अमहट पुल के आगे फोर लेन जाने वाली सड़क से समय करीब समय 12.30 बजे गिरफ्तार किया। गिरफ्तार देवव्रत के पास से 02 अदद मोबाइल फोन (01 अदद एंड्रॉयड फोन व 01 अदद कीपैड फोन) , 01 अदद मुथूट माइक्रो फाइनेंस, 06 अदद सिम, 01 अदद आधार कार्ड , 01 अदद पैन कार्ड बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपने चाचा के मोबाइल नंबर का प्रयोग करता है और फर्जी आईडी बनाकर बायोमेट्रिक ऐप के माध्यम से वादी के मोबाइल नंबर पर सम्पर्क कर उनके क्रेडिट कार्ड से 29 दिसंबर 2025 को रुपए ट्रांसफर कर ऐप मे दुसरे का बिजली बिल जमा किया।

# यौमे कुदस पर उठी इन्साफ की आवाज़ जुल्म के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान



**दानिश मेहदी**

**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** जलालपुर तहसील क्षेत्र के मछली गांव में शुक्रवार को मौलाना सैयद नूरुल हसन के नेतृत्व में यौमे कुद्स मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने फिलिस्तीन के समर्थन में आवाज बुलंद करते हुए जुल्म और अत्याचार के खिलाफ एकजुट होने का संदेश दिया।

इमामे जुमा मौलाना सैयद नूरुल हसन ने कहा कि यौमे कुद्स जुल्म और अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने का दिन है। उन्होंने बताया कि रमजान के आखिरी जुमे को यौमे कुद्स मनाने की परंपरा की शुरुआत आयतुल्लाह खुमैनी र.अ. ने की थी, जिसका उद्देश्य पूरी दुनिया का ध्यान फिलिस्तीन के मुद्दे की ओर आकर्षित करना है। उन्होंने कहा कि इजराइल की फौज लंबे समय से फिलिस्तीन के लोगों पर अत्याचार कर रही है और निहत्थे नागरिकों पर हमले किए जा रहे हैं। ऐसे में दुनिया को इंसाफ और मानवता के पक्ष में खड़ा होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद के नाम पर मुसलमानों को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है, जो पूरी तरह गलत है। इस मौके पर लोगों से अपील की गई कि वे मजलूमों की आवाज बनें और अन्याय के खिलाफ खड़े हों। वहीं कजपुरा में मौलाना इंतेजार मेंहदी (अदनान) ने जुमे के खुतबे में यौमे कुद्स के महत्व पर रोशनी डालते हुए जालिम के खिलाफ और मजलूम की हिमायत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मौलाना कैसर अब्बास, मौलाना शाहिद हुसैन, मौलाना कंबर हुसैन, मौलाना तफसीर हैदर, मौलाना हेलाल अब्बास, मौलाना कंबर अली समेत कई लोग मौजूद रहे।

## वीरांगना झलकारी बाई बलिदान दिवस को लेकर हुई तैयारी बैठक

**अमेठी।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अमर शहीद वीरांगना झलकारी बाई का बलिदान दिवस 5 अप्रैल को मनाया जाएगा। बलिदान दिवस का कार्यक्रम जिला मुख्यालय गौरीगंज में आयोजित करने की तैयारी को लेकर शुक्रवार को आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई। सर्वसमाज के लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित करने और जन भागीदारी बढ़ाने के लिए तहसीलवार बैठकें करने का निर्णय लिया गया। 19 मार्च को अमेठी 20मार्च को तिलोई 21मार्च को जामों/शाहगढ़ और 22मार्च को गौरीगंज में बैठक बुलाई गई है। बैठक में आयोजन समिति के सदस्यों को कार्यक्रम के लिए आर्थिक सहयोग जुटाने की जिम्मेदारी दी गई। बैठक की अध्यक्षता कोरी रामनाथ भारती ने की। उन्होंने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई कोरी समाज की गौरव और हमारी राष्ट्रीय पहचान है।राम सजीवन कोरी ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई का जीवन दर्शन भारतीय समाज की महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।

## पारंपरिक तरीके से अता हुई अलविदा की नमाज



**अमेठी।** जनपद में पाक माह रमजान के आखिरी जुमे को विभिन्न मस्जिदों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रोजेदारों ने अलविदा की नमाज अता की और मुल्क के अमन-चैन के लिए दुआ मांगी। रमजान के पाक महीने में अलविदा की नमाज का विशेष महत्व है। अलविदा यह संदेश देता है कि ईद आने वाली है। नेकी और बरकत का महीना रमजान जिसमें खुदा की रहमत रोजेदारों पर बरसती है। शुक्रवार को जनपद के विभिन्न मस्जिदों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रोजेदारों ने अलविदा की नमाज अता की। नगर के जामा मस्जिद पर पेश इमाम मौलाना साजिद रजा ने रोजेदारों को अलविदा की नमाज अता कराई। वही नगर के नूरी मस्जिद गंगागंज छोटी मस्जिद सहित ग्रामीण अंचल की विभिन्न मस्जिदों में भी अलविदा की नमाज अता की गयी। गौरीगंज जगदीशपुर मुसाफिरखाना बाजार शुकुल आदि क्षेत्रों में भी पारंपरिक तरीके से अलविदा की नमाज अता की गयी।प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सजग और भ्रमणशील रहा।

## अपना दल एस में शामिल हुए दर्जनों लोग

**मुंशीगंज (अमेठी)।** क्षेत्र के नौगिरवा भेंटुआ ब्लॉक में अपना दल एस की जमीनी स्तर पर सक्रियता लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है।गुरुवार को ब्लॉक स्तर की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जोन अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से किसान मंच के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह और पटेल मंच के जिलाध्यक्ष भोला प्रसाद उपस्थित रहे। पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर दर्जनों लोगों ने अन्य राजनीतिक दलों को छोड़ते हुए अपना दल एस की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही सभी ने पार्टी की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अमेठी विधानसभा अध्यक्ष विजय यादव आईटी मंच के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार यादव युवा मंच के जिलाध्यक्ष विक्रम प्रताप सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन नौगिरवा में किसान मंच के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह के आवास पर किया गया जहां पार्टी को मजबूत बनाने और संगठन विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा भी की गई।

## विशेष चेकिंग अभियान में 25 वाहनों का किया गया चालान




**बस्ती।** परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में कर बकाया व स्कूल वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान में आज पांच वाहनो को निरुद्ध किया गया एवं 25 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई। यह जानकारी देते हुए संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सुरेश कुमार ने बताया कि इन वाहनों में एक अपंजीकृत स्कूल बस, एक अपंजीकृत स्कूल वैन, एक टैक्सी व एक डीसीएम को कर बकाये में निरुद्ध किया गया है।

# महिला आयोग की सदस्य ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या शुक्रवार को अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर अमेठी पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न संस्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने जिला अस्पताल वन स्टॉप सेंटर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए महिलाओं किशोरियों और बच्चों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली और सेवा व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। सबसे पहले डॉ प्रियंका मौर्या जिला चिकित्सालय पहुंचीं जहां उन्होंने एचपीवी टीकाकरण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए इस विशेष अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी किशोरियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी जिससे भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकेगा।



डॉ मौर्या ने कहा कि महिलाओं और किशोरियों का स्वास्थ्य समाज की प्रगति का आधार है। इसलिए सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ हर पात्र लाभार्थी तक पहुंचाना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपनी बेटियों को टीकाकरण के लिए अवश्य प्रेरित करें, ताकि उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षा मिल सके। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर मरीजों से बातचीत की और उनका हाल-चाल जाना। साथ ही चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों को बेहतर व संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके उपरांत महिला आयोग की सदस्य ने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने उपस्थित पीड़ित महिलाओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उनके प्रकरणों की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और पीड़िताओं को समयबद्ध न्याय दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। डॉ. मौर्या ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और अधिकारों की रक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके बाद उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गौरीगंज का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने छात्राओं से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई-लिखाई रहने-खाने तथा अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। डॉ. मौर्या ने छात्राओं को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बेटियों को सशक्त बनाने का सबसे बड़ा माध्यम है। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को चॉकलेट वितरित की।

## पुलिस अधीक्षक ने किया साप्ताहिक परेड का निरीक्षण, दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने क्षेत्राधिकारी लाइन की मौजूदगी में पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक ने बाद सलामी परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया ।

निरीक्षण के दौरान शस्त्रागार, जी0 डी0 कार्यालय, गणना कार्यालय, पुलिस अस्पताल, परिवहन शाखा, कैंटीन, भोजनालय, पूर्व में बने बैरक व नवनिर्मित बैरक भवनों, यातायात कार्यालय, डायल/कॉल- 112 कार्यालय आदि का निरीक्षण कर उनमें मूलभूत सुविधाओं को समय से पूर्ण कर साफ-सफाई एवं अभिलेखों के रख-रखाव हेतु संबंधित को आदेशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने अर्दली रूम करते हुए संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया गया7 इस दौरान प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक, पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# शिक्षा के उत्थान हेतु दिया गया दान होता है सबसे बड़ा दान: जगन्नाथ यादव

■ प्राथमिक विद्यालय महसी प्रथम में डेस्क-बेंच वितरण कार्यक्रम संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद के प्राथमिक विद्यालय महसी प्रथम में आज आईडीबीआई बैंक, बहराइच शाखा के प्रबंधक पवन कुमार जायसवाल, एवं गोंडा बैंक प्रबंधक शार्दुल चौबे एवं प्रवीण दुबे के सहयोग से विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए 58 डेस्क-बेंच प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय में कृतज्ञता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी जगन्नाथ यादव ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के सहयोग से विद्यालयों का विकास संभव है तथा इस प्रकार के कार्य बच्चों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारी भारतीय परंपरा में कहा गया है कि शिक्षा के उत्थान हेतु दिया गया दान सबसे बड़ा दान होता है, क्योंकि शिक्षा ही वह शक्ति है जो मनुष्य को अज्ञान से ज्ञान की ओर, दुर्बलता से सामर्थ्य की ओर और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। अन्न का दान एक दिन का सहारा देता है, पर शिक्षा का दान पूरे जीवन का सहारा बनता है। इसलिए जो लोग विद्यालयों, बच्चों और शिक्षा के विकास में अपना योगदान देते हैं, वे वास्तव में समाज और राष्ट्र निर्माण का महान कार्य करते हैं। बैंक शाखा प्रबंधक पवन कुमार जायसवाल ने अपने संबोधन में शिक्षा के प्रति सहयोग को सामाजिक दायित्व बताते हुए आगे भी हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का स्वागत अभय कुमार मिश्रा एवं ग्राम प्रधान उमाशंकर मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रभारी अखिलेश कुमार द्वारा सभी अतिथियों, सहयोग कर्ताओं एवं उपस्थित जनों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर शैलेंद्र मौर्य, देवेंद्र सिंह, वीरेंद्र ओझा, प्रवीण वाजपेई, गोविन्द सिंह, अश्वनी सिंह, प्रदीप मिश्रा, प्रदीप पांडे, नैमिष गिरी, आशीष श्रीवास्तव, विनोद कुमार, सुनील परिहार, विपुल तिवारी, पंकज मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दिनेश का हुआ औषधि विश्लेषक के पद पर चयन



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भर्ती परीक्षा में औषधि विश्लेषक के पद पर हुआ दिनेश यादव का चयन। दिनेश यादव सुल्तानपुर जिले के दूबेपुर स्थित भांई बगइचवा गांव के निवासी हैं जिनके पिता राम अचल यादव हैं। दिनेश यादव के चयनित होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल हैं। वही जिले के छात्र राजनीति से उभर कर आए समाजवादी पार्टी के नेता राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा जिला पंचायत प्रत्याशी राजेश यादव ने उनके घर (भांई , बगइचवा) पहुंचकर दिनेश यादव को मिठाई खिलाकर एंव माला पहनकर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस खुशी के मौके पर दिनेश यादव के बड़े पिता दयाराम यादव नेता, जंग बहादुर यादव, एड् भानु प्रताप, एड् कुलदीप जनवादी, विकास यादव, अनिल यादव, सौरभ यादव, अंकित यादव, पत्रकार प्रदीप यादव, विनोद यादव सहित तमाम लोगों ने दिनेश के चयनित होने पर खुशी जाहिर की और बधाई एंव शुभकामनाएं दी।

# सीएमओ कार्यालय में चिकित्सा प्रतिपूर्ति के नाम पर फर्जी पेमेंट

अवधनामा संवाददाता

■ वित्त मंत्री के आदेश पर हुई जांच रिपोर्ट दर्ज कर रिकवरी के आदेश

■ चिकित्सा प्रतिपूर्ति के नाम पर 30 लाख से ऊपर हुआ फर्जी पेमेंट




**शाहजहांपुर।** जनपद का स्वास्थ्य विभाग करोड़ों के घोटाले को लेकर चर्चा में रहा है बीते वर्ष स्वास्थ्य विभाग में 100 करोड़ घोटाले की जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जांच के बाद पुष्टि की थी रिपोर्ट शासन को भेजी गई लेकिन अभी तक दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं हुई और जिन कर्मचारियों पर आरोप था वह आज भी ड्यूटी कर रहे हैं इसी बीच शाहजहांपुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से फिर एक बार 30 लाख से ऊपर की धनराशि चिकित्सा प्रतिपूर्ति के नाम पर गड़बड़ी करने का मामला सामने आया है इस मामले को लेकर शाहजहांपुर से आने वाले यूपी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने डीएम को जांच के आदेश दिए थे जांच में स्पष्ट हुआ है कि स्वास्थ्य विभाग के रिटायर कर्मचारीयों के इलाज के नाम पर चिकित्सा प्रतिपूर्ति के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से अक्टूबर से दिसंबर 2025 के मध्य रिटायर्ड स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीयों और उनकी पत्नी के नाम पर पेमेंट हुआ जिसमें निर्मला देवी, प्रेम ,श्रीकांत शुक्ला, शमीम बानो, नन्ही देवी, कमला देवी, धूप कली , जावित्री देवी, सुधा देवी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी रहे राजेश कुमार भटनागर के खाते में दो-दो लाख रुपए के रूप में धनराशि भेजी गई थी इसके साथ कुसुम लता रस्तोगी के खाते में तीन बार और सरोजनी अग्रवाल के खाते में दो-दो लाख रुपए दो-दो बार चिकित्सा प्रतिपूर्ति के नाम पर भेजे गए जिलाधिकारी द्वारा गठित जांच कमेटी की जांच में इस बात की पुष्टि हुई है।

**जिस हॉस्पिटल में कराया इलाज वह मौजूद ही नहीं–** जिला अधिकारी द्वारा गठित जांच कमेटी ने जब इस मामले में पूरी जांच पड़ताल की और चिकित्सा प्रतिपूर्ति का लाभ लेने वाले कर्मचारियों से संपर्क किया तो पूरा गड़बड़ झाला सामने आया जांच में स्पष्ट हुआ है लाइफ केयर अस्पताल के मालिक ने जांच में बताया है कि उनके अस्पताल में इस प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है जबकि कर्मचारियों ने इसी अस्पताल के बिल लगाए थे लाइफ केयर ने यह भी क्लियर किया है कि हमारे यहां इस प्रकार से किसी का इलाज नहीं हुआ है वहीं दूसरी तरफ जांच में निकलकर सामने आया है कि लखनऊ के मिशन अस्पताल संचालक ने भी कोई इलाज नहीं किया है साथ ही कुछ कर्मचारियों ने सरस्वती हार्ट केयर एंड मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल लखनऊ के बिल लगाए थे जो जांच कमेटी को हॉस्पिटल ही कहीं ढूंढे नहीं मिला है बताया जाता है इस नाम का कोई हॉस्पिटल नहीं चल रहा है इस प्रकार से जांच में 30 लाख से ऊपर की धनराशि चिकित्सा प्रतिपूर्ति के नाम पर गवन का मामला सामने आए जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जांच रिपोर्ट के आधार पर लाभ प्राप्त करने वाले सभी लोगों के खिलाफ सरकारी धन हड़पने फर्जी कागज बनाने आदि आरोपों में रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने के साथ नोटिस जारी करते हुए 15 दिन के अंदर रुपए वापस करने के निर्देश दिए हैं साथ ही रुपए वापस न करने पर आरसी जारी करने की चेतावनी दी है।

**क्या फर्जी जांच कर भुगतान करने वालों पर भी होगी कार्रवाई–** सबसे बड़ी बात यह है कि इसी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से पिछले वर्ष जिला अधिकारी द्वारा गठित टीम के आधार पर 100 करोड़ का घोटाला हो चुका है जिसमें अभी तक किसी कर्मचारी अधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई है और फिर एक बार फर्जी जांच के आधार पर 30 लाख से ऊपर की धनराशि भुगतान करने के मामले में किसी कर्मचारी पर कार्रवाई के आसार दिखाई नहीं दे रहे हैं जो एक तरह से भ्रष्टाचार को बढ़ावा हैं इस संबंध में जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक मिश्रा से कई बार फोन संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी।


## कानून एवं शान्ति व्यवस्था के लिए एसडीएम ने संभाली कमान

**बहराइच।** रमज़ान माह के अंतिम शुक्रवार अलविदा जुमे की नमाज को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए नानपारा प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। इस दौरान एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने स्वयं कमान संभालते हुए पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। अपने सक्रिय, संवेदनशील और सख्त प्रशासनिक कार्यशैली के लिए पहचानी जाने वाली एसडीएम मोनालिसा जौहरी पूरे समय क्षेत्र में मौजूद रहीं और हर एक व्यवस्था को स्वयं परखती नजर आईं। उन्होंने प्रमुख नमाज स्थलों, भीड़भाड़ वाले बाजारों तथा संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

फ्लैग मार्च के दौरान एसडीएम की सख्ती भी साफ दिखाई दी।

# कृषि की आड़ में मौरंग का कारोबार! बाँदा में बिना पंजीयन दौड़ रहीं हजारों ट्रैक्टर-ट्रालियाँ

राजेश पाण्डेय




**बाँदा (अवधनामा संवाददाता)** जनपद बाँदा में मौरंग परिवहन को लेकर एक नया और गंभीर पहलू सामने आ रहा है। कृषि कार्य के लिए उपयोग में लाई जाने वाली हजारों ट्रैक्टर-ट्रालियाँ बिना पंजीयन के सड़कों पर दौड़ रही हैं और कृषि की आड़ में उनका खुलेआम व्यावसायिक प्रयोग किया जा रहा है। आरोप है कि सैकड़ों ट्रैक्टरों से प्रतिदिन अवैध रूप से मौरंग ढोई जा रही है।

जानकारों के अनुसार परिवहन विभाग में इन ट्रैक्टर-ट्रालियों का पंजीयन नहीं है, फिर भी ये पूरे जिले में मौरंग परिवहन का बड़ा माध्यम बन चुकी हैं। कई मामलों में एक ही रॉयल्टी के सहारे दिन भर कई चक्कर लगाए जाते हैं, जबकि नियमों के अनुसार रॉयल्टी केवल एक बार के परिवहन के लिए ही वैध होती है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर एक ही रॉयल्टी पर पूरे दिन मौरंग ढुलाई कैसे हो रही है।

शहर के कई प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों से ये ट्रैक्टर-ट्रालियाँ दिन-रात फर्राटा भरते देखी जा सकती हैं। खुटला, राजघाट, किरन कॉलेज, कर्बला रोड, आउटर रिंग रोड के साथ-साथ सिविल लाइन, छोटी बाजार, बलखंडी नाका, बाबूलाल चौराहा और मरदन नाका जैसे इलाकों में स्थित पुलिस चौकियों के सामने से भी ये बिना पंजीयन की ट्रालियाँ बेखौफ गुजरती रहती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन ट्रालियों में अक्सर ओवरलोड मौरंग भरी होती है।

लोगों का मानना है कि इस अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक तभी लग सकती है, जब परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से सख्त कार्रवाई करें। अकेले किसी एक विभाग की कार्रवाई से इस बड़े नेटवर्क पर लगाम लगाना मुश्किल माना जा रहा है।

अब बड़ा सवाल यह है कि शहर और जिले की सड़कों पर खुलेआम दौड़ रही इन अवैध ट्रैक्टर-ट्रालियों पर कब लगाम लगेगी। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो अवैध मौरंग परिवहन का यह सिलसिला और भी तेजी से बढ़ सकता है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**बहराइच।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष /जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच, सुश्री प्रिया कुमारी राय ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव राय ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन हेतु धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम (एन.आई.एक्ट), बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद अन्य आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक व अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा तथा सुलह-समझौते के आधार पर जनपद न्यायालय में लम्बित वाद में आपराधिक शमनीय वाद, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि का निस्तारण किया जायेगा।

# मोबाइल की टॉर्च की रोशनी में घायलों का इलाज

■ नरैनी सीएचसी का वीडियो वायरल

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भले ही प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत कई बार इन दावों पर सवाल खड़े करती नजर आती है। ऐसा ही एक मामला जनपद बांदा से सामने आया है, जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली व्यवस्था की बदहाली का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो नरैनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि अस्पताल के अंदर अंधेरा छाया हुआ है और घायलों का इलाज मोबाइल की टॉर्च की रोशनी में किया जा रहा है। वीडियो में स्वास्थ्यकर्मी मरीज की मरहम-पट्टी करते दिखाई दे रहे हैं, जबकि आसपास पर्याप्त रोशनी की कोई व्यवस्था नहीं दिख रही है। सरकार द्वारा प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में इनवर्टर तथा पावर बैकअप की सुविधा उपलब्ध कराने के दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन वायरल वीडियो इन दावों की हकीकत को उजागर करता नजर आ रहा है। अंधेरे में इलाज किए जाने से मरीजों की सुरक्षा और उपचार की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अक्सर बिजली व्यवस्था की समस्या बनी रहती है, जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में जब मुख्य चिकित्साधिकारी बांदा डॉ. वीरेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस मामले की अभी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि नरैनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली, इनवर्टर के साथ-साथ जनरेटर की भी सुविधा उपलब्ध है। इसके बावजूद यदि ऐसी घटना हुई है तो वह इसकी जानकारी कराकर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। फिलहाल यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रहा है।

# गैस सिलेंडर की किल्लत और एजेंसियों की मनमानी से जनता त्रस्त

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** भारतीय कसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों ने गैस सिलिंडर की समस्या पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि इस समस्या से मजदूर, किसान और आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई गैस एजेंसियों पर समय से सिलिंडर उपलब्ध नहीं कराए जा रहेहैं, जिसके कारण लोगों की रसोई पर संकट खड़ा हो गया है। पहले मंहगाई की मार झेल रही जनता पर गैस की किल्लत ने डबल मुसीबत खड़ी कर दी है। गैस की कमी का स्कूलों में कोई असर नहीं है। बच्चों का गैस से मिट डे मील बनाया जा रहा है और उन्हें परोसा भी जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि यह चिंताजनक बात है कि जहां कहीं सिलेंडर उपलब्ध हो भी रहे हैं, वहां केवाईसी के नाम पर उपभोक्ताओं को बेवजह परेशान किया जा रहा है। कई गैस एजेंसियों के कर्मचारी उपभोक्ताओं से अभद्र व्यवहार कर रहे हैं और सीधे मुंह बात तक नहीं कर रहे हैं। जिससे जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। आरोप है कि एजेंसी स्वामी केवाईसी के नाम पर भी सौ रुपये प्रति किताब बसूल कर रहे हैं।भारतीय किसान यूनियन भानु के मुख्य सचिव योगेश यादव ने इस स्थिति को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि रसोई गैस आम आदमी की जीवन रेखा है। लेकिन गैस एजेंसियों की लापरवाही और मनमानी के कारण जनता को अपमान और परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि गैस एजेंसियों की मनमानी पर तत्काल रोक लगाई जाए। सभी उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए और एजेंसी संचालकों को जनता के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने के कड़े निर्देश दिए जाएं। वहीं टीम ने नगर के कई प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को चेक किया। जहां मिड डे मील गैस पर बनता मिला। कई स्कूलों में बच्चे भोजन करते हुए मिले। जब अध्यापकों से पूछा तो उन्होंने बताया कि स्कूलों में गैस की कोई कमी नहीं है। अफवाहों से भीड़ गैस एजेंसियों की तरफ भाग रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन भानु किसानों और आम जनता के साथ सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

## फिरोजाबाद में घरेलू सिलेण्डरों की आपूर्ति में कोई समस्या नही है

**फिरोजाबाद।** जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि भारत सरकार के द्वारा दिये गये निर्देश के अनुसार घरेलू सिलेण्डरों की आपूर्ति में कोई समस्या नही है तथा जनपद फिरोजाबाद में सभी घरेलू कनैक्शनधारकों को उनकी बुकिंग के उपरान्त 02-03 दिवस में सुगमता से घरेलू गैस उपलब्ध करायी जा रही है। घरेलू गैस सिलेण्डर की बुकिंग कराने के 25 दिन के अन्तराल के बाद ही ऑनलाइन माध्यम से दोबारा बुकिंग करायी जा सकती है (ऑनलाइन बुकिंग नम्बर 8454955555/ 7718955555 है)। पी0एन0जी0 एंव सी0एन0जी0 की आपूर्ति निर्वाध रूप से जारी है, जिससे घरेलू और परिवहन क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई कमी नही होगी। उक्त के अतिरिक्त डीजल / पेट्रोल का भी पर्याप्त भण्डारण पेट्रोल/डीजल पम्पों के पास है तथा उक्त की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा रही है। उन्होने आमजनमानस से अपील की है, कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह एंव भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें एंव किसी भी स्थिति में पैनिक न हो और यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैलाता है तो उसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए।

# गौरैया आओ मेरे देश में नामक संगोष्ठी आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** गौरैया आओ मेरे देश में कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा कटका बाजार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बृजेन्द्र मिश्र ने किया। इस मौके पर शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीतला प्रसाद पांडेय ने बताया कि ग्रामीण और शहरी इलाकों में बाग-बगीचे खत्म हो रहे हैं। इसका सीधा असर इन पर दिख रहा है। गांवों में अब पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। इसका कारण है कि मकानों में गौरैया को अपना घोंसला बनाने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है। वहीं वक्ता के रूप में लालजी तिवारी ने बताया कि कच्चे मकान गौरैया के लिए प्राकृतिक वातावरण और तापमान के लिहाज से अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराते थे। आधुनिक मकानों में यह सुविधा अब उपलब्ध नहीं होती है। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष डॉ सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि गौरैया के संरक्षण के लिए सरकारों की तरफ से कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखती है। हालांकि, यूपी में 20 मार्च को गौरैया संरक्षण दिवस के रूप में रखा गया है। संस्था सभी से आग्रह करती है सभी पक्षियों के लिए जलपत्र, घोंसले और दान पानी कि व्यवस्था करें।के कार्यक्रम का संचालन मोनू यादव ने किया। संगोष्ठी के दौरान चंद्र प्रकाश उपाध्याय, धर्मेंद्र शर्मा, अवधेश शर्मा, राम लाल पाल, हरिचंद्र निषाद, कमलेश तिवारी, अर्जुन पाल, राम तेज मिश्र, अवधेश तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## जुमे की नमाज में अमन चैन की मांगी गई दुआऐं



**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)** वृहस्पतिवार को शबे कद्र की रात थी जो साल भर की रातों में सबसे महत्वपूर्ण रात थी उस रात में मांगी गयी दुआएं जरुर पूरी होती हैं। इसी रात में कुरान मजीद भेजा गया था शबे कद्र की रात भर शिया जामा मस्जिद अमहट में नमाज अदा की गयी कुरान मजीद की तेलावत कर के अपने लिए परिवार के सेहत व सलामती की दुआएं की गयी। शुक्रवार को शिया जामा मस्जिद अमहट में मौलाना मोहम्मद जाफर खान ने जुमा की नमाज पढ़ाई उन्होंने जुमे के खुतबे में कहा कि मौला अली ने कहा कि अगर भूख की वजह से कोई चोरी करता है तो चोर के हाथ नहीं बल्कि बादशाह के काटे जाने चाहिए क्योंकि कि उसने अपनी जनता का ख्याल नहीं किया अली ने कहा तलवार हमेशा जालिम पर उठाई जाय मजलूम पर नहीं जिस देश की जनता खुशहाल होगी वह देश विकास करेगा ।अगर दुनिया अली के बतायें रास्ते पर अमल करें तो उसको शासन करने में कोई परेशानी नहीं होगी। इसके बाद अपने देशऔर दुनिया में अमन शांति के लिए दुआएं की गई।

# श्रीमदभागवत कथा सुनने मात्र से मोक्ष की प्राप्ति होती है : आचार्य मोहन शास्त्री

अवधनामा संवाददाता



**बल्दीराय-सुलतानपुर।** तहसील क्षेत्र के सुखबडेरी गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक आचार्य मोहन शास्त्री जी महाराज ने मौजूद श्रोताओं को श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मायारूपी जीवन अंत समय में मोक्ष को प्राप्ति होती है। कथा में बताया कि देवकी की आठवीं संतान के रुप में जब भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ तब वासुदेव व देवकी की बेड़ियां खुल गई और सारे द्वारपाल गहरी निंद्रा में सो गये उसी समय वासुदेव श्रीकृष्ण को लेकर मथुरा पहुंचे व नंदबाबा के यहां श्री कृष्ण को छोड़ नंद के यहां पैदा हुई पुत्री को वापस लेकर फिर बंदीगृह पहुंच गये । वहीं जब आठवीं संतान पैदा होने की सूचना कंस को मिली तो कंस ने पहुंचकर आठवीं संतान कन्या देखकर मारना चाहा तो फिसल कर उड़ गई। जो की विंध्याचल पर्वत पर विराजमान हैं। जिसे आज विन्ध्वासिनी के नाम से जाना जाता है।कथा के समय भक्ति मय भजनों से पूरा प्रांगण झूम उठा। श्री कृष्ण भगवान की झांकी निकाली गई। इसी के साथ उक्त दिन की कथा का समापन किया तत्पश्चात मुख्य यजमान राज किशोर शुक्ला व क्रांती शुक्ला ने व्यासपीठ की आरती उतारी व प्रसाद वितरण कराया तथा आये हुए श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दिनेश शुक्ला, पवन दूबे एडवोकेट राम बहादुर सिंह, राजकरन शुक्ला, सुधाकर शुक्ला, उमेश सिंह, अमित पांडेय, राम मूर्ति चौरसिया, क्षितिज शुक्ला, दीलीप पांडेय, गोलू पांडेय, आशाराम पांडेय आदि लोग मौजूद थे।

## एनएसएस छात्रों ने मिशन साक्षरता अभियान चलाया

**टूंडला।** रामसिहं महाविद्यालय नगला सिकन्दर टूंडला की ओर से आयोजित किये जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का आयोजन नगला मुरली में आयोजित किया जा रहा है। एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वंयसेवक-सेविकाओं ने गाँव के ओपी मैमोरियल की साफ सफाई की तथा ग्रामीणों से सम्पर्क किया तथा उन्हें शिक्षा व साक्षरता के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान प्रबंधक डा. डीपी सिहं ने स्वंय सेवक। स्वंय सेविकाओं साक्षरता मिशन का संदेश देते हुए कहा कि सरकारी योजना के तहत लोगों को साक्षर बनाने के लिए शिक्षा केन्द्रों की व्यवस्था की गई है। महाविद्यालय की प्रो. मंज सिहं ने वर्तमान संभावित आर्थिक पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधीकारी प्रो. सुभाष चन्द्र ने किया। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गैस एजेंसी पैसा कमाने का माध्यम न बनाएं: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जनपद में गैस की कोई कमी नहीं है, किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रम में कदापि न आए, जिलाधिकारी ने सख्त शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि इस संवेदनशील समय को कोई भी एजेंसी पैसा कमाने का माध्यम न बनाएं, यदि कालाबाजारी या निर्धारित मानक से कम गैस देने की शिकायत मिली तो, संबंधित के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

ईरान-अमेरिका के मध्य उपजे तनाव के कारण संभावित गैस संकट की अटकलों को देखते हुए जिलाधिकारी रमेश रंजन ने अपर जिलाधिकारी विशु राजा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सहित जनपद के सभी गैस एजेंसी मालिकों और उप जिलाधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में एक उच्च स्तरीय आपात बैठक की। जिलाधिकारी ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनपद में गैस की कोई कमी नहीं है, आपूर्ति श्रृंखला निरंतर गतिमान है, गैस एजेंसी मालिक पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिए अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर यह सूचना प्रसारित करें, कि गैस आपूर्ति सामान्य है, जनपद में गैस की कोई कमी नहीं है, किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रम में कदापि न आए, जिलाधिकारी ने सख्त शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि इस संवेदनशील समय को कोई भी एजेंसी पैसा कमाने का माध्यम न बनाएं, यदि कालाबाजारी या निर्धारित मानक से कम गैस देने की शिकायत मिली तो, संबंधित के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से भ्रम फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी, जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि यदि एजेंसी पर भीड़ बढ़ती है, तो नागरिकों की सुविधा हेतु पेयजल और शैड की सुविधा अनिवार्य रूप से की जाए, जनता को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने फिरोजाबाद गहरा सर्विस, जयनारायण गैस सर्विस, यश बाबा पीतांबरा और नसीरपुर इंण्डेन गैस सर्विस सहित अन्य प्रमुख एजेंसियों से संवाद किया, साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने वाले गैस एजेंसियों के मालिकों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए, गैस एजेंसीयों पर किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था न हो, इसके लिए जिलाधिकारी ने सेक्टर, स्टैटिक और जोनल मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की है।


## सूचना

मैं शपथी ज़ायर हुसैन ( ZAIR HUSAIN) आयु लगभग 60 वर्ष पुत्र यावर हुसैन (YAWAR HUSAIN ) निवासी - 546/310, सरफराजगंज, हरदोई रोड, बालागंज, लखनऊ-226003 सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि-

मेरे कुछ कागजात / दस्तावेज में मेरा नाम सैय्यद ज़ायर हुसैन (SYED ZAIR HUSSAIN ) तथा पिता का नाम सैय्यद यावर हुसैन (SYED YAWAR HUSSAIN) सहवन/ त्रुटिवश लिख गया है जबकि शपथी का सही नाम व नाम की स्पेलिंग ज़ायर हुसैन ( ZAIR HUSAIN) व मेरे पिता का नाम व नाम की स्पेलिंग यावर हुसैन (YAWAR HUSAIN) है।

मुझे मेरे सही नाम ज़ायर हुसैन (ZAIR HUSAIN) तथा पिता का नाम यावर हुसैन (YAWAR HUSAIN) के नाम से जाना एवं पहचाना जाये व लिखा व पढ़ा जाये।



## उ.प्र. अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय, लखनऊ।

प्रथम/द्वितीय तल, चतुर्थ टावर, सिग्नेचर बिल्डिंग पुलिस मुख्यालय, लखनऊ। Email- fshqup@gmail.com

पत्र संख्या : एफ0एस0 (टी)- 206-2025 (15वें वित्त आयोग) दिनांक : मार्च, 10,2026

निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा हेतु 01 अदद Hydraulic Platform(90Meter) क्रय/निर्माण किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर जेम कस्टम बिड संख्या- GEM/2026/B/7328702 दिनांक 10.03.2026 को कस्टम बिड की गयी। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| BID DETAILS | |
|---|---|
| जेम कस्टम बिड संख्या | GEM/2026/B/7328702 |
| दिनांक | 10.03.2026 |
| बिड बंद होने की तारीख/समय | 25.03.2026 18:00:00 |
| बिड खुलने होने की तारीख/समय | 25.03.2026 18:30:00 |
| बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) | 180(DAYS) |
| प्री-बिड मीटिंग तारीख/समय | 16.03.2026 12:00:00 FSHQ, LKO |

उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा हेतु 01 अदद Hydraulic Platform(90Meter) क्रय/निर्माण किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर जेम कस्टम बिड संख्या- GEM/2026/B/7328702 दिनांक 10.03.2026 में उल्लखित एंव जेम पोर्टल पर उल्लखित क्रय संबंधित समस्त नियम व शर्तों के साथ ही ऑनलाइन प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

UPID-248013 Dated-12-03-2026

विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(सुभाष कुमार)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी/नोडल अधिकारी (परचेज),
अग्निशमन तथा आपात सेवा, मुख्यालय, उ.प्र., लखनऊ।

# अकीदत के साथ संपन्न हुई जुमा-तुल-विदा की नमाज



प्रशासनिक सतर्कता की दिखी मिसाल, चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रही पुलिस; मुल्क की खुशहाली के लिए उठे हजारों हाथ

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा/सुमेरपुर/राठ/हमीरपुर।** जनपद में शुक्रवार को माह-ए-रमजान के आखिरी जुमे यानी अलविदा जुमा (जुमा-तुल-विदा) की नमाज पूरी अकीदत, सादगी और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। जिला मुख्यालय सहित मौदहा, राठ, सुमेरपुर, मुस्करा और सरीला जैसे कस्बों की जामा मस्जिदों व ईदगाहों में हजारों की संख्या में रोजेदारों ने खुदा की बारगाह में सिर झुकाया। नमाज के बाद मुल्क में अमन-ओ-अमान, आपसी भाईचारे और तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। अलविदा जुमा की संवेदनशीलता को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की सतर्कता देखते ही बनी। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सुबह से ही पुलिस बल ने कमान संभाल ली थी। मुख्यालय की जामा मस्जिद और मौदहा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की कड़ी निगरानी रही

प्रशासन द्वारा पूर्व में ली गई शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठकों का सकारात्मक असर जमीन पर नजर आया। धर्मगुरुओं और गणमान्य नागरिकों के सहयोग से नमाज के दौरान अनुशासन बना रहा। प्रशासन की ओर से की गई साफ-सफाई और पेयजल की व्यवस्था की भी स्थानीय लोगों ने सराहना की। जनपद में जुमा-तुल-विदा की नमाज पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जनता का सहयोग सराहनीय रहा। नमाज के बाद मस्जिदों के बाहर गंगा-जमुनी तहजीब का नजारा देखने को मिला, जहां विभिन्न समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर मुबारकबाद दी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता के चलते पूरा आयोजन बिना किसी व्यवधान के संपन्न हुआ। अब जनपद में आगामी ईद-उल-फितर के त्यौहार को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं।

# ईद व रामनवमी को लेकर पीस कमेटी की बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

बिजली रोस्टर और गैस आपूर्ति का मुद्दा उठा

**मौदहा।** आगामी ईद और रामनवमी पर्व को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मौदहा कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक के दौरान बिजली के रोस्टर में गलत टाइमिंग का मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया। उपस्थित लोगों ने बताया कि रोस्टर का समय सही न होने से लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही गैस एजेंसियों द्वारा डोर टू डोर सिलेंडर वितरण न किए जाने के कारण एजेंसियों और गोदामों पर भीड़ लगने की समस्या भी उठाई गई। बैठक में त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है और सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाह फैलने से रोका जा सके। इसके अलावा कस्बे की साफ-सफाई व्यवस्था और आवारा जानवरों की समस्या पर भी चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय ने की। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा कस्बे के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट में डीएम ने की जनसुनवाई



**हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में करीब 90 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शेष प्रकरणों के समाधान के लिए जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम, खंड विकास अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने कार्यालयों में नियमित रूप से जनसुनवाई करें और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जनसुनवाई, आईजीआरएस और अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए तथा समय से उसकी आख्या प्रस्तुत की जाए।

# बिलग्राम में गैस एजेंसियों व गोदामों का निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

एसडीएम एन. राम और सीओ रवि प्रकाश सिंह ने व्यवस्थाएं परखी

**बिलग्राम/मल्लावां, हरदोई।** गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की किल्लत न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। शुक्रवार को बिलग्राम के उपजिलाधिकारी एन. राम और क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह ने बिलग्राम नगर में स्थित गैस एजेंसियों व गोदामों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गैस वितरण व्यवस्था, स्टॉक रजिस्टर तथा कर्मचारियों की उपलब्धता की जानकारी ली। जांच में कहीं भी गैस सिलेंडरों की कमी नहीं पाई गई और सभी एजेंसियों पर पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध मिले। अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसके साथ ही अधिकारियों ने मल्लावां क्षेत्र में भी गैस एजेंसियों व गोदामों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा और स्टॉक की स्थिति की जानकारी ली।

उपजिलाधिकारी एन. राम ने कहा कि बिलग्राम तहसील क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए किसी भी उपभोक्ता को घबराने की जरूरत नहीं है। सभी को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह ने कहा कि गैस सिलेंडर की कालाबाजारी या ओवररेटिंग की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति गैस सिलेंडरों की जमाखोरी या ब्लैक मार्केटिंग करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सप्लाई इंस्पेक्टर प्रमोद शर्मा भी मौजूद रहे।

प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें, क्योंकि बिलग्राम व आसपास के क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है।

# यूपीयूएमएस सैफई में ग्लूकोमा वॉक आयोजित

**वहाज अली निहाल**



**सैफई, इटावा।** विश्व ग्लूकोमा सप्ताह वर्ष 2026 के अंतर्गत 8 से 14 मार्च तक ÷ग्लूकोमा मुक्त विश्व के लिए एकजुटता÷ विषय पर आयोजित विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के नेत्र विज्ञान विभाग द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई। इसी क्रम में 13 मार्च को विश्वविद्यालय परिसर में ग्लूकोमा वॉक का आयोजन किया गया। इस जागरूकता वॉक में नेत्र विज्ञान विभाग एवं ऑप्टोमेट्री विभाग के संकाय सदस्यों और छात्रों ने सक्रिय सहभागिता की। साथ ही एमबीबीएस के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। वॉक का उद्देश्य समाज में ग्लूकोमा (काला मोतिया) जैसी गंभीर नेत्र बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच की आवश्यकता बताना तथा अंधत्व की रोकथाम के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ रमाकांत यादव ने कहा कि ग्लूकोमा एक साइलेंट विज़न किलर है, जिसके प्रारंभिक लक्षण स्पष्ट नहीं होते। इसलिए समय रहते नियमित नेत्र जांच, शीघ्र निदान और समुचित प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जन-जागरूकता ही इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। ग्लूकोमा वॉक में कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) एस.पी.सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, प्रो. (डॉ.) रवि रंजन, विभागाध्यक्ष, नेत्र विज्ञान विभाग, प्रो. (डॉ.) रीना शर्मा, ग्लूकोमा विशेषज्ञ, डॉ. अहमद हुसैन, डॉ.गौरव दुबे, डॉ.आदित्य त्रिपाठी सभी ने संयुक्त रूप से लोगों से अपील की कि वे नियमित नेत्र परीक्षण कराएं।

# शहर में उत्साह से अदा हुई अलविदा जुमे की नमाज़

रोज़ेदारों ने की मुल्क में अमनचैन की दुआ

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** रमजान उल मुबारक के अंतिम जुमे (अलविदा जुमे) की नमाज शहर की विभिन्न मस्जिदों में उत्साह के साथ अदा हुई, रोजेदारों ने नमाज के बाद मुल्क में अमनचैन की दुआ की। शहर की विभिन्न मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज खुशनुमा माहौल में अदा की गई। शाही मस्जिद में हाफ़िज़ एजाज़ अहमद, सिंग्नल वाली मस्जिद में मुफ़्ती अनस नूर, मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां में मौलाना ज़ाहिद रज़ा, मस्जिद काली कबरें में हाफ़िज़ मुहम्मद नसीर, मस्जिद जिन्नातों वाली में हाफ़िज़ तौसीक़ अली, मस्जिद दरगाह शरीफ हाफिज़ दिलबर, मस्जिद तकिया आजाद खान में मौलाना आतिफ़ रहमानी, मस्जिद शाह महमूद में मौलाना अफ़्फ़ान शम्सी, मस्जिद क़िले वाली में हाफ़िज़ हारून, मस्जिद हिसामुद्दीन में हाफ़िज़ नसीम अख्तर, शाही जामा मस्जिद में मौलाना अब्दुल्लाह असरी, मस्जिद पक्का तालाब में हाफ़िज़ फ़ैज़ान चिश्ती, मस्जिद गरीब नवाज में कारी वासिल रज़ा, मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंग में हाफ़िज़ शकील अहमद, मस्जिद अक़्सा रामगंज ढाल में मौलाना तौफीक चिश्ती, अली कालोनी बाह अड्डा मस्जिद में मौलाना जमाल अहमद ने नमाज पढ़ाई। मस्जिद कचहरी में भी नमाज अदा की गई इसके अलावा मस्जिद सराय कटरा सेवा कली, मस्जिद शाहगंज, मस्जिद बुलाक़ी, मस्जिद कुरैशियान नया शहर, मस्जिद दरगाह वारसी, मस्जिद कटरा पुर्दल खां, मस्जिद गाड़ीपुरा, मस्जिद स्टेशन रोड, मस्जिद रामगंज, मस्जिद पचराहा, मस्जिद शेख जलाल, मस्जिद स्टेशन रोड, मस्जिद गाड़ीपुरा, मस्जिद शाहगंज, मस्जिद जिन्नातों वाली, मस्जिद साबितगंज, मस्जिद मोहल्ला अराड़ स्टेशन रोड, मस्जिद चौकी शमशेरी सहित अनेक मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से हुई। अंजुमन हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया कि शिया समुदाय की घटिया अज़मत अली स्थित जामा मस्जिद पंजतनी में मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने अलविदा जुमे की नमाज अदा कराई। मस्जिद नमाजियों से खचाखच भरी थी। अल्हाज़ कमर अब्बास नक़वी, हाजी अरशद मरगूब, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, कारी सरफराज आलम, मौलाना तारिक शम्सी, खादिम अब्बास, साजिद हुसैन वारसी, हाजी गुड्डू मंसूरी, हाजी अजीम वारसी, तनवीर हसन, राहत हुसैन रिज़वी, डॉ.अयाज अली, इदरीस अंसारी, वाई के शफी, वहाज अली निहाल, शफी अहमद, कामरान खान, हाजी फजल यूसुफ, गुफ़रान अहमद सहित नमाजियों ने अल्लाह तआला से मुल्क में अमनचैन की दुआ की।

## कस्बे व गांव में ठीक कराया गया पाइपलाइन लीकेज




**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र में पाइपलाइन लीकेज की खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभाग सक्रिय हो गए। शुक्रवार को जल संस्थान और नमामि गंगे योजना की टीमों ने मौके पर पहुंचकर लीकेज की मरम्मत कर समस्या का समाधान किया, जिससे लोगों को राहत मिली। शुक्रवार के अंक में कस्बे के वार्ड संख्या 3 तथा ग्राम पंचायत विदोखर पुरई में पाइपलाइन लीकेज की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद जल संस्थान की टीम ने वार्ड संख्या 3 में पहुंचकर लीकेज ठीक कराया। इसी तरह नमामि गंगे योजना के कर्मियों ने ग्राम विदोखर पुरई में रुपेंद्र यादव के दरवाजे के पास सीसी मार्ग में हुए पाइपलाइन लीकेज को दुरुस्त किया। यह लीकेज पिछले तीन माह से बना हुआ था, जिससे सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही थी। लीकेज ठीक होने के बाद क्षेत्रीय लोगों ने राहत महसूस की और विभाग की कार्रवाई पर संतोष जताया।

## महिला अधिकार सप्ताह में उठीं श्रमिकों की मांगें



**सोनभद्र/अनपरा (अवधनामा संवाददाता)** 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय मजदूर संघ, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित महिला अधिकार सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 13 मार्च 2026 को भारतीय मजदूर संघ, जनपद सोनभद्र के प्रतिनिधिमंडल द्वारा उप श्रमायुक्त पिपरी को पत्र/ज्ञापन सौंपकर महिला श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा एवं उनके हितों से संबंधित विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कार्यस्थलों पर महिला श्रमिकों को समान वेतन, सुरक्षित कार्य वातावरण, शौचालय, पेयजल, विश्राम कक्ष, मातृत्व लाभ तथा यौन उत्पीड़न से सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित किए जाने की मांग की। साथ ही असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत महिला श्रमिकों के लिए भी आवश्यक सुरक्षा एवं कल्याणकारी व्यवस्थाएं लागू करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दशाराम यादव, जिला मंत्री लल्ला प्रसाद शुक्ल, दुर्गविजय मिश्र, रमेश सिंह, अद्या प्रसाद द्विवेदी सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगठन के प्रतिनिधियों ने आशा व्यक्त की कि श्रम विभाग द्वारा महिला श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी तथा उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

# कानपुर चिड़ियाघर में दिव्यांग बच्चों ने की खूब मौज-मस्ती

**वहाज अली निहाल**



बच्चों के चेहरों पर झलकती खुशी और उत्साह इस पहल की सफलता का रहा प्रमाण

**इटावा।** परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों के लिए एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.राजेश कुमार के निर्देशन में श्रीमती अर्चना सिंह जिला समन्वयक समेकित शिक्षा के द्वारा किया गया। इसी क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए एक प्रेरणादायी एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस विशेष पहल के अंतर्गत बच्चों को शैक्षिक एवं मनोरंजक अनुभव प्रदान करने हेतु कानपुर प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर), कानपुर नगर भ्रमण के लिए भेजा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय कुमार गौतम आई.ए.एस., मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा बस को हरी झण्डी दिखाकर बच्चों को एक्सपोजर विजिट के लिए उत्साहपूर्वक रवाना किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को प्रकृति, वन्यजीवों एवं नए वातावरण से परिचित कराना है। बच्चों को कक्षा से बाहर सीखने, देखने और समझने का अनूठा अवसर प्रदान करना है। इस प्रकार की पहल बच्चों में आत्मविश्वास, जिज्ञासा एवं सकारात्मक सोच का विकास करती हैं। बच्चों के चेहरों पर झलकती खुशी और उत्साह इस पहल की सफलता का प्रमाण रही। शिक्षा के साथ अनुभव और संवेदनशीलता को जोड़ने की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है। स्थानीय ऐतिहासिक धरोहर तथा भ्रमणीय ज्ञान में बच्चों को कानपुर प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर), कानपुर नगर का भ्रमण कराते हुए स्थानीय स्थलों पर घुमाया गया। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत अलग अलग विकासखंडों से आए कुल 75 दिव्यांग बच्चों तथा कुल 35 स्टाफ को एक्सपोजर विजिट कराया गया। तैयार कार्य योजना के तहत सर्वप्रथम बच्चों को डाइट पर एकत्रित करते हुए सुबह 9 बजे का नाश्ता देकर बस को रवाना किया गया साथ ही भ्रमण करते हुए स्वल्पाहार एवं पानी आदि की व्यवस्था देखते हुए बच्चों की पूरी सुरक्षा के साथ कानपुर प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर), कानपुर नगर का भ्रमण कराया गया। बच्चों को रात का भोजन कराकर वापस डाइट पर एकत्रित कर उन्हें सुबह होते ही दूर-दराज के विकास खंडों से आए अभिभावकों को सुपुर्द कर सुरक्षा के साथ उन्हें घर वापस भेजा गया। इस भ्रमणीय ज्ञान में दिव्यांग बच्चों के द्वारा कानपुर प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर) में विभिन्न प्रकार के पक्षियों, जलीय जीव-जानवरों, जंगली जानवरों को देखा एवं उनकी जानकारी स्पेशल एजुकेटर्स के माध्यम से बताया गया।

दृष्टिबाधित बच्चों को उसकी आवाज और उसके मॉडल के द्वारा उसकी जानकारी दी गई। चिड़ियाघर में बच्चों के द्वारा बड़े आनंद और हर्षो उल्लास से वहां पर बने पार्क और स्थानीय स्थलों का आनंद लिया गया। बच्चों के इस एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम में समेकित शिक्षा के समस्त स्टाफ के पूर्ण सहयोग से बच्चों को ऐतिहासिक भ्रमणीय ज्ञान कराया गया।

# महिला आयोग अध्यक्ष ने उत्कृष्ट महिलाओं को किया सम्मानित



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान व महिला आयोग की सदस्य मा0 गीता विश्वकर्मा ने आज सर्किट हाउस सभागार में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण में उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान मा0 अध्यक्ष ने परंपरागत रीति-रिवाजों के तहत अन्नप्राशन एवं गोद भराई कार्यक्रम में रस्म अदायगी की और उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को आशीर्वाद दिया। महिला आयोग की सदस्य ने जिला संयुक्त चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव के कार्यक्रम में भी प्रतिभाग की। इसके उपरांत उन्होंने जनपद के अधिकारियों के साथ महिला कल्याण से संबंधित संचालित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान उन्होंने महिला कल्याण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि कन्या सुमंगला योजना, महिला हेल्पलाइन 181 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे अधिक से अधिक लाभार्थी इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक के दौरान उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशाखा कमेटी का गठन सुनिश्चित किया जाए तथा उसकी नियमित बैठकें आयोजित की जाएं।

## जनपद के कोषागारों में ई-पेमेन्ट लागू होने के फलस्वरूप आवश्यक दिशा निर्देश



**सोनभद्र (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 से समस्त भुगतान ई-पेमेन्ट के माध्यम से किया जा रहा है, ई-पेमेन्ट में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया के सम्बन्ध में समय-समय पर शासनादेश निर्गत होते रहे है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त बजट के सापेक्ष ससमय भुगतान में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया एवं देयकों के सूचारू रूप से निस्तारण हेतु निम्न अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये, समस्त आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागारों में समस्त बिल विलम्बतम् दिनांक 25 मार्च, 2026 तक अवश्य प्रस्तुत कर दिये जायें। कोषागार द्वारा दिनांक 25 मार्च 2026 तक प्राप्त हुए बिलों की आवश्यक चेकिंग के बाद बिलों की पासिंग तथा ई-पेमेन्ट के माध्यम से दिनांक 31 मार्च 2025 तक भुगतान हेतु अथराइजेशन किया जा सके, क्योंकि दिनांक 31 मार्च 2026 तक पारित बिलों का भुगतान ई-पेमेन्ट द्वारा दिनांक 31 मार्च 2026 को रात्रि 17:00 बजे तक ही भुगतान किया जा सकेगा। वित्तीय वर्ष के अन्तिम माह में प्रस्तुत देयकों को सम्बन्धित कार्यालय/आहरण वितरण अधिकारी द्वारा नियमानुसार तैयार कर वांछित स्वीकृति आदेश आदि प्रपत्र के साथ भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जाय, जिससे देयकों के निस्तारण में कोई व्यवधान या विलम्ब न हो। उक्त का अनुपालन न करने तथा सामयिक आहरण के अभाव में किसी धनराशि के व्यपगत हो जाने पर सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

## उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धित जॉच समिति का आगमन 14 मार्च को होगा

**सोनभद्र/ अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धित जॉच समिति मा0 सभापति अंगद कुमार सिंह जी के नेतृत्व में 14 मार्च को जनपद में आगमन होगा, समिति द्वारा अनपरा व ओबरा में स्थलीय निरीक्षण करेंगी व दिनांक 15 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करेगी, इसके पश्चात अपने गनतब्य स्थल के लिए समिति प्रस्थान करेगी।

# पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की आपूर्ति सामान्य : डीएम

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद में सुचारू रूप से पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी आदि की आपूर्ति हेतु सचिव गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ है किं पेट्रोलियम पदार्थो के सूचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाये, पेट्रोल/डीजल की उपलब्धता के सम्बन्ध में कोई समस्या नहीं है इसके सम्बन्ध में जनमानस को अवगत कराया जाए और एलपीजी के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा अस्थाई रूप से घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा रही है उन्होने कहा कि अतिरिक्त पारदर्शी वितरण हेतु ओटीपी के माध्यम से रिफिल डिलीवरी की व्यवस्था की जा रही है। भ्रम फैलाने वाले न्यूज चैनलों/सोशल मीडिया प्लेटफार्म के मैसेज तथा वीडिओ आदि पर कड़ी निगरानी की जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि गैस सिलेण्डर के वितरण की व्यवस्था के कम में कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। गैस सिलेण्डर ले जाने वाले वाहनों को जनपदों में पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जायें। गैस एजेन्सियों से किसी भी प्रकार की कालाबाजारी/अवैध बिक्री को रोकने हेतु आवश्यक कदम उठाये जायें एवं गैस एजेन्सियों पर सामान्य वितरण हेतु सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये ताकि ग्राहको को नियमानुसार सिलेण्डर उपलब्ध हो सके। राजस्व विभाग खाद्य एवं रसद विभाग तथा तेल कम्पनियों के नोडल अधिकारियों के साथ प्रशासन व पुलिस के अधिकारी भ्रमणशील रहें।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**भरुआ सुमेरपुर।** बाल विकास परियोजना के तहत ब्लाक सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए पोषण भी, पढ़ाई भी अभियान के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा को बेहतर बनाना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी नम्रता गुप्ता, मुख्य सेविका कामिनी पाल, वंदना देवी, आरती सिंह तथा ब्लॉक समन्वयक मो. आमिर उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आधारशिला पुस्तक के माध्यम से खेल आधारित शिक्षण पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान बच्चों की आयु के अनुसार सीखने की गतिविधियां आयोजित कराने, उनकी बौद्धिक क्षमता विकसित करने तथा पूर्व में सीखी गई बातों को मजबूत करने के तरीके बताए गए।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण पर मंडलायुक्त की समीक्षा बैठक

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मंडलायुक्त विन्ध्याचंल / रोल ऑब्जर्वर राजेश प्रकाश द्वारा तहसील रॉबर्ट्सगंज, ओबरा एवं दुद्धी के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ बैठक कर मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित कार्यो की समीक्षा की गई। इस दौरान फार्मो की सुपर चेकिंग के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में विशेष रूप से फॉर्म-6 से संबंधित मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। मंडलायुक्त ने बताया कि कई स्थानों पर प्रस्तर फॉर्म-6 के अंतर्गत अपलोड किए गए आवेदनों को निरस्त किए जाने की स्थिति सामने आई है इस सम्बन्ध में निर्देश दिये कि बिना पर्याप्त कारण के किसी भी आवेदन को निरस्त न किया जाए उन्होंने कहा कि मतदाताओं द्वारा किए गए संशोधन, स्थानांतरण अथवा अन्य आवश्यक परिवर्तनों से संबंधित आवेदनों का निष्पक्षता और गंभीरता के साथ परीक्षण किया जाए, ताकि किसी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। साथ ही संबंधित तहसीलों के बी0आर0सी0 को निर्देशित किया गया कि फॉर्म-6 के लंबित प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न करें, जिससे मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य समयबद्ध एवं त्रुटिरहित तरीके से पूरा हो सके। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन बद्रीनाथ सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी लंबित आवेदनों का समय से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उपस्थित उप जिला निर्वाचन वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर उत्कर्ष द्विवेदी, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजनाथ सिंह ने किया सिटी मान्टेसरी स्कूल गोल्फ सिटी के नए परिसर का उद्घाटन

# स्टेशन रोड का नाम अब 'डा. जगदीश गांधी मार्ग'

**अवधनामा ब्यूरो**

- नए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और स्विमिंग पूल का उद्घाटन
- सीएमएस में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार
- सीएमएस गोल्फ सिटी में 14 एकड़ परिसर में नई सुविधाएँ शुरू




**लखनऊ।** भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोल्फसिटी कैम्पस के नवनिर्मित मुख्य भवन, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं स्विमिंग पूल का उद्घाटन किया। इसके साथ ही, माननीय रक्षामंत्री ने सी.एम.एस. संस्थापक स्व. डा. जगदीश गाँधी के सम्मान में शहर की एक प्रमुख सड़क 'स्टेशन रोड' का नामकरण ऑनलाइन माध्यम से 'डा. जगदीश गांधी मार्ग' के रूप में किया। स्व. डा. जगदीश गाँधी इसी स्टेशन रोड (पूर्व नाम) पर 66 वर्षों तक रहे और यहीं 1959 में एक किराये के भवन में सिटी मोन्टेसरी स्कूल की स्थापना की थी, जिसे उन्होंने आगे चलकर शैक्षिक उत्कृष्टता तथा मूल्य आधारित वैश्विक नागरिकता शिक्षा के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त संस्थान के रूप में विकसित किया।

इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि शैक्षिक संस्थानों को तेजी से बदलते वैश्विक परिवेश के अनुरूप स्वयं को निरंतर विकसित करना चाहिए, ताकि छात्र कुशल समस्या-समाधानकर्ता बन सकें और नवाचार, सहानुभूति तथा समालोचनात्मक सोच के साथ वास्तविक जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें। उन्होंने कहा, ''ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में विद्यालयों का दायित्व है कि वे छात्रों को ऐसा ज्ञान, मूल्य और दृष्टिकोण प्रदान करें, जिससे वे वैश्विक समुदाय के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ सकें। सी.एम.एस. गोल्फ सिटी में नये मुख्य भवन, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और स्विमिंग पूल का निर्माण इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।''

समारोह के दौरान रक्षा मंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से स्मारक शिलापट्ट का अनावरण किया और 'हुसैनगंज चौराहा' से 'मवैया चौराहा' तक जाने वाली 'स्टेशन रोड' का नाम आधिकारिक रूप से 'डा. जगदीश गांधी मार्ग' किए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश विधान परिषद सदस्य डा. महेन्द्र सिंह, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल एवं माननीय मुख्यमंत्री, उ.प्र. के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी समेत नगर निगम के वरिष्ठ प्रतिनिधि एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

सी.एम.एस. गोल्फसिटी के नवनिर्मित मुख्य भवन के उद्घाटन अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह मात्र एक बिल्डिंग का उद्घाटन ही नहीं है अपितु यह एक विचार का विस्तारीकरण है। सी.एम.एस. संस्थापक स्व. डा. जगदीश गाँधी जी ने शिक्षा के माध्यम से समाज के रचनात्मक विकास का सपना था और 14 एकड़ में फैले सी.एम.एस. गोल्फ सिटी कैम्पस में निर्मित नई सुविधाएँ स्व. डा. जगदीश गाँधी के उसी सपने को आगे बढ़ाती हैं।

उन्होंने आगे कहा कि ''अच्छी इमारत, अच्छी प्रयोगशालाए और अच्छी टेक्नोलॉजी, ये सब स्वाभाविक रूप से बच्चों को पूरी क्षमता से ज्ञान अर्जन हेतु प्रेरित करती हैं, परन्तु बड़ी बात यह है कि सी.एम.एस. में बच्चों को उत्कृष्ट ज्ञान प्रदान करने के साथ ही यह भी सिखाया जाता है कि ज्ञान का उपयोग कैसे करें, समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किस प्रकार किया जाना चाहिए और अपने भीतर की सुपर क्वालिटी को कैसे विकसित करें। मुझे प्रसन्नता है कि सी.एम.एस. जैसे संस्थान जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण तथा समाज की नैतिक संरचना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# ग्राम पंचायतों तक पहुंचेगी सस्ती परिवहन सेवा

**अवधनामा ब्यूरो**

- ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यालयों से जोड़ने की पहल
- गांवों में चलने वाले वाहनों को परमिट से छूट

**लखनऊ।** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026 को लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है। मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 66(1) के अंतर्गत दिए गए व्यवस्था के अनुसार मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों अथवा ग्रामों के नागरिकों को परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लिए संचालित होने वाले वाहनों को अधिसूचना के अंतर्गत प्राविधानों के अनुसार परमिट की अनिवार्यता से छूट प्रदान की गई है। इस संबंध में योजना भवन स्थित एनआईसी सेंटर से उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए की मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना एवं सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को अधिकारी गंभीरता पूर्वक एवं रुचि लेकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायत को सुगम एवं सस्ती परिवहन सेवा से जुड़े हेतु प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों को विकास खण्डों, तहसील एवं जनपद मुख्यालय से सीधे परिवहन सुविधा से शत-प्रतिशत जोड़ा जा रहा है। वर्तमान में परिवहन निगम की तहसील मुख्यालय, नगर पालिका परिषद नगर निगम स्तर पर परिवहन की सुविधा उपलब्ध है। प्रदेश के दूरस्थ एवं असंबद्ध ग्राम पंचायत को मुख्य धारा से जोड़ने और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक परिवहन सेवा पहुंचाना इस योजना का मुख्य आधार है।

# विकास योजनाओं की प्रगति में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री तथा जनपद भदोही के प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा ने निरीक्षण भवन ज्ञानपुर में कोर कमेटी एवं जिला समन्वय समिति की बैठक की। बैठक में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ सभी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक का उद्देश्य जनपद में संचालित विकासपरक योजनाओं की समीक्षा करना तथा शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारना है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की सभी विकास योजनाएं आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए हैं, इसलिए इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की नियमित समीक्षा करें, समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कराएं तथा पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पहुंचाना सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री ने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए और शासन को भेजे जाने वाले प्रस्ताव गुणवत्ता पूर्ण हों। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड में जाकर कार्यों की वास्तविक स्थिति देखें और जनता से सीधे संवाद स्थापित करें।बैठक के अंत में प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए भदोही जनपद के विकास को नई गति देंगे और शासन की योजनाओं को सफल बनाएंगे।

## पिछड़े क्षेत्रों की इकाइयों को मिलेगा निवेश प्रोत्साहन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कोविड-19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश के आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों के लिए त्वरित निवेश प्रोत्साहन नीति-2020 के अन्तर्गत पात्र इकाईयों को प्रोत्साहन /सुविधाये वितरित किए जाने हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में 45,50, 84,576 रूपये (रू0 पैंतालिस करोड़ पचास लाख चौरासी हजार पाँच सौ छिहत्तर) की धनराशि स्वीकृत करते हुए संयुक्त आयुक्त, उद्योग के निवर्तन पर रखने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

# मेरठ-बागपत में धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों का होगा विकास

- पर्यटन परियोजनाओं से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पर्यटन को गति देने की दिशा में शुक्रवार को बड़ी पहल की गई। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मेरठ और बागपत जिलों में महाभारत सर्किट, जैन सर्किट एवं ग्रामीण पर्यटन से जुड़े प्रमुख स्थलों के विकास के लिए 56 करोड़ रुपए से अधिक धनराशि की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं के तहत धार्मिक, क्रांति और सांस्कृतिक धरोहर स्थलों का समग्र विकास किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों को रफ्तार मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को आधुनिक पर्यटन सुविधाओं से विकसित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि श्पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ और बागपत महाभारत सर्किट तथा जैन सर्किट के अहम केंद्र होने के साथ-साथ क्रांतिकारी इतिहास की समृद्ध विरासत भी समेटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों जनपद व्यापारिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं, इसलिए सरकार धार्मिक आस्था, ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक पर्यटन सुविधाओं से जोड़कर इन क्षेत्रों को देश-विदेश के पर्यटकों के लिए बड़े पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर दे रही है।

पर्यटन मंत्री शुक्रवार सुबह मेरठ के प्रसिद्ध औघड़नाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उसके बाद मेरठ कॉलेज में भारतीय जैन परंपरा एवं वार्षिकोत्सव में मुख्य अथिति के रूप में शामिल हुए। तत्पश्चात, मेरठ के शहीद स्मारक पहुंचकर पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

# श्री कृष्ण दत्त एकेडमी में पंचम दिवस पर सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली और मानव श्रृंखला का आयोजन




**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित श्री कृष्ण दत्त एकेडमी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का आयोजन बरौली, खलीलाबाद में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एन.एस.एस. गीत के साथ किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने क्षेत्र में जाकर सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से क्षेत्रवासियों को सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। स्वयंसेवकों ने ÷सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा÷ जैसे नारों के माध्यम से लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने तथा यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया।

इसके बाद स्वयंसेवकों ने मानव श्रृंखला बनाकर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया और समाज में सुरक्षा के प्रति संदेश दिया। मानव श्रृंखला के माध्यम से यह बताया गया कि सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

तत्पश्चात स्वयंसेवकों के लिए स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता तथा राष्ट्र सेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रभावशाली नारे प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता तथा सामाजिक जागरूकता की भावना को बढ़ावा देना था। भोजनावकाश के पश्चात द्वितीय सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में श्री कृष्ण दत्त एकेडमी के वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका तनु सिंह ने विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित करने, समय का सदुपयोग करने तथा अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास भी सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने विशेष शिविर के दौरान किए गए विभिन्न सामाजिक कार्यों, जागरूकता अभियानों तथा अपने अनुभवों को साझा किया।

# एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस ने पेश किया लार्ज कैप क्वालिटी फंड

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत में निजी क्षेत्र की जानी-मानी लाइफ़ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, एजेस फेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस ने लार्ज कैप क्वालिटी फंड की शुरुआत की है। यह एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है, जिसे उन लोगों को ध्यान में रखकर पेश किया गया है जो देश की बड़ी और भरोसेमंद कंपनियों में पैसा लगाकर अच्छी पूंजी जमा करना चाहते हैं। यह फंड 10 रुपये प्रति यूनिट के न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) पर उपलब्ध होगा, जिससे ग्राहकों को लॉन्च अवधि के दौरान आधार नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) पर निवेश शुरू करने का अवसर मिलेगा।

इस फंड का उद्देश्य ग्राहकों को उन बड़ी और आर्थिक रूप से मजबूत कंपनियों के समूह में निवेश करने का अवसर प्रदान करना है, जिन्होंने समय के साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। यह फंड उन कंपनियों में पैसा लगाता है जिनकी नींव मजबूत है और जिनमें आर्थिक काम-काज बहुत व्यवस्थित है। इससे ग्राहकों को अपने भविष्य के लक्ष्यों को पूरा करने के साथ-साथ अच्छी पूंजी बनाने का मौका मिलने वालाहै।

ग्राहक इस फंड के ज़रिए अलग-अलग क्षेत्रों की बड़ी कंपनियों के अलग-अलग तरह के समूह में आसानी से निवेश कर सकते हैं। इससे किसी एक कंपनी या इंडस्ट्री पर निर्भर रहने का जोखिम कम हो जाता है और निवेशकों को लंबे समय में भारत की आर्थिक तरक्की का फायदा मिलता है।

लॉन्च के बारे में अपनी राय जाहिर करते हुए, श्री जूड गोम्स, एमडी एवं सीईओ, एजेस फेडरल, ने कहा, भारत में लंबे समय तक प्रगति की बहुत संभावनाएँ हैं, और आज के निवेशक इस विकास का हिस्सा बनने के लिए सुरक्षित और अनुशासित तरीके तलाश रहे हैं। एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस में, हम ग्राहकों को निवेश के सरल और पारदर्शी विकल्पों के जरिए वित्तीय सुरक्षा देने के अपने इरादे पर अटल हैं, ताकि वे लंबे समय के अपने सपनों को पूरा कर सकें।




जामा मस्जिद आलमपुर जिला बाराबंकी में नमाजे जुमा अदा करते मुसलमान

# इज़राइल ग़ाज़ा में नरसंहार का अपराधी है : मौलाना कल्बे जवाद

- अंतरष्ट्रीय क़ुद्स दिवस के अवसर पर जुमातुल विदा की नमाज़ के बाद आसिफ़ी मस्जिद में प्रदर्शन
- प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष-महिलाओं ने भाग लिया

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** माह-ए-रमज़ान के आख़िरी जुमे को 'अंतरष्ट्रीय क़ुद्स दिवस' के अवसर पर मजलिस उलमा-ए-हिंद की ओर से फ़िलिस्तीन की आज़ादी, क़िब्ला-ए-अव्वल की पुनः वापसी, ग़ाज़ा, लेबनान और यमन के मज़लूमो के समर्थन तथा इज़राइल और अमेरिकी आतंकवाद खिलाफ जुमे की नमाज़ के बाद मौलाना कल्बे जवाद नक़वी के नेतृत्व में आसिफ़ी मस्जिद में विरोध प्रदर्शन किया गया। सबसे पहले मौलाना कल्बे जवाद नक़वी की इमामत में नमाज़ अदा की गई, इसके बाद बड़ी संख्या में नमाज़ी विरोध प्रदर्शन करते हुए बड़े इमामबाड़े के चबूतरे पर इकट्ठा हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने फ़िलिस्तीन की आज़ादी और क़िब्ला-ए-अव्वल की पुनः वापसी की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आयतुल्लाह ख़ामनेई की मज़लूमाना शहादत को याद करते हुए उनके कातिलों के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही सामूहिक रूप से ईरान के नवनिर्वाचित रहबर-ए-इंक़लाब आयतुल्लाह सैय्यद मुजतबा ख़ामेनई से तजदीद-ए-अहद भी किया। प्रदर्शन के अंत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इज़राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीरों को जलाकर प्रदर्शनकारियों ने अपना रोष व्यक्त किया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पुरुषो-महिलाओं ने भाग लिया।

मजलिस-ए-उलेमा-ए-हिंद के महासचिव और इमाम-ए-जुमा मौलाना कल्बे जवाद नक़वी ने कहा कि इज़राइल ने ग़ाज़ा और फ़िलिस्तीन के लोगों पर जितना अत्याचार किया है, उसकी मिसाल इस सदी में नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि इज़राइल ग़ाज़ा में नरसंहार का अपराधी है, लेकिन अफ़सोस कि दुनिया खामोश तमाशाई बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इज़राइल और अमेरिका ने हमेशा आतंकवाद को बढ़ावा दिया है। अमेरिका ने ईरान में मनाब शहर के एक स्कूल पर हमला करके सैकड़ों बच्चियों को शहीद किया, इससे स्पष्ट होता है कि महिलाओं के अधिकारों की बात करने वाली ये सभी सरकारें खुला फरेब देती हैं। उन्होंने अफ़सोस जताया कि भारत सरकार ने भी मासूम बच्चियों के स्कूल पर हुए हमले की निंदा नहीं की और न ही रहबर-ए-इंक़लाब आयतुल्लाह ख़ामेनई की शहादत पर संवेदना व्यक्त की। मौलाना ने कहा कि भारत सरकार को याद रखना चाहिए कि अमेरिका और इज़राइल कभी किसी के सच्चे दोस्त नहीं हो सकते। वो इंसानियत के अपराधी और क़ातिल हैं। उन्होंने कहा कि ईरान ने मुस्लिम देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों और सैन्य केंद्रों पर हमले किया हैं। ये मुसलमान हुकूमतें नहीं बल्कि अमेरिका और इज़राइल की गुलाम हुकूमतें हैं जिन्होंने हमेशा उम्मत-ए-मुस्लिमा के हितों के खिलाफ काम किया है, लेकिन अब अरब जनता जाग चुकी है और जल्द ही अरब देशों में इंक़ेलाब होगा।




मौलाना ने कहा कि ट्रम्प ने युद्ध तो शुरू कर दिया है, लेकिन अब उसके पास भागने का रास्ता भी नहीं है। ईरान की क़ौम कर्बला की अनुयायी है, इसलिए वह अत्याचारियों के सामने कभी झुक नहीं सकती। उन्होंने कहा कि ईरान ने पूरी दुनिया में कर्बला के संदेश को परिचित कराया है। अंत में उन्होंने दुआ की कि क़ुद्स दिवस का यह विरोध प्रदर्शन आख़िरी हो और अगली जुमातुल विदा की नमाज़ बैतुल मुक़द्दस में अदा की जाए।

मौलाना सईद-उल-हसन नक़वी ने कहा कि इमाम ख़ुमैनी ने इस्लामी इंक़ेलाब की सफलता के बाद घोषणा की थी कि फ़िलिस्तीन की आज़ादी और क़िब्ला-ए-अव्वल की पुनः वापसी के लिए रमज़ान के आख़िरी जुमे को 'यौम-ए-क़ुद्स' के रूप में मनाया जाए। मौलाना ने कहा कि जो लोग कल तक मज़लूम फिलिस्तीनियों पर हमला कर रहे थे, वे आज चूहों की तरह बंकरों में छिपे हुए हैं। मौलाना ने कहा कि शहीद का खून व्यर्थ नहीं जाता। रहबर-ए-इंक़लाब और क़ुद्स के शहीदों का खून रंग ला रहा है।

मौलाना अली अब्बास ख़ान ने कहा कि शहीद की ताकत शहादत के बाद और बढ़ जाती है, इस हक़ीक़त का अंदाज़ा दुश्मन को नहीं था, उन्होंने कहा कि रहबर-ए-इंक़लाब की शहादत पर हर इंसान की आंखें नम हुई क्योंकि उनकी शख़्सियत केवल ईरान तक सीमित नहीं थी।

### अयातुल्लाह ख़ामेनई के चालीसवें की मजलिस 5 अप्रैल को

मौलाना कल्बे जवाद नक़वी ने ऐलान करते हुए कहा कि इंशाल्लाह 5 अप्रैल रविवार को अयातुल्लाह ख़ामेनई के चालीसवें की मजलिस बड़े इमामबाड़े में मुनक़्क़िद होगी, जो लखनऊ के तमाम मोमनीन, संस्थाओं, अंजुमन हाय मातमी और उलमा की तरफ से होंगीं।

मौलाना मुशाहिद आलम रिज़वी ने कहा कि यौम-ए-क़ुद्स दरअसल मज़लूमों और कमजोरों का दिन है। आज का दिन ग़ाज़ा के मासूम बच्चों और बहादुर माँओ को श्रद्धांजलि देने का दिन है। उन्होंने कहा कि यह हमला केवल ईरान या आयतुल्लाह ख़ामेनई पर नहीं बल्कि पूरी इंसानियत पर था।

मौलाना फ़ैज़ अब्बास मशहदी ने कहा कि रहबर-ए-इंक़लाब की शहादत के बाद दुनिया दो हिस्सों में बंट गई है–एक हिस्सा ज़ालिमों के साथ और दूसरा मज़लूमों के साथ। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन ने यज़ीद से कहा था, मुझ जैसा तुझ जैसे की बैअत नहीं कर सकता। यही नारा आज रहबर-ए-इंक़लाब आयतुल्लाह ख़ामेनई ने भी बुलंद किया था। ईरान ने साफ़ शब्दों में कहा है कि वह साम्राज्यवादी ताकतों की गुलामी कभी स्वीकार नहीं कर सकता।

डॉ. हैदर मेहदी ने कहा कि शहीद कभी मरते नहीं, बल्कि हमेशा ज़िंदा रहते हैं। दुनिया शहीदों को याद रखती है, अत्याचारियों को नहीं।

प्रदर्शन में मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद नक़वी, मौलाना अली अब्बास ख़ान, मौलाना सईद-उल-हसन नक़वी, मौलाना शाहनवाज़ हैदर, मौलाना नज़र अब्बास ज़ैदी, मौलाना फ़ैज़ अब्बास मशहदी, मौलाना अबुल फ़ज़्ल आबिदी, मौलाना वसी आबिदी, मौलाना मुशाहिद आलम रिज़वी, मौलाना फिरोज़ हुसैन, मौलाना शबाहत हुसैन, मौलाना ज़व्वार हुसैन, डॉ. हैदर मेहदी, मौलाना मंजर अब्बास शफ़ीई, मौलाना तहज़ीब-उल-हसन और मौलाना हसनैन बाक़री उपस्थित रहे।

### मौलाना कल्बे सिब्तैन नूरी का ऐलान, 21 को होगी ईद-उल-फित्र

**लखनऊ।** हर साल की तरह इस साल भी खगोलषास्त्र विज्ञान की गणना के अनुसार ईद-उल-फित्र शनिवार, 21 मार्च को पूरे देश में मनाई जाएगी। ईद का चांद शुक्रवार, 20 मार्च को पूरे देश में देखा जाएगा और ईद-उल-फित्र की नमाज अगले दिन, यानी 21 मार्च को पढ़ी जाएगी। यह ऐलान मौलाना कल्बे सिब्तैन नूरी ने किया है। उन्होंने कहा कि हालांकि, हर साल की तरह इस साल भी एक बार फिर स्पष्ट किया जाता है कि किसी भी तरह के विरोधाभास होने की सूरत में चांद कमेटियों का फैसला ही अन्तिम माना जाएगा। चांद कमेटियों के उलमा से भी गुजारिश है कि यह एआई का जमाना है जिसमें किसी भी शहर या इलाके में चांद दिखने की फोटो या वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल करना आसान है। इसलिए 29वें रमज़ान को बहुत सावधान रहने की जरूरत है। इस साल शिया समुदाय अपने धार्मिक रहबर आयतुल्लाह अली खामेनाई और दूसरे बेगुनाह नागरिकों की शहादत की वजह से ईद बहुत सादगी के साथ मनाएगा और ईद की नमाज और जकात-उल-फित्र की अदायगी के अलावा किसी भी तरह की खुशी से दूर रहेगा।

## भाग्यशाली हैं वे लोग जिन्होंने रमजान में अपने पाप क्षमा करवाए : मौलाना अफजल हैदर

**अवधनामा ब्यूरो**





**लखनऊ।** मस्जिद-ए-अबूतालिब, दुबग्गा, हरदोई रोड में आज जुमातुल विदाकी नमाज मौलाना अफजल हैदर की इमामत में अदा की गई। नमाज-ए-जुमा के खुतबे में उन्होंने कहा कि रमजान का बरकत वाला महीना अपने समापन के करीब है। वे लोग बहुत भाग्यशाली हैं जिन्होंने इस पवित्र महीने में अल्लाह की रहमतों और उसकी कृपा से अपनी झोलियाँ भरीं, और जिन्होंने रो-रोकर दुआएं मांगकर अपने पापों की क्षमा प्राप्त की। रमजान के इस शुक्रवार को आम तौर पर लोग जुमातुल विदा के नाम से याद रखते हैं। रमजान के शुक्रवार की फजीलत वैसी ही है जैसे अन्य महीनों पर रमजान के महीने को श्रेष्ठता प्राप्त है।

मौलाना ने कहा जुमातुल विदा इस बात का अहसास दिलाता है कि अब केवल कुछ ही दिन शेष हैं, और वह पवित्र महीना समाप्त होने वाला है जिसमें प्रतिदिन ईश्वरीय दरबार से गुनाहों की मगफिरत दुआ की जाती है। उन्होंने जोर दिया कि इस महीने के सम्मान में जो भी कमी या कोताही रह गई हो, उसके लिए सच्चे दिल से अल्लाह के दरबार में माफी मांगी जाए। जो दिन बाकी रह गए हैं, उनकी कद्र की जाए और अपने गुनाहों को बख्शवाकर रहमत की बहारें हासिल की जाएं।

मौलाना ने अंत में दुआ कराते हुए कहा कि ऐ अल्लाह! मुहम्मद (स.अ.व) और उनकी आल (अ.स.) के सदके में, जहाँ-कहीं भी अत्याचारी शासक हों उन्हें नेस्तनाबूद कर दे, सत्य की राह पर चलने वालों को सफलता प्रदान कर और मोमिनों की रक्षा फरमा।